राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

03 सीटों के बंटवारे में महागठबंधन की लाचार...

हंसते हंसते मंजूर कर लूंगी... 12

वर्ष : 11 | अंक : 315 | पटना, शनिवार, 30 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 29°C
न्यूनतम तापमान 20°C

बाजार

सोना 69,040

चांदी 78,900

सेंसेक्स 73,635

निफ्टी 22,326

संक्षिप्त खबरें

पीएम मोदी ने कश्मीर सड़क हादसे पर जताया शोक

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के रामबन में भीषण सड़क हादसे में बिहार के 9 लोगों की मौत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने पीड़ित परिजनों के प्रति अपने संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें आर्थिक सहायता देने का एलान किया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से पीएमओ ने एक्स पर लिखा कि, जम्मू-कश्मीर के रामबन में हुए हादसे पर प्रधानमंत्री ने दुख जताया है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये दिए जाएंगे जबकि घायलों को पचास हजार रुपये दिये जायेंगे।

मध्य प्रदेश की तीन सीटों पर कांग्रेस में उलझन बरकरार

भोपाल। मध्य प्रदेश में एक तरफ लोकसभा के चुनाव का प्रचार जोर पकड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस अब भी तीन संसदीय क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों के नाम तय नहीं कर पाई है। पार्टी अब भी उलझन में है कि यहां किसे मैदान में उतारा जाए। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं इनमें से कांग्रेस को 28 सीटों पर उम्मीदवार तय करने हैं और एक सीट आपसी समझौते के चलते समाजवादी पार्टी के खाते में गई है। कांग्रेस अब तक 25 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है, मगर तीन संसदीय सीटें मुरैना, ग्वालियर और खंडवा ऐसी हैं जहां अंतिम तौर पर फैसला नहीं हो पाया है।कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि जो तीन सीटें बची हैं, वहां नेताओं में आपसी सहमति नहीं बन पा रही है और जातीय समीकरण के चलते बेहतर उम्मीदवार भी पार्टी के लिए खोजना आसान नहीं है। इसी वजह से उम्मीदवारों के चयन में देरी हो रही है, फिर भी संभावना है कि जल्द ही नाम तय हो जाएंगे। एक तरफ जहां कांग्रेस के तीन सीटों पर उम्मीदवार तय नहीं हो पाए हैं, वहीं समाजवादी पार्टी खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए उम्मीदवार का नाम तय नहीं कर पाई है। पार्टी कार्यकर्ताओं में इस बात की चिंता है कि उम्मीदवार घोषित किए जाने में हो रही देरी का असर चुनाव प्रचार पर पड़ेगा।

चुनाव में सेलिब्रिटी की चांदी, भाजपा ने राम से लेकर फिल्म स्टारों को दिया टिकट

टीएमसी ने बिहारी बाबू को दिया मौका

प्रातः किरण

नई दिल्ली /एजेंसी । फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का राजनीतिक पार्टियों से जुड़ने और चुनावी मैदान में उतरने की शुरूआत दशकों पहले ही हो गई थी और पिछले कुछ चुनावों से यह ट्रेंड बढ़ता ही दिखा है। बीजेपी ने लोकसभा चुनाव 2024 में कई फिल्म कलाकारों को मैदान में उतारा है। तृणमूल कांग्रेस ने भी फिल्म स्टारों को टिकट दिया है, वहीं कांग्रेस से भी संभावना है कि कुछ सेलिब्रिटी मैदान में हो। जाने-माने राजनीतिक विश्लेषक जयंत घोषाल बताते हैं कि राजनीति के मैदान में जो फिल्म से आते हैं, वे लोग सेलिब्रिटी होते हैं। सेलिब्रिटी होने के कारण उनका टीआरपी काफी हाई होती है और ये लोग पहले से ही पॉपुलर होते हैं। फिल्मी हस्तियों पर दांव खेलने का एक सबसे बड़ा कारण है कि ज्यादातर फिल्म स्टारों की छवि जनता में खराब नहीं है, जिससे उनकी स्वीकार्यता जनता में ज्यादा है। बीजेपी ने इस बार भी जानी-मानी अभिनेत्री हेमा मालिनी को फिर से मथुरा से टिकट दी है। वहीं दूरदर्शन के रामायण सीरियल में घर-घर में पहचान बनाने वाले और भगवान श्रीराम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को मेरठ से टिकट दिया है। बॉलिवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में सिंगर और अभिनेता के रूप में नाम कमा चुके मनोज तिवारी को बीजेपी ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली से उम्मीदवार बनाया है, वह यहां से मौजूदा सांसद भी हैं। वहीं बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों में काम कर चुके रवि किशन को गोरखपुर सीट से फिर से टिकट दिया गया है, वह गोरखपुर से ही मौजूदा सांसद हैं। सांसद और भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को आजमगढ़ से उम्मीदवार बनाया गया है। दिनेश लाल 2022 में इस सीट पर उपचुनाव जीते थे। बीजेपी ने बंगाल की हुगली सीट से मौजूदा सांसद लॉकेट चटर्जी को फिर उम्मीदवार बनाया है, वह पूर्व में बंगाली फिल्मों में काम कर चुकी हैं। बीजेपी ने मशहूर गायक और दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम करने वाले सुरेश गोपी को केरल के त्रिशूर से टिकट दिया है। तृणमूल कांग्रेस ने शत्रुघ्न सिन्हा को आसनसोल सीट से टिकट दिया है। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने करियर की शुरूआत साल 1992 में दिल्ली उपचुनाव से की थी, हालांकि उस समय उन्हें राजेश खन्ना के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। यहां से हारने के बाद शत्रुघ्न सिन्हा ने बिहार से लोकसभा चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की, इसके बाद शत्रुघ्न सिन्हा कई बार सांसद रह चुके हैं। टीएमसी ने अभिनेता से नेता बनीं और हुगली लोकसभा क्षेत्र से रचना बनर्जी को मैदान में उतारा है। बंगाली फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री रचना बनर्जी बीजेपी की सांसद लॉकेट चटर्जी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। अभिनेत्री रचना की ओर से होस्ट किए जा रहे शो दीदी नंबर-1 बहुत लोकप्रिय रहा है। रचना बनर्जी तमिल, तेलुगु, बंगाली और उड़िया फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। ममता बनर्जी ने मिमी चक्रवर्ती और नुसरत जहां जैसे मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं दिया है।

महागठबंधन ने बिहार के लिए सीट बंटवारे का किया एलान

राजद 26 व कांग्रेस नौ सीटों पर लड़ेगी चुनाव

- वाम दल के खाते में पांच सीट
- भाकपा माले तीन, भाकपा और माकपा एक-एक सीट पर लड़ेगी चुनाव
- पूर्णिया राजद और भागलपुर सीट कांग्रेस के पाले में

प्रातः किरण

पटना। महागठबंधन के सीटों बंटवारे का एलान हो चुका है। शुक्रवार को राजद कार्यालय में महागठबंधन के नेताओं ने सीटों के बंटवारे की घोषणा की। राजद को 26, कांग्रेस को 9 और वामदल को पांच सीटें मिली हैं। पूर्णिया सीट पर राजद के पाले में गई। वहीं, महराजगंज और भागलपुर सीट कांग्रेस के पाले जा चुकी है। राज्य की 40 लोकसभा सीटों में से राजद 26 और कांग्रेस नौ सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाकपा माले तीन, भाकपा और माकपा एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

घोषणा के अनुसार, कांग्रेस को पूर्णिया लोकसभा छोड़ने के लिए मजबूर किया गया जहां से राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन के पति पप्पू यादव को चुनाव लड़ने की उम्मीद थी। पप्पू यादव ने दावा किया है कि उन्हें राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी ने कांग्रेस से टिकट मिलने का आश्वासन दिया था।

राजद इस सीट पर चुनाव लड़ेगी जिसने हाल ही में जनता दल(यूनाइटेड) से उसके खेमे में शामिल हुई बीमा भारती को टिकट दे दिया है लेकिन इसकी औपचारिक घोषणा नहीं की थी।

महागठबंधन ने सीटों के बंटवारे की घोषणा तब की है जब एक दिन पहले लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा समाप्त हो गयी है। राजद ने उन सभी चार सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं जहां पहले चरण में मतदान होना है। इस पर उसके सहयोगी दलों ने नाराजगी जताते हुए इसे "एकतरफा कदम" बताया था। यहां महागठबंधन के संवाददाता सम्मेलन को राजद नेता तेजस्वी यादव को संबोधित करना था लेकिन वह अनुपस्थित रहे। राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन सीटों पर जल्द ही उम्मीदवारों के नाम घोषित किए जाएंगे जहां अभी तक नामों की घोषणा नहीं की गयी है। गौरतलब है कि भाकपा और माकपा भी क्रमशः बेगूसराय और खगड़िया से पहले ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और अन्य सहयोगी दलों के नेताओं की मौजूदगी में झा ने कहा कि हमने सर्वसम्मति से एक फैसला लिया है और हम जीत दर्ज करेंगे।

राजद के हिस्से की सीटें :

औरंगाबाद, मधेपुरा, गया, जमुई, नवादा, सारण, पाटलिपुत्र, बक्सर, उजियारपुर, जहानाबाद, दरभंगा, बांका, अररिया, मुंगेर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, मधुबनी, सिवान, हाजीपुर, वाल्मिकीनगर, पूर्वी चंपारण, सुपौल, शिवहर व वैशाली, गोपालगंज व पूर्णिया की सीट राजद के खाते में गई है।

कांग्रेस व वाम दलों के खाते की सीटें :

कांग्रेस को किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पश्चिमी चंपारण, पटना साहिब, सासाराम के साथ ही महाराजगंज की सीट दी गई है। भाकपा माले आरा, काराकाट और नालंदा में चुनाव लड़ेंगे, जबकि सीपीआई बेगूसराय और सीपीएम खगड़िया सीट पर चुनाव लड़ेगी। विधानसभा उपचुनाव के लिए भाकपा माले को अगिआंव सीट भी मिली है।

दिल्ली में हुई थी महागठबंधन की बैठक: दिल्ली में हाल ही में हुई बैठक में महागठबंधन के सभी दलों के प्रमुख नेता मौजूद थे। जिसमें सीट बंटवारा सबसे अहम मुद्दा रहा. बता दें कि कांग्रेस ने 2019 में भी 9 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इनमें से पार्टी को सिर्फ एक सीट पर जीत हासिल हुई थी। वहीं आरजेडी एक भी सीट हासिल नहीं कर सकी थी।वहीं एनडीए ने 40 में से 39 सीटें जीती थीं, जिनमें से बीजेपी ने 17 सीटों , नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड सिर्फ एक सीट पीछे रही और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी सभी छह सीटों पर चुनाव जीती थी।

सड़क हादसा: कश्मीर में बिहार के 9 लोगों की मौत, मचा कोहराम

- 300 फुट नीचे खाई में गिरी गाड़ी
- बगहा से कश्मीर जा रहे थे मजदूर

प्रातः किरण

बेतिया। जम्मू-कश्मीर में हुए एक भीषण सड़क हादसे में बिहार के कई लोगों की मौत हो गयी है। मिली सूचना के अनुसार इस भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। सभी बिहार के रहने वाले बताये जा रहे हैं। सभी नौकरी करने कश्मीर गए थे। मीडिया रिपोर्टस की माने तो मरनेवाले सभी लोग बिहार के बगहा जिले के रहने वाले थे। रोजी-रोजगार के सिलसिले में कश्मीर में रहते थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सभी एक गाड़ी पर सवार होकर कहीं जा रहे थे, इसी दौरान रामबन इलाके में उनकी बोलेरो 300 फीट गहरी खाई में गिर गई. इस हादसे में बोलेरो सवार बिहार के 9 लोगों की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और अन्य एजेंसियां राहत और बचाव कार्य में जुट गई हैं। फिलहाल पुलिस हादसे में मौत के शिकार हुए लोगों की शिनाख्त कर ली गयी है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार मृतकों में चार पिपरासी प्रखंड के हैं। एक भैरोंगंज थाना,एक सिरसिया नौरंगिया थाना एवं एक व्यक्ति कैलाश नगर का निवासी है। पिपरासी प्रखंड के सेमरा लबेदाहा पंचायत की मुखिया मनोरमा देवी ने बताया कि सेमरा लबेदहा के भैसाहिया गांव से दो लोगों के मौत की सूचना मिल रही है। मजदूरों की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। हालांकि रेस्क्यू के बाद अभी तक शवों की पहचान नहीं हो पाई है। परिजन कश्मीर में रह रहे अन्य मजदूरों से संपर्क कर रहे हैं। लेकिन उनसे भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। मृतकों में पिपरासी प्रखंड अंतर्गत सेमरा लबेदाहा पंचायत के भैसहिया गांव निवासी इंद्रजीत बीन, अवधेश बिन शामिल हैं। इन्हीं के अगुवाई में भैरोगंज के इनार बरवा निवासी विपिन मुखिया समेत बहेरी स्थान पिपरासी के राजू बीन व हरी बीन,नौरंगिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरिसिया के रामबेलास बीन,बेलौरा के राजन मुखिया,कैलाशनगर के राजकुमार बीन इत्यादि मजदूरी के लिए कश्मीर जा रहे थे।एक मजदूर यूपी के सोहसा सिसवा थाना का संदीप बिन बताया जा रहा है। इस बाबत जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया की उन्हें भी सूचना मिली है। अग्रेतर जानकारी ली जा रही है।

हादसे पर सीएम नीतीश ने जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे में बगहा के रहने वाले मजदूरों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मैं इस घटना से काफी मर्माहत हूं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

माफिया मुख्तार की मौत के बाद पूरे यूपी में धारा 144 लागू

प्रातः किरण

लखनऊ /एजेंसी । माफिया से नेता बने मुख्तार अंसारी को गुरुवार देर रात को तबीयत बिगड़ने के बाद जिला जेल से रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई।बांदा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सुनील कौशल ने बताया, मेडिकल कॉलेज में दिल का दौरा पड़ने से अंसारी की मौत हो गई। समाजवादी पार्टी ने अंसारी के निधन को दुखद बताया है। मेडिकल कॉलेज की ओर से जारी मेडिकल बुलेटिन में कहा गया है, गुरुवार को रात लगभग 8:25 बजे जेल कर्मी बेहोशी की हालत में दोषी/विचाराधीन कैदी मुख्तार अंसारी को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा के आकस्मिक विभाग में लाए। नौ चिकित्सकों की टीम ने मरीज को तत्काल चिकित्सा प्रदान की। परंतु काफी प्रयासों के बावजूद दिल का दौरा पड़ने से मरीज की मौत हो गई। माफिया मुख्तार की मौत के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने पूरे प्रदेश में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। बांदा, मऊ, गाजीपुर और वाराणसी जैसे जिलों में पुलिस की टीम गश्त लगा रही हैं।

सीएम केजरीवाल का फोन लेकर क्या देखना चाहती है ईडी: आतिशी

प्रातः किरण

नई दिल्ली /एजेंसी । आप नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि राउज एवेन्यू कोर्ट में सीएम केजरीवाल की रिमांड पर बहस चल रही थी, तब ईडी के वकील ने अंजाने में ईडी के असली मोटिव को कोर्ट के सामने रख दिया। वकील ने कहा कि केजरीवाल को अभी कुछ दिन और रिमांड पर रखने की जरूरत है, क्योंकि केजरीवाल ने अपने फोन का पासवर्ड हमें नहीं बताया है। आतिशी ने कहा कि यह वहीं ईडी है जो यह कह चुकी है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल का आबकारी नीति बनाए जाने के समय का फोन हमें नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि अब सवाल उठता है, जो फोन कुछ माह पुराना है, उस फोन को ईडी क्यों देखना चाहती है। मतलब साफ है कि कि ईडी उस फोन में क्या देखना चाहती है।उन्होंने कहा कि मैं बताना चाहती हूं कि ईडी के माध्यम से भाजपा उस रणनीति को देखना चाहती है कि चुनाव को लेकर केजरीवाल की क्या रणनीति है। वह देखना चाहती है कि केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव को लेकर क्या रणनीति तैयार की है। किस तरह एक-एक सीट का सर्वे कराया है। विपक्षी गठबंधन के साथ मिलकर उन्होंने चुनाव को लेकर क्या तैयारी की है।

पूर्वी चंपारण में हैवान पति ने पत्नी व 3 बेटियो की गला काटकर की हत्या

प्रातः किरण

पूर्वी चंपारण (बिहार) /एजेंसी । बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में हृदय विदारक घटना सामने आई है। जहां एक वहशी पति ने पत्नी समेत 3 बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी। घटना पहाड़पुर थाना क्षेत्र के बावरिया गांव की है। बताया जा रहा है कि बीती रात उसने सोते वक्त पत्नी और 3 बच्चों की गला काटकर हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपित इदु मियां घर छोड़ फरार है। मृतकों में इद्दु की पत्नी अफरीना खातून (40), अबरुन खातून(13), तबरुन खातून(11) व शहजादी खातून(9) शामिल हैं। चारो की बेरहमी से गला काट हत्या की गई है। घटना के कारणो का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। मृतका आरोपित की दूसरी पत्नी थी।पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। पहली पत्नी से दो पुत्र हैं जो बाहर काम करते हैं।जबकि दूसरी पत्नी मृतका अफरीना से पांच बच्चियां थी। इनमें एक की शादी हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार इद्दु साइको है। पांच बच्चियो में एक को पूर्व में यूपी में चलती ट्रेन से फेंक कर मार डाला था। इस मामले में वह जेल भी जा चुका है। कुछ माह पूर्व ही वह जेल से छुटने के बाद घर आया था।

बीजेपी कर आतंकवाद में लगी, कांग्रेस को आर्थिक रूप से कमजोर करने की कोशिश: जयराम रमेश

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने बीजेपी पर मुख्य विपक्षी पार्टी को खत्म करने के प्रयास करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने एक के बाद एक पार्टी को मिल रहे आयकर विभाग के नोटिसों को लेकर कहा है कि टैक्स टेररिज्म यानी कर आतंकवाद का सहारा लिया जा रहा है। पिछले वर्षों के कर रिटर्न में विसंगतियों पर कांग्रेस को आयकर विभाग से 1700 करोड़ रुपये का नया नोटिस मिलने के बाद कांग्रेस ने बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, बीजेपी कर आतंकवाद में लगी हुई है और कांग्रेस को आर्थिक रूप से कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने बीजेपी पर कर कानूनों का गंभीर उल्लंघन करने का आरोप लगाया। माकन ने आरोप लगाया, आयकर के जिन नियमों की आड़ में कांग्रेस को परेशान किया जा रहा है, उन्हीं नियमों को लेकर बीजेपी को छूट मिल रही है। कांग्रेस का 14 लाख रुपए का वायलेशन बताकर बीजेपी के आयकर विभाग ने कांग्रेस के 135 करोड़ रुपए ले लिए। लेकिन... बीजेपी को 42 करोड़ रुपए का चंदा देने वालों का न कोई नाम है, न कोई पता है, उसपर कोई एक्शन नहीं लिया। कांग्रेस नेता ने कहा, आयकर विभाग ने बीजेपी के 42 करोड़ रुपए के उल्लंघन पर आँख पर पट्टी बांध ली, लेकिन कांग्रेस के 14 लाख रुपए, जो कि हमारे 23 नेताओं ने पार्टी को दिए हैं, जिनके नाम और पते भी हैं, उसके आधार पर हमारे 135 करोड़ रुपए छीनकर ले गए। कांग्रेस ने कहा कि आयकर विभाग और चुनाव आयोग बीजेपी की कमी पर आंख बंद कर बैठे हुए हैं, उन्हें सिर्फ कांग्रेस में कमी नजर आती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि बीजेपी के आईटी विभाग ने 5 साल का नोटिस भेजकर कांग्रेस से 1,823 करोड़ रुपए की मांग की है।

आगाह पीएम ने अकुशल और अप्रशिक्षित हाथों में कृत्रिम मेधा जैसी शक्तिशाली प्रौद्योगिकी के जाने और इसके दुरुपयोग के खतरे के प्रति किया आगाह

पीएम मोदी ने एआई के गलत हाथों में जाने के खतरों के प्रति किया आगाह

प्रातः किरण

नई दिल्ली /एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अकुशल और अप्रशिक्षित हाथों में कृत्रिम मेधा (एआई) जैसी शक्तिशाली प्रौद्योगिकी के जाने और इसके दुरुपयोग के खतरे के प्रति आगाह किया और समाज में गलत सूचना और 'डीपफेक' से संबंधित नुकसान पर अंकुश लगाने के लिए एआई-जनित सामग्री के लिए 'क्या करें और क्या न करें' को लेकर एक स्पष्ट प्रावधान की वकालत की। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक और अरबपति समाजसेवी बिल गेट्स के साथ एक संवाद में मोदी ने इस पर विस्तार से बात की कि कैसे भारत ने अपने नागरिकों के हित में प्रौद्योगिकी का लोकतांत्रिकरण किया है, जीवन में सुधार के लिए डिजिटल की शक्ति को अपनाया है। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि देश चौथी औद्योगिक क्रांति में उल्लेखनीय प्रगति करेगा, जिसके मूल में डिजिटल है। एआई से लेकर डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर तक कई विषयों पर चर्चा के दौरान, मोदी ने कहा कि डीपफेक के मामले में यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि एक विशेष डीपफेक सामग्री एआई-जनित है। इसके साथ ही इसके स्रोत के बारे में उचित जानकारी होनी चाहिए। एक समाज में एआई के नुकसान और डीपफेक के खतरों का हवाला देते हुए उन्होंने उदाहरण के तौर पर बताया कि उनकी आवाज का भी दुरुपयोग हो सकता है और इसके जरिए लोगों को धोखा दिया जा सकता, उन्हें गुमराह किया जा सकता है, जिससे व्यापक हंगामा हो सकता है। उन्होंने कहा, "इसकी पहचान करना महत्वपूर्ण है कि डीपफेक सामग्री एआई-जनित है और साथ ही इसके स्रोत का भी। शुरूआती दिनों में ये उपाय महत्वपूर्ण हैं। हमें, 'क्या करें और क्या न करें' तय करने की आवश्यकता है ङ्घ हमें इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा।" प्रधानमंत्री ने एआई जैसी शक्तिशाली प्रौद्योगिकी को अकुशल और अप्रशिक्षित हाथों में जाने पर इसके दुरुपयोग के खतरों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, "मेरा सुझाव है कि हमें गलत सूचना को रोकने के लिए एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट प्रावधान करने होंगे।" कृत्रिम मेधा (एआई) के मुद्दे पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसे कोई जादुई उपकरण या कुछ काम करने के लिए लोगों के आलस्य के विकल्प के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। मोदी ने बताया कि कैसे उन्होंने जी20 शिखर सम्मेलन में एआई का इस्तेमाल दुभाषिए के रूप में किया और विभिन्न भाषाओं में अपने संबोधन को विभिन्न कार्यक्रमों में प्रसारित किया। उन्होंने कहा कि चैट-जीपीटी जैसी तकनीक का उपयोग लगातार खुद को बेहतर बनाने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने एआई के इस्तेमाल को रेखांकित करते हुए गेट्स से नमो ऐप के जरिए सेल्फी लेने को कहा और फिर दिखाया कि चेहरा पहचानने वाली प्रौद्योगिकी के जरिए इसका पता कैसे लगाया जा सकता है। एआई के बारे में मजाकिया अंदाज में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में माताओं को 'आई' (एआई से मिलता-जुलता एक शब्द) कहा जाता है और यहां बच्चे इतने उन्नत हो गए हैं कि वे जीवन में बहुत पहले ही हाई-टेक शब्द का उपयोग करना शुरू कर देते हैं।

संक्षिप्त खबरें

बंद घर का ताला काट कर चोरो ने की चोरी

दानापुर।नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिजयनगर लेन नंबर 6 में एक बंद घर का ताला काट कर चोरो ने 30 हजार नगद समेत करीब लाख रुपए के जेवरात व कीमती सामान ले भागे।इस संबंध में पीडित बब्लू कुमार ने लिखित शिकायत की है।पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी है।बताया जाता है कि विजय कुमार रूपसपुर थाना क्षेत्र के विजयनगर में किराये पर परिवार के साथ रहता है।होली पर वो अपने घर गया था।जब वापस लौटा तो घर के दरवाजा का ताला टूटा मिला।कमरे में सारा सामान बिखड़ा था।घर में रखा गया 30 हजार नगद करीब लाख रुपए के जेवरात व अन्य सामान गायब थे।सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी है।इस संबंध में बब्लू ने लिखित शिकायत किया है।

पर्व को ले पूजा समिति की बैठक में दिया गया निर्देश

पटना सिटी (प्राकि)। सुल्तानगंज थाना परिसर में पूजा समिति के सदस्यों की बैठक शुक्रवार को हुई। इसमें चैत्र नवरात्र, छठ, रामनवमी को लेकर थानाध्यक्ष अजय कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में थानाध्यक्ष ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू है। इसका अनुपालन हर किसी को करना होगा। इसमें सहयोग करें।साथ ही मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि निकलने वाली शोभायात्रा में डीजे नहीं बजेगा। लाइसेंस लेना जरूरी होगा। गंगा घाटों पर भी छठ को लेकर सफाई के साथ अन्य कार्य कराया जाएगा। पुलिस बल में मजिस्ट्रेट की भी तैनाती रहेगी।

कल बंद रहेगा फल मंडी, होगा मजलिस व दुआ-ए-खैर

पटना सिटी (प्राकि)।पटना फ्रूट मर्चेंट एसोसिएशन के जानिब से निर्णय लिया गया है कि एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी मोईन आलम का इंतकाल हो चुका है।इस संबंध में 31 मार्च (रविवार) को फल मंडी पूर्ण रूप से बंद रहेगी। उसी दिन पूर्वाहन 10 बजे इसाल-व-सवाब की मजलिस का आयोजन किया गया है। इस दौरान दुआ-ए-खैर किया जाएगा। एसोसिएशन के महासचिव भुट्टो खान ने बताया कि एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारी, सदस्यों और फल कारोबार से जुड़े लोगों से अनुरोध है कि ससमय दुकान नंबर 65 में रविवार को पूर्वाह्न 10 बजे शिरकत होने का सुनिश्चित करें।दूसरी और पटना फ्रूट वेजिटेबल एसोसिएशन के अध्यक्ष शशिकांत प्रसाद उर्फ पप्पू के द्वारा शुक्रवार को घोषित फल मंडी को बंद रखने और शोकसभा करने की घोषणा की गई थी।

युवक ने सेतु से गंगा में लगाया छलांग, बचाया गया

पटना सिटी (प्राकि)। महात्मा गांधी सेतु से एक युवक ने शुक्रवार को गंगा नदी में छलांग लगा दिया। उसकी नीयत हत्या करने की थी।जैसे ही उसे छलांग लगाते पुलिस ने देखा, तत्काल गायघाट पर मौजूद एसडीआरएफ की टीम को सूचित किया गया। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम के संयुक्त प्रयास से गंगा नदी में डूब रहे युवक को बचाने के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बाद में उसकी पहचान पटना के महेंद्रनगर, पोस्ट बराह, थाना रानी तालाब के रहने वाले जयप्रकाश कुमार पिता विजय वर्मा के रूप में हुई।परिजनों को सूचित किए जाने के बाद वे सब आए, तब आलमगंज थाना की पुलिस ने लिखित में लेने के बाद उसे सौंप दिया गया। युवक आत्मघाती कदम उठाए जाने के बारे में कुछ नहीं बता पा रहा था।

कट्टा व गोली के साथ गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)।अगमकुआं थाना की पुलिस ने जयपुर धनुकी से एक युवक को हथियार लहराते हुए गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी।इसी के आधार पर हथियार लहराने वाला राजकुमार उर्फ बिलरा को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त अपराध की नीयत से कट्टा लेकर गांव में घूम रहा था।उसके पास से लोडेड देसी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देसी कट्टा व दो गोली बरामद किया है।

पटना-सिकंदराबाद स्पेशल में लगेंगे वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के एक अतिरिक्त कोच

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है साथ ही ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाए जा रहे हैं । इसी क्रम में पटना से सिकंदराबाद जाने वाले यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा हेतु 01अप्रैल को 03253 पटना-सिकंदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा।

नालंदा मेडिकल कॉलेज का स्थापना दिवस दो को, आचार संहिता का असर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज का 55वां स्थापना दिवस समारोह दो अप्रैल को मनाया जाएगा। इसे लेकर तैयारी को पूरा करने और समारोह की भव्यता प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास जारी है। हालांकि कोरोना के बाद इस साल लोकसभा के चुनाव का बिगुल बज जाने और आचार संहिता लागू होने के कारण मुख्यमंत्री या अन्य मंत्रीगण भाग नहीं ले सकेंगे। यह जानकारी आयोजन समिति के संरक्षक सह प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉप्रो राजीव रंजन सिंह और सेक्रेटरी डॉप्रो राजीव रंजन दास ने दी। बताया गया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार यूनिवर्सिटी आफ हेल्थ साइंस पटना के वाइस चांसलर डॉप्रो एसएन सिंह करेंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम दो अप्रैल को सुबह नौ से 10 तक डॉ सीएन सिंह मेमोरियल भाषण और पूर्वाह्न 10 से 11 डॉ मधुसूदन दास मेमोरियल भाषण होगा। इसके बाद स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन समारोह कॉलेज के ऑडिटोरियम में पूर्वाह्न 11 के करीब होगा। इसी दिन शाम 6.30 में कल्चरल नाइट का आयोजन भी कालेज के आडिटोरियम में होगा।

बैचवार टापर की सूची जारीः नालंदा

टॉपर गोल्ड मेडलिस्ट का नाम किया गया जारी

मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी ने बताया कि हर साल स्थापना दिवस के अवसर पर बैच वाइज और सब्जेक्ट वाइज टॉपर्स का चयन किया जाता है और इसमें उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाता है।

इस बार 2018 बैच के पार्ट 2 के मेडिसिन से सत्यम कुमार सिंह 200, सर्जरी से आयुषी सिंह 218, आब्स एंड गाइनी से आदित्य शेखर 132, पीडिया से प्रीति कुमारी 73 और ओवर ऑल टॉपर आयुषी सिंह 609 रहीं। 2019 बैच के पार्ट वन से कम्युनिटी मेडिसिन में प्रशांत कुमार 205, आई में शालिनी कुमारी 148, ईएनटी में हिमांशु वत्स 137, एफएमटी में श्रेया कुमारी और प्रशांत कुमार 141 एवं ओवर ऑल टॉपर प्रशांत कुमार 614 रहे। इसी तरह वर्ष 2020 सेकंड एमबीबीएस में पैथोलॉजी में प्रज्ञा प्रियदर्शनी 197, माइक्रोबायोलॉजी में सुमित चौधरी 198, फामाकीलॉजी से शेखर कुमार व मनीषा कुमारी केसरी 215, ओवरऑल टॉपर अभिनव प्रकाश 590 रहे इसी तरह बैच 2021 से एनाटॉमी में निष्ठा चौधरी 209, फिजियोलॉजी में अवनी जमुआर 209, बायोकेमेस्ट्री से निष्ठा चौधरी 201, ओवरऑल टॉपर निष्ठा चौधरी 601 रही। बैच 2022 से एनाटॉमी में अंजली कुमारी 221, फिजियोलॉजी से ओमकार अमृत 212, बायोकेमेस्ट्री से रिया 210, ओवर ऑल टॉपर आर्ची 627 रहीं। वर्ष 2018 पार्ट वन में कम्युनिटी मेडिसिन से आयुषी सिंह 143, आई से आकांक्षा राज 72, ईएनटी से प्रीति कुमारी 73, ओवरऑल टॉपर आदित्य शेखर एवं श्रेया सौम्या 277 रहीं।

विषयवार अधिक अंक लाएः प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी ने बताया कि बैच वाइज और विषय वार टॉपर्स में उच्चतम अंक लाने वाले को भी गोल्ड मेडल से नवाजा जाएगा। इसमें पीएसएम (2019-22) से डॉ रफत परवीन 493, फामाकीलॉजी से डॉ संतोष कुमार 481, फिजियोलॉजी से डॉ सविता 498, बायोकेमेस्ट्री 2019-22 से डॉ नेहा चौबे 512, ईएनटी से डॉ कार्थिक राजा 533, जनरल मेडिसिन से डॉ रामचंद्र कुमार 513, आब्स एंड गाइनी से डॉ अंशु सिंह 515, पीडिया से डॉ चंदन कुमार अभिषेक 526, स्कीन एवं वीडी से डॉ असना हसन 477, जनरल सर्जरी से डॉ कृतिका झा 528, आर्थो से डॉ श्वेतांक शिवम 529, एनेस्थीसिया से डॉ संतोष प्रिया 512 और ओवर ऑल टॉपर इन पीजी डॉ आर कार्थिक राजा 533 रहे। इसी तरह सत्र 2020-23 के लिए एमडी एनाटॉमी से डॉ ज्योत्सना शरण 509, माइक्रोबायोलॉजी से डॉ दीप्ति लाल 414, फामोकीलॉजी से डॉ कुमार गौरव 499, पैथोलॉजी से डॉ लथा सी नायक 521, फिजियोलॉजी से डॉ दीपक कुमार दिनकर 431, बायोकेमेस्ट्री से डॉ सत्यम 558, ईएनटी से डॉ राजीव चंद्रा 501, जनरल मेडिसिन से डॉ अंकित अभिषेक 506, ऑब्स एंड गाइनी से डॉ सृष्टि शिखा, पीडिया से डॉ शमा अफरोज 555, स्किन एंड वीडी से डॉ अपूर्वा सिंह 503, जनरल सर्जरी से डॉ उत्पल कांत 534, आर्थो से डॉ अभिमन्यु कुमार 513, एनेस्थेसियाया से डॉ स्मृति कुमारी 498, आई से डॉ फरहत परवीन 526 और ओवरऑल टॉपर इन पीजी डॉ सत्यम 558 रहे।

राम कृपाल यादव ने मोदी संग बिहार वीडियो गाने का किया लॉन्चिंग

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। पीएम नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को लकड़ी के चूल्हे से आजादी दिलाने का काम किया है।करीब 74 लाख से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत सीधे बैंक खाते में भेजे जा रहे हैं।उसी तरह 9 करोड़ गरीबों को गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन की सुविधा मिल रही है। उक्त बातें शुक्रवार को बिजय सिंह यादव पथ में एनडीए कार्यालय में सांसद राम कृपाल यादव ने मोदी संग बिहार वीडियो गाना के लॉन्चिंग के दौरान कही। कहा कि राजद के घूसखोरी तंत्र में घोटालों के सिवाय बिहार में कुछ नहीं था।आज वही बिहार है,जिसे पीएम मोदी ने खुले मैदान में लोगों की हुंकार के बीच सवा लाख करोड़ तक का पैकेज दिये।यह बताता है कि विकास अब बिहार की प्राथमिकता है।बिहार में डबल इंजन की सरकार ने पहले दिन से मोदी जी के हर योजना को अंत्योदय तक लेकर जाने के लिए मजबूत कदम उठाए हैं। 1 महीने में 1 करोड़ आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के कार्ड तैयार होने से बिहार के गरीबों का भला होगा।सांसद ने कहा कि बिहार को पहले सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार,गुंडाराज, अराजकता के लिए जाना जाता था। लेकिन बिहार में जब से कमल खिला है और मोदी जी का साथ मिला है, तब से बिहार दुगनी रफ्तार से तरक्की कर रही है।मौके पर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार,रणधीर यादव, अजीत सिंह,रंजीत कुमार,राजेश सिंह,गुड्डू सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता थे।

गंगा नदी में नहाने के दौरान युवती की डूबने से हुई मौत

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत नासरीगंज के फक्करमहतो घाट पर शादी का कार्ड चढाने गयी युवती गंगा में डूब गयी।19 अप्रेल को जिसकी शादी होने वाली थी। एसडीआरएफ टीम गोताखोर के साथ शव खोजने में जुटी। घंटो प्रयास के बाद भी शव बरामद नही हो सकी। युवती की डूबने से घर मे शादी का माहौल मातम में बदल गया। घर में चीख पुकार मच गया। शव की तलाश में प्रशासन लगी है। प्राप्त सूचना के अनुसार अकिलपुर थाना क्षेत्र के पुरानीपानापुर के मुल निवासी रवि रंजन राय दानापुर थाना क्षेत्र के बिस्कूट फैक्ट्री रोड आर्दश कालोनी में परिवार के साथ रहते है। घर में उनकी पुत्री प्रतिमा उर्फ मुस्कान 20 वर्षीय की शादी की तैयारी चल रहा थी प्रतिमा अपनी दादी तेतरी देवी एव बहन कोमल के साथ परंपरानुसार शादी का कार्ड चढाने नासरीगंज के फक्कर महतो घाट पर गयी थी। इसी क्रम मे वो गंगा में स्नान करने लगी। स्नान करने के दौरान गंगा नदी में डूब गयी। उसे डूबते देख दादी व बहन चिल्लाने लगी।

जिस पर आस पास के लोग बचाने के लिए दौड़े तब तक प्रतिमा डूब गयी। सूचना पर पहुंची दानापुर पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को खोजबीन में लगवाया। उधर प्रतिमा को डूबने की खबर लगते ही मां अनिता देवी चित्कार करते घाट पर पहुंची। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि गंगा में एक युवती की डूबने की सूचना मिली है। एसडीआरएफ के टीम खोजबीन में लिए लगाया गया है।

द लास्ट गर्ल के प्रमोशन में निदेशक प्रभात ठाकुर ने बिहार के कलाकारों को ऊजार्वान बताया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार कलाकारों की जननी है : राजकुमार नाहर

सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था स्वरांजलि के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में सिने जगत से आए फिल्म निर्देशक प्रभात ठाकुर ने कहा कि बिहार के कलाकार काफी ऊजार्वान हैं। जरूरत है सिर्फ उन्हें उचित स्थान देने की। वे आने वाली नई फिल्म द लास्ट गर्ल, जो 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी, उसका प्रमोशन शुक्रवार को हाजीगंज स्थित अरोड़ा हाउस में किए। श्री ठाकुर ने कहा कि अगली फिल्म की शूटिंग बिहार में करेंगे और कलाकार भी यहीं के होंगे। यह शत-प्रतिशत उनका वादा है। फिल्म के अभिनेता भूपेश सिंह और संगीत निर्देशक विवेक अस्थाना ने कहा कि फिल्म पूरी तरह से पारिवारिक है और आप सभी अपना भरपूर प्यार दें। बतौर मुख्य अतिथि बिहार दूरदर्शन के निदेशक डॉ राजकुमार नाहर ने कहा कि बिहार कलाकारों की जननी है। शुरू से लेकर आज तक कालजयी कलाकारों का परचम फिल्म इंडस्ट्री में लहरा रहा है, चाहे अभिनय का क्षेत्र हो या संगीत का। नई फिल्म में पूरी टीम बिहार की है, जो फख्र की बात है। शिक्षाविद् डॉ ध्रुव कुमार ने कहा यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्हें बाहर जाकर काफी संघर्ष करना पड़ता है। फिर कामयाबी कम मिलती है। इसके लिए आवश्यकता इस बात की है कि राज सरकार अविलंब बिहार में फिल्म सिटी का निर्माण कराए, ताकि यहां के कलाकारों को काम के साथ उचित सम्मान मिल सके। इससे राज्य सरकार को राजस्व भी प्राप्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रांड एंबेसडर पब्लिक इमैच्योर, बिहार झारखंड के अनंत अरोड़ा ने की। इस दौरान रुचि अरोड़ा, रश्मि अरोड़ा, अभिषेक पैट्रिक, मोहम्मद नसीरुद्दीन, प्राचार्य, नारायणी कन्या उच्च विद्यालय), रजी अहमद, सुनीता रानी ने भी फिल्म के बारे में चर्चा की। फिल्म 1984 में हुए सिख दंगों की त्रासदी पर आधारित है। मंच संचालन अनिल रश्मि और धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक पैट्रिक ने किया। इस दौरान नेक आलम, जितेंद्र कुमार पाल आदि भी मौजूद थे।

रोजेदारों ने अदा की जुम्मे की नमाज, हुआ तकरीर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

माह-ए- रमजान के तीसरे जुम्मे की नमाज रोजेदारों ने अकीदत से अदा की। नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में लोगों की भीड़ जुटी थी। आलमगंज, सुल्तानगंज, दादर मंडी, लोदीकटरा, सदर गली, बटाऊ कुआं में स्थित मस्जिद के साथ तारणी प्रसाद लेन स्थित जामा मस्जिद, झाऊगंज स्थित अंबर की मस्जिद, खाजेकलां मस्जिद, मो जान की मस्जिद के साथ अन्य छोटे-बड़े मस्जिदों में भी नमाजियों की भीड़ नमाज अदा करने को पहुंची थी। नमाज के दौरान तकरीर भी किया गया। खानकाहे मुनएमिया, मितन घाट दरगाहशरीफ के सज्जादानशी सैयद शाह शमीमउद्दीन अहमद मुनएमी, दरगाह शाह अरजानी के गद्दीनशी सैयद प्रो शाह हसीन अहमद, खानकाहे मंगल तालाब के गद्दीनशी सैयद शाह मिसबाह उल हक एमादी व खानकाह फैयाजिया, सिमली मालसलामी के सज्जादानशी सैयद शाह फैयाज हुसैन फैयाजी, वारगाहे ए इश्क तकियाशरीफ के गद्दीनशी आमिर शाहिद की देखरेख में नमाज व तकरीर हुई। शिया समुदाय की ओर से बावली इमामबाड़ा स्थित शिया मस्जिद में मौलाना सैयद मुजफ्फर रजा ने नमाज अदा कराई। इस दौरान छोटे बच्चों ने भी रोजा रखा।

गुड फ्राइडे ईसाई समुदाय के लिए त्याग, तपस्या व बलिदान का दिन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रभु यीशु क्रूस पर प्राण त्याग मानव जाति को उनके पाप व बुराइयों से मुक्ति दिलाई

पादरी की हवेली महागिरजाघर में गुड फ्राइडे के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मिस्सा बलिदान रखा गया। गुड फ्राइडे हम सब इसलिए मनाते हैं, क्योंकि प्रभु यीशु मसीह ने क्रूस पर अपने प्राण त्याग कर पूरी मानव जाति को उनके पाप और बुराइयों से मुक्ति दिलाई थी। इस दिन को पूरा ईसाई समुदाय बहुत ही श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाता है। प्रभु यीशु मसीह के मरण को दृष्टांत के माध्यम से 14 स्थानों में बांट कर दशार्या जाता है। प्रभु यीशु मसीह का क्रूस पर मरना इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण है कि वह मनुष्य जाति को खुद से भी ज्यादा प्रेम करते थे। उन्होंने आज के दिन सबसे महान आज्ञा स्थापित की और वह है प्रेम, भाईचारा और बलिदान। उन्होंने मनुष्य जाति को यह उदाहरण दिया कि जिस प्रकार उन्होंने मानव का उद्धार करने के लिए क्रूस पर अपने प्राणों का त्याग किया, उसी प्रकार हम भी अपने भाई-बहन, माता-पिता और पड़ोसियों को स्वयं की भांति प्यार और प्रेम करें। आज विश्व को शांति, प्रेम और भाईचारे की जरूरत है और गुड फ्राइडे से महान कोई और उदाहरण नहीं पेश किया जा सकता। यहां एक मनुष्य ने दूसरों की खातिर उन्हें उनके पापों से मुक्ति दिलाने की खातिर, अपने प्राण क्रूस पर त्यागे। गुड फ्राइडे का महान दिन ईसाई समुदाय के लिए त्याग, तपस्या और बलिदान का दिन होता है। इस पूजन विधि को पल्ली पुरोहित फादर प्रवीण और सहायक पुरोहित फादर प्रदीप एवं फादर सुरेश ने चढ़ाया। इसे सफल बनाने में बिहार अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एंब्रोस पैट्रिक, अभिषेक पैट्रिक, पूजा एन शर्मा, विक्टर अल्फेंस, बैसिल लकड़ा, राजेश कुमार, अनिल किंडो, एडवर्ड अल्फेंस, रॉबर्ट कुजूर, एग्नेस जेरेमी, अजिता कुजुर, अनूप पॉल, अल्बर्ट, सुनील मुर्मू, मार्टिन बेंग, विनीत राज, रोजमैंड, आनंद लकड़ा, अजय, मदन कुमार, मदर टेरेसा की धर्म बहनें, माता सदा सहायिका की धर्म बहन एवं अन्य लोगो ने अपना योगदान दिया। रविवार को महागिरजाघर में प्रार्थना सभा किया जाएगा। रविवार को ईस्टर का त्योहार चर्च में मनाया जाएगा। शनिवार को रात्रि जागरण, आग का आशीष व मिस्सा बलिदान पूजा एवं अन्य धार्मिक आयोजन होगा। इसके बाद प्रभु के वचन का सात पाठ होगा।

शटर तोड़ दुकान में चोरी करने वाला दो गिरफ्तार, सामान बरामद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना की पुलिस ने कपड़े की दुकान में हुई चोरी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही कपड़े की बरामदगी भी की गई है। यह जानकारी डीएसपी-2 गौरव कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान शुक्रवार को दी। बताया गया कि 28 मार्च को छोटी नगला के रहने वाले दिलीप कुमार, जो वर्तमान में सिमली के बोरी दास की भट्टी के रहने वाले ने आवेदन दिया कि उनकी दुकान का शटर तोड़ कर अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोरों ने जींस पैंट, टी-शर्ट, गंजी, अंडरवियर, कीमती साड़ियां, बनारसी साड़ी, कीमती शर्ट, पैंट आदि चोरी कर लिया है। इस संबंध में थाना में कांड 159/24 दर्ज किया गया। डीएसपी-2 के निर्देशन में टीम गठित कर छानबीन शुरू की गई। अनुसंधान के दौरान इस कांड के अप्राथमिक अभियुक्त मालसलामी थाना क्षेत्र के दमराही घाट का रहने वाला छोटू कुमार उर्फ ठेठा पिता उमेश चौधरी और एक विधि विरुद्ध किशोर को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए दोनों के पास से चार पीस बनारसी साड़ी, दो पीस गंजी, दो पीस पैंट का कपड़ा, दो गमछा, एक अंडरवियर, दो शर्ट, एक जींस पैंट, चार कॉटन हाफ पैंट खाकी, एक पीस फ्रॉक सूट पीस और दो टी-शर्ट बरामद किया गया। गिरफ्तार छोटू उर्फ ठेठा पूर्व में मालसलामी थाना से बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 कांड 296/22 और बाइपास थाना कांड 401/23 में धारा 413, 414, 476 भादवि आरोप पत्र 532/23 है। अनुसंधान की टीम में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, सअनि संजय कुमार, सिपाही मनोर कुमार, दीपक कुमार, संतोष कुमार, संतोष कुमार यादव, संजीत कुमार, सुशील कुमार और गौतम कुमार शामिल थे।

आयुक्त, ने अतिक्रमण उन्मूलन, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षित परिवहन से संबंधित विषयों पर की समीक्षा बैठक

पटना।आयुक्त, पटना प्रमंडल कुमार रवि द्वारा पटना में अतिक्रमण उन्मूलन, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षित परिवहन से संबंधित विषयों पर समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने कहा कि मुख्य ट्रंक रोड पर अवैध व्यावसायिक गतिविधियों की मंजूरी नहीं दी जा सकती। पैदल यात्रियों के लिए चलने वाले रास्तों पर अवैध दुकानों का संचालन करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। जिन बड़े-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा पार्किंग का प्रबंध नहीं किया गया है वहाँ अवैध पार्किंग के विरूद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई करें। अस्पतालों यथा आईजीआईएमएस, पीएमसीएच, एम्स इत्यादि के आस-पास कोई अतिक्रमण नहीं रहना चाहिए। रोगियों, डॉक्टर्स तथा एम्बुलेंस के सुगम आवागमन में कोई व्यवधान नहीं पड़ना चाहिए। वाहनों के अवैध पड़ाव पर रोक लगाएँ तथा विधि-सम्मत दंडात्मक कार्रवाई करें। मेन रोड पर अवैध दुकान लगाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करें। सबेरे 05.00 बजे से 09.00 बजे तक तथा शाम में 07.00 बजे से 10.00 बजे तक ही निर्धारित स्थलों पर सब्जी बेची जा सकती है। इसका उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करें। पटना नगर निगम, ज़िला प्रशासन, यातायात, पुलिस, परिवहन, पथ निर्माण तथा अन्य संबंधित विभाग के पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर इन निदेशों का अनुपालन करेंगे। आयुक्त श्री रवि के निदेश पर पटना में फेजवाइज अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। 01 अप्रैल से नेहरू पथ पर राजवंशी नगर, राजा बाजार, आईजीआईएमएस, आशियाना-दीघा मोड़ तथा पुराना बाईपास के इलाके में अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी, पटना श्री शीर्षत कपिल अशोक द्वारा ज़िला नियंत्रण कक्ष को टीम का गठन करने का निर्देश दिया गया है। यह एक मल्टी-एजेंसी अभियान होगा जिसमें प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल रहेंगे। सभी सम्बद्ध पदाधिकारी अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित कर निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। आयुक्त श्री रवि ने अधिकारियों को निदेश दिया कि कड़ाई से स्पेशल ड्राइव चलाएं। अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करें। पब्लिक न्यूसेंस हटाने के लिए पुलिस से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर दं.प्र.सं. की धारा 133 में नोटिस देकर कार्रवाई करें। प्रावधानों के अनुसार अर्थदंड लगाएं। पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करें।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना है जरूरी : नीतू नवगीत

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। जिला प्रशासन, पटना के तत्वावधान में पटना जिला स्वीप कोषांग द्वारा लोक गायिका और स्वीप की आइकॉन नीतू कुमारी नवगीत के नेतृत्व में फ्रेजर रोड से सटे विभिन्न आवासीय परिसरों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें मतदाता जागरूकता अभियान की आइकॉन नीतू नवगीत ने पटना के सभी नागरिकों और युवाओं को लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया । स्वीप आइकॉन नीतू कुमारी नवगीत ने उपस्थित लोगों को लोकसभा के चुनाव में जरूर से मतदान करने की शपथ दिलाई । जागरूकता अभियान की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए जागरूकता अभियान की आइकॉन डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि लोकसभा के लिए होने वाला चुनाव पूरे विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक पर्व है। हमें विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का नागरिक होने पर गर्व है। जितने उत्साह से हम होली, दिवाली ईस्टर और ईद मनाते हैं, उससे कहीं अधिक उत्साह से हमें लोकतंत्र के पर्व को मनाना है और वोट जरूर देना है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली में 18 वर्ष से अधिक के लोगों को मतदान का अधिकार दिया गया है। मतदाता चाहे किसी भी उम्र के क्यों ना हो, मतदान करने का मौका नहीं चूकें।

महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने राजेंद्र नगर टर्मिनल का निरीक्षण कर होली के उपरांत यात्रियों की अतिरिक्त भीड को लेकर की गयी तैयारियों का लिया जायजा

प्रात :किरण संवाददाता

महाप्रबंधक ने यात्रियों से बात-चीत कर लिया फीडबैक

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा होली के उपरांत यात्रियों की सुविधा/सुरक्षा हेतु समुचित प्रबंध किए गए हैं । महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा स्वयं इसकी रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है । इसी क्रम में महाप्रबंधक ने आज राजेंद्र नगर टर्मिनल स्टेशन पर क्राउड मैनेजमेंट, साफ-सफाई सहित उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया । महाप्रबंधक ने यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म, डिस्प्ले बोर्ड, कैटरिंग स्टॉल, पैदल ऊपरगामी पुल आदि का भी मुआयना किया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने यहां यात्रियों से चर्चा कर उपलब्ध करायी जा रही यात्री सुविधाओं के संबंध में उनका फीडबैक लिया । उन्होंने राजेंद्र नगर टर्मिनल से नई दिल्ली जाने वाली तेजस राजधानी एक्सप्रेस एवं सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस के यात्रियों से बातचीत कर उनका फीडबैक लिया । उन्होंने अधिकारियों को यात्री सुविधा के लिए निरंतर चौकस रहने का निर्देश दिया । महाप्रबंधक द्वारा यात्रियों की सहायता हेतु लगाए गए ह्वह्वमे आई हेल्प यू/हेल्प डेस्कह्वह्व का भी गहन निरीक्षण किया गया ।

डीएम ने बांकीपुर, पटना का किया भ्रमण

पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बांकीपुर, पटना का भ्रमण किया गया तथा यहाँ लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए निर्धारित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया। ज़िलाधिकारी ने कहा कि राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बांकीपुर में 182- बांकीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र तथा 183- कुम्हरार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का पोलिंग पार्टी डिस्पैच सेंटर रहेगा। 30-पटना साहिब लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अवस्थित इन दोनों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों सहित सम्पूर्ण ज़िला में बेहतर तैयारी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार त्वरित गति से सभी व्यवस्था की जा रही है। 182- बांकीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु भूमि सुधार उप समाहर्ता, पटना सदर तथा 183- कुम्हरार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए विशिष्ट पदाधिकारी, अनुभाजन सहायक निवार्ची पदाधिकारी के तौर पर प्रतिनियुक्त हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी, पटना सदर तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पटना सदर-३ क्रमशः बांकीपुर तथा कुम्हरार विधानसभा क्षेत्रों हेतु इस डिस्पैच सेंटर के इन्चार्ज ऑफिसर के तौर पर नामित किए गए हैं। पुलिस उपाधीक्षक स्तर के दो अधिकारियों को डिस्पैच सेंटर के इन्चार्ज पुलिस ऑफि सर्स के तौर पर तैनात किया गया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, शनिवार,30 मार्च, 2024

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा मीडिया सेंटर का उद्घाटन

पत्रकारों के सुविधा के लिए मीडिया सेंटर, सभी सूचना मिल सकेगी : तावड़े

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

बिहार भाजपा ने शुक्रवार को पटना के होटल चाणक्य में लोकसभा चुनाव के लिए मीडिया सेंटर का शुभारम्भ किया। इस मीडिया सेंटर से पत्रकार चुनाव से सम्बन्धित पार्टी की खबरों को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने एक वीडियो सांग जन-जन की पुकार, मोदी संग बिहार को लांच भी किया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए श्री तावड़े ने कहा कि बिहार की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ खड़ी है और उन पर विश्वास भी करती है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में एनडीए प्रदेश की 40 की 40 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सात फेज में है इस कारण करीब दो महीने चलेगा। पत्रकारों को परेशानी नहीं हो इसके लिए मीडिया सेंटर का शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कई तरह की भ्रामक खबरें भी उड़ाई जाती है। इस सेंटर से पत्रकार वास्तविकता की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर वीडियो सॉन्ग जन-जन की पुकार, मोदी संग बिहार को लांच किया गया। आज प्रदेश के सभी 40 लोकसभा क्षेत्रों में भी वीडियो सॉन्ग जन-जन की पुकार, मोदी संग बिहार की लाचिंग की गई। इस वीडियो के जरिए केंद्र सरकार की कई योजनाओं को बताया गया है।

प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान पत्रकार अब मीडिया सेंटर से ही पार्टी की गतिविधियों की जानकारी ले सकेंगे। चुनाव तक कोई भी संवाददाता सम्मेलन का आयोजन भी इसी सेंटर में किया जाएगा तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार वाइट भी यहां आकर ले सकेंगे।

इस कार्यक्रम में बिहार के मंत्री नितिन नवीन, जनक राम, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा, कुंतल कृष्ण, अरविंद सिंह, राकेश सिंह,पंकज सिंह, मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, अरविंद शर्मा सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजपा कर रही देश में कर आतंक का साम्राज्य स्थापित : अखिलेश

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी शनिवार एवं रविवार को प्रदेश एवं जिला मुख्यालयों में विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन करेगी। इसके लिए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों को अपने-अपने मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन का आयोजन करने का निर्देश एक पत्र के द्वारा दिया है। अपने पत्र में प्रदेश अध्यक्ष लिखा है कि भाजपा के द्वारा देश की प्रजातांत्रिक व्यवस्था की हत्या की नापाक कोशिश अब खतरनाक रूप ले रही है। देश का प्रमुख विपक्षी दल होने के बावजूद चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी का खाता पिछले महीने सील कर दिया गया और कल ही आयकर विभाग की ओर से नया नोटिस कांग्रेस पार्टी को दिया गया है जिसमें 1823.08 करोड़ रूपया जमा करने के लिए कहा गया है।

डा सिंह ने आगे लिखा है कि भाजपा द्वारा चुनाव के मध्य में प्रजातंत्र के ऊपर हमला कर देश में कर आतंक का साम्राज्य स्थापित करने का कुत्सित प्रयास हो रहा है। कांग्रेस ने इसके खिलाफ जंग छेड़ने का निर्णय लिया है। अतः कल 30 मार्च एवं परसों 31 मार्च को सभी प्रदेश मुख्यालयों एवं प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया है। अतः उन्होंने जिलाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जिला मुख्यालय में विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन करें तथा सुनिश्चित करें कि विरोध प्रदर्शन में जिला के सभी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों की इसमें भागीदारी हो।

जो अपने सहयोगियों का नहीं वो भला देश का क्या होगा: मंगल

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार में काफी नाटकीय घटनाक्रम के बाद इंडिया अलायंस में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय किया। राजद ने हमेशा की तरह कांग्रेस को अपमानित किया और सीटों के बंटवारे में अपनी धौंस दिखाई। लंबे अरसे से बिहार की राजनीति में कांग्रेस राजद की पिछलग्गू बनी हुई है। जिस राजद ने राज्य की जनता को ठगा वो भला कांग्रेस को क्यों न ठगेगी। राजद पूरी तरह से भ्रष्टाचार व परिवारवाद में डूबी है। जो अपने सहयोगियों का नहीं वो जनता का क्या होगा। श्री पांडेय ने कहा कि जिस प्रकार से इंडी गठबंधन ने बिहार में पूर्णिया सीट पर कांग्रेस को धोबी-पछाड़ दी है। वो कांग्रेस के लिए अपमान से सदमे से कम नहीं है। पप्पू यादव अपनी पार्टी का विलय इस शर्त पर कांग्रेस के साथ करते हैं कि उनको पूर्णिया संसदीय क्षेत्र से चुनाव का टिकट दिया जाएगा। मगर कांग्रेस की इतनी भी हैसियत नहीं रह गयी कि वो एक सीट दिलवा पाए। जिस कांग्रेस के वश में उनके सहयोगी नहीं वो कांग्रेस देश पर शासन करने का सपना देख रही है। उन्हें पता नहीं कि जो अनुशासन एनडीए गठबंधन में है, वो अनुशासन ही पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीत दिलवाएगी। श्री पांडेय ने कहा कि लालू यादव हमेशा से बिहार में कांग्रेस को अपमानित करते रहे हैं। इस बात की पुष्टि कांग्रेस नेता दबी जुबान से करते रहते हैं। मगर बिहार समेत देशभर में कांग्रेस की घटती जनाधार इस बात का संकेत है कि उनको क्षेत्रीय पार्टियों के सामने नतमस्तक होना पड़ता है। कांग्रेस को उनकी सहयोगी दलों ने ज्यादा तवज्जो नहीं दिया। पश्चिम बंगाल में तो गठबंधन से अलग होना पड़ा। आज कांग्रेस राजनीतिक तौर पर बोझ बनती जा रही है। ऐसे में पीएम मोदी की करिश्माई व्यक्तित्व का मुकाबला करना उनके लिए नामुमकिन है।

लोजपा रा ने लोकसभावार प्रभारियों की सूची जारी की

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने लोकसभावार प्रभारियों की सूची जारी की। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने प्रेस को बताया कि इस सूची में शामिल किये गये पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी बिहार के चालीस के चालीस सीटों पर एनडीए के प्रत्याशियों के लिये गठबंधन के सभी घटक दलों के साथ सभी स्तर पर बेहतर समन्वय के तहत एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करेंगे और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 400 के पार लक्ष्य को पूरा करने में अपना योगदान देंगे। डॉ भट्ट ने बताया कि लोजपा रामविलास द्वारा जारी प्रभारियों की सूची में वाल्मीकि नगर-अशोक मिश्रा, पश्चिम चम्पारण - आलोक चौधरी, पूर्वी चम्पारण -संजय पासवान, शिवहर -ई नौशाद अहमद, सीतामढ़ी -डॉ शाहनवाज अहमद कैफी, मधुबनी - राजेश कुमार उर्फ संजय पासवान, झंझारपुर - कुमार विवेक आनंद, सुपौल - चन्द्रविजय कुमार उर्फ विजय यादव, अररिया - योगेन्द्र साह, किशनगंज - शंकर सिंह, कटिहार - शंकर झा, पूर्णिया - विभूति भुषण पासवान, मधेपुरा - प्रभाकर ठाकुर, दरभंगा- डॉ इनवाब आलम, मुजफ्फरपुर - संजय कुमार सिंह, वैशाली - राकेश कुमार सिंह उर्फ गबरू सिंह, गोपालगंज(अजा) - परशुराम पासवान, सिवान - सौरभ पाण्डेय, महाराजगंज - सोनु भुखिया, सारण -विनीत सिंह, हाजीपुर(अजा)- अरविन्द कुमार सिंह, उजियारपुर - अरविन्द कुमार पूर्वे, समस्तीपुर(अजा) -मिथिलेश निषाद, बेगुसराय - इन्दु कश्यप, खगड़िया - सुरेश भगत, भागलपुर -ई रमेश कुमार, बांका - संगीता तिवारी, मुंगेर - अभय कुमार सिंह, नालंदा - संजय चौधरी, पटना साहिब - हरिहर पासवान, पाटलिपुत्र - नरेश प्रसाद सिंह, बक्सर - राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनु सिंह, सासाराम(अजा) - विष्णु पासवान, काराकाट - मनोज सिंह, जहानाबाद - रामाश्रय शर्मा उर्फ पुनदेव शर्मा, औरंगाबाद - कमलेश शर्मा, गया(अजा) - रानी देवी नवादा- रविशंकर प्रसाद सिंह, जमुई(अजा) अमर सिंह उर्फ अमर कुशवाहा हैं। उक्त आशय की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी कुन्दन पासवान ने दी।

सड़क हादसे में 9 मजदूरों की मौत पर ऐक्टू ने जताया दुख

- मृतक मजदूरों के परिजन को 10-10 लाख मुआवजा दे सरकार : रणविजय

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

जम्मू के रामबन में एनएच 44 पर बीती देर रात एक बोलेरो के 300 फीट गहरी खाई में गिरने से बिहार बगहा के एक ही परिवार के 9 मजदूरों समेत 10 की दर्दनाक मौत पर ऐक्टू राष्ट्रीय सचिव (एआईसीसीटीयू) मजदूर नेता व भकापा (माले) बिहार राज्य स्थायी समिति सदस्य रणविजय कुमार ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए घटना पर गहरा दुख जताया है।

मजदूर सह माले नेता रणविजय ने बताया कि मीडिया रिपोर्ट से मिली जानकारी अनुसार सभी मृतक मजदूर रिश्तेदार थे जो काम की तलाश में जम्मू गए थे और इस दौरान एनएच 44 पर बोलेरो के गहरी खाई में गिर जाने से बगहा के 9 मजदूर समेत 10 लोगों की मौत हो गयी। ऑल इंडिया सेंट्रल कॉउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स- एआइसीसीटीयू (ऐक्टू) राष्ट्रीय सचिव मजदूर नेता रणविजय कुमार ने बगहा जिले के सभी 9 मजदूर सहित 10 की मौत के लिए परोक्ष रूप से मोदी सरकार में बढ़ते रिकॉर्ड बेरोजगारी और बिहार में स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने में विफल भाजपा नेतृत्व वाली नीतीश की डबल इंजन सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को इस मौत की जिम्मेदारी लेनी होगी वे इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकते और नहीं भाग सकते है। माले सह ऐक्टू नेता रणविजय कुमार ने नीतीश और मोदी सरकार को कोरोना काल में बिहारी मजदूरों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के वादा को याद दिलाते हुए पूछा कि बिहार में 15 से ज्यादा वर्ष से और केंद्र में 10 वर्षों से भाजपा-जदयू की डबल इंजन,डबल विकास का ढोल पिटती सरकार स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने में क्यों विफल हुई, सरकार ने रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में क्या किया ? उन्होंने कहा कि बिहार के लोगो को बताना होगा कि डबल इंजन और विकास का ढोल पीटने के बाद भी बिहार से पलायन क्यों नहीं रुक रहा ,मजदूर काम की तलाश में अन्य राज्यों में पलायन क्यों मजबूर है ? उन्होंने बीते कल बेरोजगारी पर आईएलओ की भारत रोजगार रिपोर्ट 2024 रिपोर्ट में खतरनाक स्तर पर बढ़ते बेरोजगारी को याद दिलाते हुए पूछा कि क्या मोदी सरकार ने 10 वर्ष में रिकॉर्ड बेरोजगारी बढ़ाने के लिए ही देशवासियों से भाजपा सरकार बनाने की बात कहा था ? उन्होंने मोदी-नीतीश से बेरोजगारी के कारण हुई इस मौत पर जवाब देने की मांग किया है।

माले सह मजदूर नेता रणविजय कुमार ने कहा कि बीते कल ही अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन ने भारत में बेरोजगारी को लेकर एक हैरान कर देने वाली रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में 83% युवा बेरोजगार हैं। मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा तैयार भारत रोजगार रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि भारत में बेरोजगारी मुख्य रूप से युवाओं, विशेष रूप से माध्यमिक स्तर या उससे अधिक शिक्षा वाले युवाओं के बीच एक समस्या थी। जो समय के साथ बढ़ती गई जारी रिपोर्ट अनुसार, 2022 में कुल बेरोजगार आबादी में बेरोजगार युवाओं की हिस्सेदारी 82.9% थी. इसके हिसाब से अगर भारत में 100 लोग बेरोजगार हैं, तो उसमें से 83 लोग युवा हैं। इतना ही नहीं बल्कि रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि बेरोजगारों में पढ़े-लिखे लोगों की संख्या ज्यादा है।

26 अप्रैल को पूर्णिया में कांग्रेस के झंडे को स्थापित करेगी जनता : पप्पू

पटना। महागठबंधन में सीटों की घोषणा के बाद शुक्रवार को पूर्णिया में कांग्रेस पार्टी के नेता सह पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि जनता ने कांग्रेस पार्टी का झंडा मेरे हाथों में दे दिया है और जनता ही अगली 26 अप्रैल को पूर्णिया में कांग्रेस पार्टी के झंडे को स्थापित करेगी। पप्पू यादव ने कहा कि देश प्रथम है और पार्टी उसके पीछे है। हमारे सर्वमान्य नेता ने देश के लिए बड़े लेवल पर इंडिया एलियांस का संकल्प लिया है, जिसका मकसद है देश विरोधी नरेंद्र मोदी की सरकार को सत्ता से बाहर करना। इसमें हमारा सहयोग बना रहेगा। उन्होंने कहा कि डी राजा की पत्नी हमारे नेता के सामने खड़े हैं फिर भी इंडिया एलाइंस बेहद मजबूत है। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर कांग्रेस ने कैंडिडेट नहीं दिए हैं फिर भी महागठबंधन मजबूत है। बिहार में भी महागठबंधन को मजबूत रखने का निर्णय हमारे केंद्रीय नेतृत्व ने लिया है, जिसके मैं साथ हूं और इसी संकल्प के साथ में पूर्णिया की जनता के बीच जाऊंगा। पप्पू यादव ने कहा कि मेरा संकल्प है - जनता की भावनाओं के साथ खड़े रहकर आदरणीय राहुल गांधी जी को इस देश का प्रधानमंत्री बनाना। उन्होंने कहा कि सीमांचल की जनता कांग्रेस के झंडे से प्यार करती है इसलिए मेरा लक्ष्य होगा कि यहां कांग्रेस को और मजबूत करूं। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम में 4 जून को जनता की भावना के अनुसार, पूर्णिया लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस का ही झंडा लहराएगा और यहां कांग्रेस के झंडे को स्थापित करेगी।

सूबे के सभी सीटों पर होगी एनडीए की जीत : गिरिराज

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव में अब कुछ ही समय बचा है। ऐसे में राज्य की सियासत गरमा गई है। पक्ष-विपक्ष की ओ से लगातार एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। वहीं इसी कड़ी में बेगूसराय में प्रेस कॉप्रेंस कर भाजपा के फायर नेता गिरिराज सिंह ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। मालूम हो कि बेगूसराय से महागठबंधन की ओर से सीपीआई के उम्मीदवार खड़े हुए हैं। बेगूसराय में सीपीआई और भाजपा में टक्कर होगा। भाजपा ने बेगूसराय से एक बार फिर गिरिराज सिंह पर भरोसा जताया है सीपीआई के उम्मीदवार और गिरिराज सिंह बेगूसराय में आमने सामने होंगे।

वहीं इसको लेकर गिरिराज सिंह ने कम्युनिस्ट पार्टी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि,बेगूसराय में लड़ाई महागठबंधन के कार्यकर्ता लड़ेगा। उन्होंने कहा कि, यह लड़ाई यह देश में टुकड़े-टुकड़े गैंग का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी बनाम एनडीए गठबंधन की है। बेगूसराय में अगर श्री बाबू के कृति को किसी ने बर्बाद करने काम किया है तो कम्युनिस्ट पार्टी ने की है। कम्युनिस्ट पार्टी सिर्फ बेगूसराय में औद्योगिक नगरी रिफाइनरी या फर्टिलाइजर को ही नहीं बर्बाद किया हैं बल्कि देवना में लगे छोटे-छोटे इंडस्ट्रीज में भी यह पार्टी अपना झंडा लगाकर फैक्ट्री को बंद करवाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि, आज सिर्फ हमारी लड़ाई विकास विकास विकास होगा। नीतीश कुमार एवं मोदी जी की सरकार के द्वारा कामों की सरकार है। लोग भूल रहे हैं की 2005 की पहले की सरकारों के जंगल राज को भूल चुके हैं। परिवारवाद की भी स्थिति थी पहले 2005 के बाद 10 का कंपेयर करने लगे। 10 के बाद 15 के बाद 20 का कंपेयर करने लगे। लोगों को अब याद दिलाना होगा कि कम्युनिस्ट का मतलब क्या है याद रखे।

मुख्तार अंसारी की मौत की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच हो : माले

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

- सरकार द्वारा घोषित मजिस्ट्रेटी जांच अपर्याप्त

भाकपा (माले) महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने उत्तरप्रदेश के पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की मौत की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की मांग की है। कहा कि अंसारी की मौत हत्या भी हो सकती है, इसलिए सच्चाई को सामने लाने के लिए उच्चस्तरीय न्यायिक जांच जरुरी है।

उन्होंने आगे कहा कि मौत से पहले पूर्व विधायक ने अदालत में एक बार कहा था कि उन्हें मारने के लिए खाने में धीमा जहर दिया जा रहा है, जिससे वे अस्वस्थ हो गए थे। पिछले दिनों जब इलाज के लिए उन्हें बांदा के मेडिकल कालेज में भर्ती किया गया था, तब उनके बड़े भाई व सांसद अफजाल अंसारी ने उनसे मिलने के बाद कहा था कि मुख्तार को जहर देकर मारने की कोशिश की जा रही है। ताकि वे माफिया ब्रजेश सिंह के खिलाफ गवाही न दे सकें, क्योंकि मुख्तार की गवाही होने पर ब्रजेश को सजा हो सकती है। सांसद ने आरोप लगाया था कि मुख्तार को मारने की साजिश में जेलकर्मी, अफसर व सरकार की संलिप्तता है। इसी बीच मुख्तार की मौत और घटना में परिस्थिति जन्य साक्ष्य से उनकी हत्या की आशंका प्रबल हो जाती है। लगे आरोपों की गम्भीरता को देखते हुए इस मामले में निष्पक्ष और उच्च स्तरीय न्यायिक जांच होनी चाहिए! सरकार द्वारा घोषित मजिस्ट्रेटी जांच अपर्याप्त है।

सीटों के बंटवारे में महागठबंधन की लाचार स्थिति उजागर : उमेश

कहा-सीट बंटवारे में सिर्फ राजद की चली मनमानी

पटना। बिहार जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो रहा है। यह राजनीतिक रूप से हास्यास्पद के साथ-साथ गठबंधन धर्म की मूल भावना के विपरीत किया गया आचरण है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि सीट बंटवारे के गणित पर नजर डाले तो ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस पार्टी ने राजद के समक्ष खुद को आत्मसमर्पण कर दिया, सीट बंटवारे में सिर्फ राजद की मनमानी चली है। जिन लोकसभा सीटों पर कांग्रेस लंबे समय से तैयारी कर रही थी उसे भी राजद ने अपने पाले में कर लिया है। बिहार कांग्रेस के अंदर से ही अब विरोध के स्वर उठ रहे है, पार्टी के कई पुराने नेता सीट बंटवारे से नाखुश है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में शीर्ष नेताओं के बीच ही जब तालमेल नहीं बैठ रहा है तो जमीनी कार्यकर्ता कैसे चुनाव में एकजुट हो सकेंगे। राजनीतिक मजबूरीयों का यह गठबंधन है, परिवार और प्रॉपर्टी को बचाने के लिए सभी विपक्षी साथ आने पर मजबूर हुए हैं। इन्हें सिर्फ अपनी चिंता है, जनता के लिए इनके पास कोई एजेंडा नहीं है। श्री कुशवाहा ने कहा कि स्वार्थपरक गठबंधन पर जनता भरोसा नहीं करेगी। निजी स्वार्थ के बुनियाद पर टीके महागठबंधन को बिहार में 2019 से भी करारी हार का सामना करना पड़ेगा।

अपने आत्मसम्मान का विसर्जन कर चुकी है कांग्रेस: राजीव

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि कभी पूरे देश पर एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस आज गांधी परिवार की गुलामी में अपने अंतिम दिन गिन रही है। इस पार्टी में इतनी हिम्मत भी नहीं बची कि अपने गठबंधन में ताल ठोक कर सीटों की मांग कर सकें। आज हाल यह है कि जो पार्टियां कभी कांग्रेस की दया से राजनीति करती थी, वह आज कांग्रेस को सीटों का दान दे रही हैं। दूसरी तरफ इन्हें जो सीटें मिल जाती हैं यह उसी में खुशी से फूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में कांग्रेस ने अपने आत्मसम्मान का पूरी तरह विसर्जन कर दिया है। इन्हें जनता की फिक्र तो कभी रही ही नहीं और अब तो इन्होने अपने कार्यकताओं की भावनाओं की तरफ देखना भी छोड़ दिया है। यही वजह है कि कांग्रेस तेजी से अपने अंत की तरफ बढ़ रही है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस की इस कमजोरी का लाभ आज उसी के तथाकथित साथी दल लाभ उठा रहे हैं। भले ही कांग्रेस खुद को इंडी गठबंधन का बॉस समझे लेकिन हकीकत में किसी भी राज्य में उन्हें भाव नहीं मिल रहा। इनके सहयोगी बिना जानकारी दिए अपने प्रत्याशी घोषित कर रहे हैं। वहीं चुनाव लड़ने के लिए तैयार बैठे इनके नेताओं को मन मसोस कर बैठना पड़ जाता है। सीटों के मुद्दे पर पहले पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने इनकी औकात दिखायी, फिर पंजाब में भी इनका अलायंस टूटा और अब महाराष्ट्र में भी सीट शेयरिंग पर विवाद चल रहा है। दूसरी तरफ बिहार में भी सीट बंटवारे की घोषणा से पहले ही राजद कई उम्मीदवारों की घोषणा कर चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जगह कोई अन्य दल होता तो वह आत्मचिंतन कर खुद को मजबूत करने की कोशिशों में लगता। लेकिन गुलामी की आदत से लाचार इनके नेता पार्टी हित की बजाए अपने स्वार्थ को साधने में लगे रहते हैं। यही इनके राजनीतिक अंत का कारण बनेगा।

पुरानी रंजिश में ताबड़तोड़ फायरिंग

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

पत्रकार नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात पुरानी रंजिश में बुलेट सवार बदमाश ने एक युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हालांकि युवक इस फायरिंग की घटना में बाल बाल बच गया। वहीं पुलिस ने इस पूरी घटना को गंभीरता से लेते हुए मामले में आरोपी युवक को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया है। जब्त बुलेट पर पुलिस का स्टीकर लगा हुआ है। आरोपी के पास से एक देसी पिस्टल भी जब्त किया गया है।

घटना को लेकर सदर एएसपी स्वीटी शहरावत ने बताया कि मामला पत्रकार नगर थाना क्षेत्र के बुद्धा डेंटल कॉलेज के समीप का है। जहां गुरुवार की देर रात एक बुलेट पर सवार बदमाश द्वारा गृह प्रवेश करके लौट रहे सूरज कुमार के ऊपर फायरिंग की घटना हुई थी। जिसमें पुलिस को सूचना मिलते ही टीम वहां पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। जिसमें पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी पहचान संतोष कुमार सिंह के रूप में की है। घटना में प्रयुक्त बाइक और पिस्टल को भी जब्त कर लिया गया है।

सीट बंटवारे में लालू ने कांग्रेस को उसकी औकात बतायी : मोदी

पटना। पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी ने महागठबंधन में सीट बंटवारे में कांग्रेस की अनदेखी पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि लालू प्रसाद और आरजेडी ने सीटों के बंटवारे में कांग्रेस को उसकी औकात बता दी है। सुशील कुमार मोदी ने कहा है कि इंडी गठबंधन में लालू प्रसाद ने एकतरफा टिकट बांटकर सहयोगी दलों पर दबाव बढाया, कांग्रेस को दहाई अंक से नीचे रखने की औकात बतायी और सीट बंटवारा भी अपनी शर्तों पर किया। इससे महागठबंधन के घटक दल पूर्णिया जैसी कई सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ लड़ते दिखेंगे। इससे एनडीए उम्मीदवारों की जीत का अंतर बढेगा।उन्होंने कहा क पप्पू यादव यदि अपनी पसंद की सीट से नामांकन करते हैं, तो इंडी गठबंधन की मुश्किलें बढेंगी। राजनीति में दोस्ताना लड़ाई जैसी कोई बात नहीं होती। चुनाव में सिर्फ जीत या हार होती है। लालू प्रसाद ने पप्पू यादव के लिए राजद का दरवाजा नहीं खोला और कांग्रेस में उनका स्वागत नहीं हुआ।सुशील मोदी ने कहा कि पप्पू यादव और उनकी पार्टी के कांग्रेस में शामिल होने के समय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उपस्थित नहीं थे। लालू प्रसाद ने महागठबंधन में सीट शेयरिंग और टिकट बंटवारे में भी अपने बेटे-बेटियों के सुरक्षित राजनीतिक भविष्य का पूरा ध्यान रखा, इसलिए कांग्रेस और पप्पू यादव को झटका दिया।

गठबंधन भागीदारों के प्रति कभी ईमानदार नहीं रहा राजद : जदयू

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव कभी भी अपने गठबंधन साथियों के प्रति इमानदार नहीं रहे। लालू प्रसाद यादव जानबूझकर गठबंधन में सीटों के बंटवारे में देर कर गठबंधन भागीदारों को वैसी सीटें आवंटित करते हैं, जिसपर उनकी जीत सुनिश्चित नहीं हो सके। बिहार में कांग्रेस को राजनीतिक तौर पर गर्त में पहुंचाने में लालू प्रसाद यादव ने अहम भूमिका निभाई है। लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए ये बातें जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम और अनुप्रिया ने कही।

उन्होंने कहा कि बिहार में राजनीतिक तौर पर दुर्दशा झेल रही कांग्रेस को ये बातें समझ में नहीं आ रही हैं और पार्टी आलाकमान हकीकतों को जानते हुए भी आरजेडी की पिछलग्गू बनी हुई है। पार्टी प्रवक्ताओं ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि हालत यह है कि कांग्रेस पूरी तरह से लालू कुनबे के आगे नतमस्तक नजर आ रही है और टुकुर- टुकुर देखने के अलावा कुछ नहीं कर पा रही है। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब से कांग्रेस आरजेडी से जुड़ी है, तबसे वो हाशिए पर खड़ी दिखाई दे रही है लेकिन आंखों पर पट्टी बांधे कांग्रेसी नेताओं को ये बातें समझ में नहीं आ रही हैं। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि जबतक कांग्रेस लालू प्रसाद यादव के रहमोकरम से बाहर नहीं निकलेगी तबतक कांग्रेस राजनीतिक तौर पर राज्य में निचले पायदान पर ही नजर आएगी। उन्होंने कहा कि कई दिनों तक सीटों के बंटवारे को लटकाकर रखने के बाद आरजेडी ने जो सीटें कांग्रेस को आवंटित की है, उसको लेकर कांग्रेस में उहापोह की स्थिति हैं। दोनों प्रवक्ताओं ने कहा कि राज्य की जनता इस स्वार्थी गठबंधन की हर गतिविधि को बड़े ही गौर से देख रही है और आगामी चुनाव में वोट की ताकत से इन्हें जवाब देने का काम करेगी।

मोदी संग बिहार विडियो लांच

मोदी सरकार देश की तरक्की की गारंटी है : रविशंकर

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

पटना साहिब के एनडीए प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने अपने पटना आवास पर मोदी संग बिहार वीडियो को लॉन्च किया और प्रेस वार्ता कर बिहार के विकास और पटना के विकास की विस्तृत चर्चा की। श्री प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उनके द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं आम जनमानस को लाभान्वित कर रही हैं। आज प्रत्येक देशवासी महसूस कर रहा है कि मोदी सरकार देश की तरक्की की गारंटी है। मोदी सरकार देश की खुशहाली की गारंटी है। मोदी सरकार हर गारंटी की पूरी होने की गारंटी है। हम सभी को मिलकर फिर से मोदी सरकार बनानी है ताकि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बन सकें। प्रधानमंत्री बिहार के विकास के लिए संकल्पित है और बिहारवासी भी उन्हें 40 लोकसभा सीट देकर उनको पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्साहित है। इस कार्यक्रम में कुम्हरार विधायक अरूण कुमार सिन्हा जी ,भाजपा बिहार के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलु पटना जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार भाजयुमो मिडिया प्रभारी शिवम् कुमार उपस्थित रहे।

राहत : अब कम आएगा बिजली का बिल

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

2 करोड़ उपभोक्ताओं को मिलेगी बड़ी राहत

एक अप्रैल से बिजली दर में कमी आ जाएगी। इससे राज्य के दो करोड़ उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। बिहार सरकार ने बिजली कंपनी को 15,343 करोड़ रुपये अनुदान देकर विद्युत दर में कमी लाई है। बिहार विद्युत विनियामक आयोग प्रत्येक श्रेणी के उपभोक्ताओं का पक्ष सुनने के बाद ऊर्जा शुल्क में 15 पैसे की कमी कर दिया है। हालांकि, फिक्स चार्ज में कोई बदलाव नहीं लाया गया है। अब मीटर से बिजली कनेक्शन लेने वाले किसानों को सिर्फ 55 पैसे प्रति यूनिट बिजली मिलेगी। पहले 70 पैसे प्रति यूनिट लगता था। वहीं, किसानों को फसल चक्र के अनुसार बिल साल में चार बार मिलेगा। फिक्स चार्ज नहीं लगेगा। जबकि बिना मीटर वाले उपभोक्ताओं को प्रति एचपी 85 रुपये की दर से शुल्क भुगतान करने की व्यवस्था की गई है। उधर, पिछले वित्तीय वर्ष से विद्युत टैरिफ का स्लैब दो भाग में बांटा गया है। शुन्य से 100 यूनिट तक का दर कम है तथा उससे अधिक बिजली उपभोग करने पर ज्यादा शुल्क लगता है। घरेलू उपभोक्ता, उद्योग से जुड़े उपभोक्ता और किसानों को राहत मिलेगी।

तेजस्वी के लिए महिला का मतलब सिर्फ उनकी मां और बहन : सम्राट चौधरी

दिल्ली रवाना होने से पहले उपमुख्यमंत्री का पलटवार

पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के बयान पर पलटवार किया है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित भारत रत्न सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना होने से पहले डिप्डी सीएम ने लालू परिवार पर जोरदार हमला बोला है। दरअसल, नरेंद्र मोदी सरकार कुछ महीने पहले ही संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लेकर आई थी। उसके बाद नारी वंदन भाजपा का नारा बन गया। बीजेपी के इस नारे के जवाब में आरजेडी ने नया नारा दिया- बेटी वंदना। तेजस्वी यादव ने अपने समर्थकों को कहा कि, अपने हर काम की शुरूआत बेटी की वंदना करके ही करें। तेजस्वी यादव ने बिहार में एक भी महिला उम्मीदवार नहीं देने वाली बीजेपी पर तीखा हमला बोला था और रोहिनी आचार्या को लेकर सम्राट चौधरी के बयान पर भी हमला बोला था। शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित भारत रत्न सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी शुक्रवार को दिल्ली रवाना हो गए। दिल्ली जाने से पहले जब मीडियाकर्मियों ने पटना एयरपोर्ट पर तेजस्वी को लेकर सवाल पूछा तो सम्राट चौधरी ने कहा है कि लालू और उनके परिवार के लोगों को सिर्फ और सिर्फ अपना परिवार ही दिखता है। उन्होंने कहा कि लालू-तेजस्वी के यहां महिला का मतलब उनकी मां और उनकी बहन है लेकिन बीजेपी पूरे देश की मां और बहन की चिंता करने वाली पार्टी है और पूरा देश ही उसका परिवार है लेकिन ये लोग सिर्फ अपने परिवार की चिंता कर सकते हैं लेकिन बीजेपी देशभर की महिलाओं की चिंता करती है।

संक्षिप्त खबरें

इंटर एकेडमी के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

बोचहा।बिहार बोर्ड के द्वारा शनिवार को इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी किया गया। इसमें इंटर एकेडमी के शत प्रतिशत बच्चों सफलता हासिल की। इसको लेकर एकेडमी से निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि संस्थान के सभी बच्चों ने सफलता हासिल की है। यहां साइंस व कॉमर्स के 35 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिसमें 33 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि दो बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें 14 छात्राएं व 21 छात्र हैं। संस्थान के अमृतांशु कुमार को 424, अमित को 413 जबकि निशु राज को 408 अंक प्राप्त हुए हैं। निदेशक ने सभी बच्चों की सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे हमारा लक्ष्य शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी से पास कराना है। बता दें कि इंटर एकेडमी बोचहां पिछले साल भी बेहतरीन रिजल्ट देकर बच्चों के विश्वास पर खड़ा उतरा था। वहीं इसके लिए उन्होंने संस्थान के सभी शिक्षकों और बोचहां के सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया है।

गरहां पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

लोकसभा चुनाव से पहले तैयारियां तेज हो गई हैं।शुक्रवार को गरहां क्षेत्र में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। संयुक्त बल ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं। साथ ही आमजन को यह विश्वास दिलाया कि निडर होकर मतदान करें। थानाध्यक्ष विनोद दास ने बताया कि पुलिस व एक कंपनी एसएसबी के जवानों ने फ्लैग मार्च शुरू किया। थाना परिसर से पैदल गरहां, मुरादपुर, पटियासा सहित कई गांव में मार्च निकाला गया। इस बीच होली पर्व भी शांति वातावरण के साथ व आपसी भाईचारे के साथ मानने का अपील किया गया है।

पुलिस ने चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। सदर डीएसपी 2 विजय कुमार महतो ने चकमेहसी थाना क्षेत्र के सहुरी गांव से महेश प्रसाद सिंह के पुत्र कृष्ण सिंह को चोरी के मामले में उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं चकमेहसी थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक को आगे की कार्रवाई के लिए समस्तीपुर कोर्ट भेज दिया गया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारी की हुई बैठक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारी और बीएलओ की बैठक क्षेत्र के बुनियादी विद्यालय जर्नादनपुर एवं पंचायत समिति भवन कल्याणपुर के परिसर में हुई। वहीं बैठक की अध्यक्षता सदर एसडीओ दिलीप कुमार ने किया। संचालन बीडीओ देवेंद्र कुमार ने किया। वहीं बैठक में वोटिंग परसेंटेज को बढ़ाने एवं मतदाता सूची के पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधि का मतदाता क्रमांक सहित सूची प्रतिवेदन जमा करने बूथ लेवल एजेंट से संपर्क करके जानकारी और फीडबैक लेना तथा मतदाता वितरण पंजी की तैयारी करने सहित कई दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर साभी सेक्टर पदाधिकारी और बीएलओ मौजूद थे।

मारपीट की घटना में दो लोग जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के बघला गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी लोगों में धुरलख गांव के रणधीर व बघला गांव निवासी रणधीर कुमार की गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं जख्मी रणधीर कुमार की स्थिति गंभीर को देखते हुए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। वहीं अपर थानाध्यक्ष चंद्र भूषण कुमार ने बताया कि जख्मी युवक के द्वारा आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जमीनी विवाद में महिला जख्मी

मुजफ्फरपुर । जिले के मनियारी थाना क्षेत्र के रतनौली गांव में आज सुबह जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों के बीच हिंसक संघर्ष हुआ। इस घटना में, एक पक्ष द्वारा जबरन एक हरे भरे पेड़ को काटने और जमीन में गड्ढा खोदने की कोशिश की गई। जब भूस्वामी ने इसका विरोध किया, तो उनके परिवार की एक महिला सदस्य को बेरहमी से पीटा गया। पीड़िता, देवमती देवी, जिनके पति हरेन्द्र सहनी हैं, ने मनियारी थाने में मुसाफिर सहनी, हरिकिशोर सहनी और अन्य लगभग आधा दर्जन लोगों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है। इस आवेदन में उन्होंने जमीनी विवाद के दौरान हुई मारपीट और अन्य अवैध कृत्यों का विवरण दिया है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना स्थल पर पहुंचकर सबूत जुटाने का काम किया है। स्थानीय निवासियों और गवाहों से पूछताछ की जा रही है ताकि इस घटना के पीछे के कारणों और जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान की जा सके।

सशस्त्र सीमा बल के विशेष गश्ती दल ने शराब धंधेवाज को धर दबोचा

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी शराब धंधेवाजों के ऊपर सशस्त्र सीमा बल द्वारा कसी जा रही है नकेल 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत नेपाल सीमा चौकी कमला के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को लगातार सफलता मिल रही है इसी क्रम में निरीक्षक समान्य लोकेंदर कुमार समवाय प्रभारी कमला के निदेर्शानुसार निदेर्शानुसार लोकसभा चुनाव 2024 को मध्य नजर रखते हुए विशेष गश्ती दल जिसकी अगुवाई मुख्य आरक्षी कृष्ण कुमार कर रहे थे। विशेष गश्ती दल द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान भारतीय नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 275/15 से लगभग 80 मीटर भारतीय क्षेत्र की तरफ नेपाल से भारत लायी जा रही नेपाली शराब 300 एम. एल.63 बोतलों के साथ शराब धंधे वाज जितेंद्र सदा उमर 45 वर्ष सुपुत्र गुलाम सदा निवासी डेंजर टोला जयनगर टाउन वार्ड नंबर 13 पुलिस स्टेशन डाकघर जयनगर जिला मधुबनी बिहार को जब्त कर गिरफ्तार किया है।जब्त की गई शराब की बोतलों और गिरफ्तार तस्कर को अग्रिम कार्यवाही हेतु देवधा थाने के सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर लोकसभा चुनाव 2024 को मध्य नजर रखते हुए तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है और आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा ताकि शराब का उपयोग लोकसभा चुनाव2024 में मतदातों को लुभाने के लिए न किया जा सके । गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत में लोकसभा चुनाव 2024 होने जा रहे है जिसको मध्यनजर रखते हुए नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है, अगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हो इस लिए सशस्त्र सीमा बल द्वारा चुनावों को लेकर सीमावर्ती इलाकों में काफी सघन रूप से जांच पड़ताल की जा रही ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

युवक की घर से बुलाकर हत्या ,चौड़ से शव बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । गायघाट थाना क्षेत्र की रामनगर पंचायत के ग्यासुद्दीन पुर गांव में एक युवक की घर से बुलाकर हत्या कर दी गई। और शव को ग्यासुद्दीन पुर गांव के चौड़ में फेंक दिया गया। मृतक की पहचान बोचहां थाना क्षेत्र के उनसर पंचायत के कल्याणा गांव के शंभू सहनी (35 वर्ष) के रूप में हुई है। हत्या की सूचना के बाद मृतक के गांव के लोगों ने हत्यारोपित के घर को घेर कर हंगामा किया, हालांकि आक्रोशित ग्रामीणों के पहुंचने से पूर्व आरोपित के घर के सभी सदस्य फरार हो चुके थे। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। मामले में मृतक के स्वजन ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की दोपहर गांव के ही राकेश राय ने शंभू व चंदन को फोन कर बुलाया। गांव के पास से दोनों को बोलेरो में बिठा लिया। इसके बाद उसे लेकर गायघाट थाना क्षेत्र के ग्यासुद्दीन पुर गांव की ओर निकल गया। बोलेरो में ही दोनों के साथ राकेश राय अपने साथियों संग मिलकर मारपीट करने लगा। रास्ते में ही मछली मार रहे चंदन के पिता इंदल सहनी ने अपने बेटे व शंभू के साथ की जा रही मारपीट को देख लिया। बीच बचाव करने पर आरोपितों ने चंदन के पिता को भी चाकू मार दिया। इसके बाद सभी शंभू को लेकर भाग निकले। इसके कुछ देर बाद शंभू का शव गायघाट थाना क्षेत्र में फेंका मिला। घटना के बाद से इलाके में आक्रोश है। वहीं दूसरी ओर शराब के रुपये के लेनदेन में हत्या की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि आरोपित राकेश राय शराब का धंधा - करता है। दोनों के बीच कुछ रुपये - को लेकर कुछ दिनों से नोक झोंक चल रही थी। इसी बीच गुरुवार को आरोपित ने उसकी हत्या कर दी। बोचहां में जमीन व शराब का बोचहां थाना क्षेत्र में शराब व जमीन सिंडिकेट का गठजोड़ चरम पर है। शराब से होने वाली अवैध कमाई को माफिया जमीन के कारोबार में निवेश कर रहे हैं। वहीं दोनों सिंडिकेट से क्षेत्र में काफी दहशत है। उधर घटना की सूचना मिलते ही गायघाट व बोचहां थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची। हंगामा को काफी मुश्किल से शांत कराया। गायघाट थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है।

भारतीय मुद्रा के साथ सीमा पर एसएसबी के जवानों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी पीपरोंन के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक और कामयाबी मिली है समवाय प्रभारी पीपरौन के निदेर्शानुसार लोकसभा चुनाव-2024 को मध्य नजर रखते हुए विशेष गश्ती दल जिसकी अगुवाई उप-निरीक्षक हंसराज कर रहे थे। विशेष गश्ती दल द्वारा की गई कार्यवाही में भारतीय नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 287/10 से लगभग 150 मीटर भारतीय क्षेत्र की एक संदिग्ध नेपाली व्यक्ति बच्चन महतो उमर 38 वर्ष सुपुत्र उत्तम लाल महतो गांव पालिका वेधा बेला वार्ड नंबर 6 जिला धनुष नेपाल को भारतीय मुद्रा रुपए 2,60,000 के साथ जब्त कर गिरफ्तार किया है। यह व्यक्ति मोटरसाइकिल पर नेपाल से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहा था। सशस्त्र सीमा बल के जवानों को उक्त व्यक्ति के ऊपर संदेह होने पूछताछ की और पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति भारतीय मुद्रा के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर व्यक्ति को जवानों द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया ताकि जव्त की गयी मुद्रा का गलत प्रयोग लोकसभा चुनाव 2024 में न हो सके। जब्त की गई भारतीय मुद्रा मोटर मोटरसाइकिल और गिरफ्तार व्यक्ति को अग्रिम कार्यवाही हेतु हरलाखी थाने के सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा ।गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत में लोकसभा चुनाव-2024 होने जा रहे है जिसको मध्यनजर रखते हुए नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है, अगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हो इस लिए सशस्त्र सीमा बल द्वारा चुनावों को लेकर सीमावर्ती इलाकों में काफी सघन रूप से जांच पड़ताल की जा रही ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

लाखों रुपये का विदेशी शराब बरामद, 2 गिरफ्तार, वाहन जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।।पूर्ण शराबबंदी वाले बिहार में एक बार फि र मद्य निषेध विभाग और मुजफ्फरपुर पुलिस की कार्रवाई में तकरीबन 75 लाख रुपए मूल्य के विदेशी शराब बरामद किया गया है .साथ ही एक पिकअप और स्कार्पियो को भी टीम के द्वारा जप्त किया गया है. वहीं ट्रक और पिकअप के चालक को भी टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।. मामला जिले के मनियारी थाना क्षेत्र के काजी इंडा स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप का है जहां मद्य निषेध विभाग पटना की टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक ट्रक से विदेशी शराब की बड़ी खेप पहुंची है और उसको अनलोड करने के लिए मौके पर पिकअप पहुंचा है और साथ में एक स्कार्पियो से शराब कारोबारी भी पहुंचे हुए हैं।। सूचना के सत्यापन हेतु मध्य निषेध विभाग और मनियारी थाने की पुलिस के द्वारा उक्त स्थल पर पहुंचकर छापेमारी की गई, जहां टीम को देख कर कारोबारी स्कार्पियो से भागने लगे।, टीम ने कारोबारियों का पीछा किया. मौके का फायदा उठाकर कारोबारी स्कॉर्पियो छोड़ फरार हो गए। पुलिस ने मौके से टीम ने एक ट्रक पर लोड तकरीबन 750 कार्टून विदेशी शराब का बरामद किया साथ ही अनलोड करने के लिए पहुंचे एक पिकअप को भी जप्त कर लिया. वही टीम ने ट्रक चालक और पिकअप के चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मध्य निषेध विभाग पटना और मनियारी थाने की पुलिस ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए एक ट्रक पर लोड विदेशी शराब की खेप को जप्त किया है. साथ ही एक पिकअप और एक स्कार्पियो को भी जप्त किया गया है .ट्रक और पिकअप के चालक को हिरासत में लिया गया है ,जिनसे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है

लगातार हो रही हत्याओं पर माले ने जताया आक्रोश

प्रात : किरण संवाददाता

बोचहा। भाकपा माले का सात सदस्यीय टीम ने बोचहां थाना क्षेत्र निवासी शंभू सहनी -पंचायत अनसर एवं रोहित कुमार -पंचायत मैदापुर की हत्या की जांच की। जिसमें बोचहां प्रखंड सचिव रामबालक सहनी ,पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य जितेंद्र यादव, शत्रुघ्न सहनी एवं पार्टी नेता रामनंदन पासवान ,इंद्रजीत कुमार बबलू, मनोज कुमार यादव एवं विवेक कुमार थे ।जांच के आधार पर लोगों ने पाया कि शंभू सहनी की हत्या शराब माफिया राकेश राय व अन्य लोगों ने खुलेआम अपहरण कर किया ।अपहरण के बाद बचाव के लिए उनके परिजन फोन नंबर 112 पर फोन करते रहे ,लेकिन कोई पुलिसकर्मी वहां नहीं पहुंचे ।फिर बोचहां थाना पर बचाव के लिए गुहार लगाने परिजन पहुंचे ,लेकिन पुलिस ने अनसुनी कर दी। लोगों का कहना था कि पुलिस अगर सक्रियता दिखाती तो जान बच सकता था ।इधर अहियापुर कांड संख्या 423 / 24 में रोहित कुमार अहियापुर बाजार समिति से गुम हुआ था ।जिसको पता लगाने का आवेदन अहियापुर थाना को उनके परिजन द्वारा दिया गया था। लेकिन इसमें भी पुलिस खोजबीन करने में असमर्थ रही, और फिर हत्या हो गई ।पार्टी नेताओं ने पुलिस प्रशासन एवं सरकार से मांग की है कि सभी नाम जद हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी हो ।उसे करी से करी सजा मिले , परिजनों को 10-10 लाख मुआवजा एवं सरकारी नौकरी दिया जाए तथा जीवन मौत से जूझ रहे चंदन कुमार को समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए ।पार्टी नेताओं ने एनडीए सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि हाल के दिनों में सामंती, अपराधी शक्तियों व शराब माफियाओं का मनोबल बढ़ा है, जिसके कारण लगातार हत्याएं हो रही है।

दारोगा हत्या मामलें में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तारी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

नालंदा की चिकसौरा थाने की पुलिस ने मवेशी चोर गिरोह के सरगना संटू कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। संटू पर समस्तीपुर जिले में मवेशी चोरी के दौरान मोहनपुर ओपी के तत्कालीन प्रभारी शहीद नंदकिशोर यादव की सर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में संटू भी आरोपित था। चिकसौरा थाने में भी उसके खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट व मारपीट के कई मामले चल रहे हैं। समस्तीपुर पुलिस को इसके गिरफ्तारी की सूचना दी गयी है। मूलतः चिकसौरा का ही रहने वाला है।

इसको लेकर चिकसौरा थानाध्यक्ष बबन कुमार ने बताया कि आठ महीना पहले समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र में मवेशी चोरों ने मोहनपुर ओपी के तत्कालीन प्रभारी नंदकिशोर यादव की सर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में संटू भी आरोपित था। चिकसौरा थाने में भी उसके खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट व मारपीट के कई मामले चल रहे हैं। समस्तीपुर पुलिस को इसके गिरफ्तारी की सूचना दी गयी है।

स्कूल समय सारिणी को लेकर विधान परिषद सदस्यों ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिखा पत्र

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार के मुख्यमंत्री के वचन की अवहेलना से प्रतीत होता है कि शिक्षा विभाग में ही मुख्यमंत्री कार्यरत हैं। जो वर्तमान मुख्यमंत्री से उपर लगते हैं। ऐसा इसलिए कहना उचित होगा कि महीनों बीत जाने के बाद भी बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा सदन में दिए गए स्कूल के समय सारिणी पर दिये गये वक्तव्य का अनुपालन पत्र निकालकर शिक्षा विभाग के द्वारा अभी तक नहीं किया गया। इसी आलोक में जनता दल यू के सदस्य बिहार विधान परिषद के मुख्य प्रवक्ता सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक नीरज कुमार, विधान परिषद सदस्य नवल किशोर यादव एवं संजीव कुमार सिंह ने पत्र निर्गत कर बताया कि मुख्यमंत्री के द्वारा विधान मंडल में सदन की भावना को देखते हुए सुबे की विद्यालयों की संचालन के लिए 10:00 बजे अपराहन से 4:00 बजे पूर्वाह्न की घोषणा की गई थी। लेकिन एक महीने बीत जाने के बावजूद भी इसका परिपालन नहीं किया जा रहा है। जो कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत भारतीय संविधान के प्रावधानों एवं बिहार विधानमंडल की शक्तियों तथा बिहार कार्यपालिका नियमावली के उपबंधों के विपरीत हैं। मुख्यमंत्री के वक्तव्य के बावजूद सुबे के विद्यालयों में जिला से लेकर प्रखंड स्तर के सभी विभागीय अधिकारियों के द्वारा शिक्षकों की वेतन कटौती किए जाने का आदेश किया जा रहा है जो अनुचित एवं गैर कानूनी है। ये कृत बिहार विधान मंडल की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के तहत विधायिका की निमित्त प्रदत्त शक्तियों की विपरीत है। उन्होंने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के नाम पत्र निर्गत करते हुए संसदीय प्रणाली में विधायकों को प्रदत्त शक्तियों उनकी सुरक्षा एवं संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री के द्वारा सदन में दिए गए आश्वासन के आलोक में सभी विद्यालयों की संचालन अवधि 10:00 बजे अपराह्न से 4:00 बजे पूर्वाह्न तक करने तथा शिक्षकों की वेतन कटौती के आदेश वापस लेने की बात कही है।

फल मंडी में काम करने वाले मजदूर की हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के अहियापुर के बाजार समिति स्थित फलमंडी में काम करने वाले मजदूर रोहित कुमार (19) की हत्या कर शव फेंक दिया गया है। चंदवारा घाट पर नदी के किनारे उसका शव मिला है। वह बोचहां थाना क्षेत्र के मैदापुर पंचायत के मान विशनपुर गांव का रहने वाला था। सोमवार होली की रात फल मंडी के गद्दी संख्या 47 से वह अचानक गायब हो गया था। परिजनों ने मंगलवार को गुमशुदगी को लेकर थाने में सनहा दर्ज कराया। इस बीच चंदवारा घाट के पास नदी किनारे शव मिला। उसके चेहरे को तेजाब से जला दिया गया था। पुलिस टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पॉकेट से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान बोचहां थाना के मैदापुर पंचायत के मान विशुनपुर गांव के रोहित कुमार के रूप में की गई है। सूचना पर परिजन एसकेएमसीएच पहुंच गए। परिजनों में चीख पुकार मची हुई है।इधर मृतक के पिता पप्पू साह ने अहियापुर थाने में अज्ञात के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। रोहित कुमार अहियापुर के बाजार समिति स्थित फल मंडी के गद्दी संख्या 47 पर रितेश साह व मिथिलेश साह के पार्टनरशिप में चलता है, उसके यहां काम करता है। होली की रात साढ़े आठ बजे तक वह गद्दी पर था इसके बाद गायब हो गया था।

दो बाइकों के आमने-सामने की टक्कर में दादा की मौत

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर में रफ्तार का कहर थमने का नाम नही ले रहा है। जिसके कारण लोगों की जान भी जा रही है। ताजा मामला दलसिंहसराय थाना क्षेत्र का है, जहाँ बाइक की टक्कर में दादा और पोता दुर्घटनाग्रस्त हो गए। घटना में जहां दादा की मौत हो गयी, वहीं पोते का इलाज निजी अस्पताल में जारी है। घटना दलसिंहसराय थाना अंतर्गत मोख्तियारपुर मध्य विद्यालय के पास एसएच-88 की है। मृतक की पहचान मोख्तियारपुर वार्ड दो निवासी कपलेश्वर महतो (70 वर्ष) के रूप में की गई है। मृतक कोलियरी के सेवानिवृत्त कर्मी थे। जख्मी का नाम राजू कुमार बताया गया है। दोनों दादा पोते हैं। घटना के विरोध में आक्रोशित लोगो ने सड़क जाम कर दिया। जिसके कारण काफी देर तक सड़क पर यातायात बाधित होने से जाम में फंसे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, दादा का इलाज कराने के लिए राजू बाइक से दलसिंहसराय आ रहा था। उसी दौरान एसएच-88 पर दूसरी तरफ से तेज रफ्तार में आ रही एक बाइक ने राजू की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक समेत दादा-पोता सड़क पर गिरकर जख्मी हो गये। इस बीच ठोकर मारनेवाला बाइक चालक भी फरार हो गया। हादसे के बाद जब तक लोग जुटे तब तक दादा की मौत हो चुकी थी। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा देने की मांग को लेकर घटनास्थल पर सड़क जाम कर दिया। इससे एसएच-88 पर आवागमन बाधित हो गया। सड़क जाम की सूचना पर थाने से पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये समस्तीपुर सदर अस्पताल भेजा।

महाविष्णु यज्ञ 6 जून से

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के कांटी प्रखंड क्षेत्र के श्रिसियां गांव राम जानकी मंदिर परिसर में आगामी 6 जून से प्रारंभ होने वाले महाविष्णु महायज्ञ को लेकर नगर भ्रमण निकाला गया। साथ ही साथ ध्वजारोहण भी किया गया। इस अवसर पर महंथ रघवेन्द्र दास उर्फ रघुनाथ दास, पूर्व प्रमुख मुकेश पांडेय, पूर्व मुखिया सुदर्शन मिश्रा, महादेव राम, स्थानीय मुखिया नवीन कुमार ठाकुर, शंभु नाथ चौबे, रामशंकर सिंह, महेश चौधरी, शांति मुकुल, हरिनन्दन चौधरी, विजय पांडेय, शैलेन्द्र ठाकुर, श्रीनिवास कुमार, परशुराम सिंह, अवधेश मिश्रा, शिवेंद्र कुमार, सच्चिदानद शाही, परमानंद पंडे, घनश्याम भूदानी, कौशल दुबे, सुधीर कुमार, कामेश्वर मिश्रा, बैकुंठ शर्मा, उमेश चंद्र शर्मा उपस्थित थे।

3 लाख का ईनामी मोस्ट-वांटेड रविरंजन उर्फ रमिया चढ़ा पुलिस के हत्थे, सोना लूटकांड गैंग का है सरगना

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार-झारखंड के पुलिस के लिए सर दर्द बन चुके समस्तीपुर जिले के मथुरापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शेखोपुर निवासी कुख्यात अपराधी रविरंजन सिंह उर्फ रामी उर्फ रम्मी उर्फ रमिया को समस्तीपुर पुलिस के सहयोग से एसटीएफ की विशेष टीम ने भोपाल के इंद्रपुरी से गुरुवार की शाम गिरफ्तार किया है। हालांकि समस्तीपुर पुलिस रमिया को गिरफ्तार करने की बात से इंकार कर रही है। बता दें कि विभिन्न जगहों पर सोना लूटकांड समेत विभिन्न संगीन आपराधिक मामलों में वर्षों से बिहार-झारखंड की पुलिस रविरंजन की तलाश कर रही थी। कुछ दिनों पहले कल्याणपुर थाना क्षेत्र के लदौरा गांव निवासी रमेश ठाकुर की भी गिरफ्तारी हुई थी। वह भी रमिया का ही शागिर्द था। यह सभी सभी पुल्लू ठाकुर व सुबोध सिंह गैंग से जुड़कर विभिन्न जगहों पर कई क्विंटल सोना लूटकांड की घटना को भी अंजाम दे चुका है। कुख्यात रमिया पर बिहार पुलिस ने तीन लाख रुपये का ईनाम भी घोषित कर रखा था। वर्षों से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी, लेकिन हर बार वह बचकर निकल जाता था। उसपर आधा दर्जन से अधिक नामजद मामले दर्ज है।

दुर्घटना में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के औराई के भैरव स्थान के पास तेज रफ्तार बाइक के अचानक अनियंत्रित होने से बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसमें एक बाइक सवार की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है। वही, मामले की गंभीरता को देखते हुए हुए दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना औराई थाना क्षेत्र के भैरवस्थान का बताया जा रहा है। जहां तेज रफ्तार से बाइक चला रहे युवक से अचानक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे में घायल दोनों युवकों को सर में गंभीर चोट लगी है। जिनका स्थानीय अस्पताल में प्रारंभिक उपचार करने के बाद एसकेएमसीएच मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जहां दोनों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। औराई स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए गए दोनों बाइक सवार युवकों की पहचान खेतलपुर निवासी जुलम कुमार 22 वर्ष पिता सुकेश महतो के रूप में हुई है। वही, दूसरे घायल की पहचान खेतलपुर गांव निवासी 20 वर्षीय शिवम कुमार के रूप में हुआ है। जो बाइक पर पीछे बैठा हुआ था।

प्रतिबंध के बावजूद फल-फूल रहा शहर में अवैध लॉटरी का कारोबार

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा प्रतिबंध के बावजूद जिले में अवैध लॉटरी का धंधा फल-फूल रहा है। जिले में कई धंधेबाज इस कारोबार से जुड़े हुए हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के चौक चौराहे पर कई लोग अवैध लॉटरी का कारोबार कर रहे हैं। इस गोरखधंधे के जरिए लोगों को मालामाल करने का लालच दिया जा रहा है। भोले-भाले लोगों को इस कारोबार में फंसाया जा रहा है। खासकर निर्धन तबके के लोगों को मामूली हिस्से का लालच देकर धंधा कराया जा रहा है। इससे न केवल सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है,बल्कि लोग अपनी गाढ़ी कमाई को भी गंवा रहे हैं। चंद मिनटों में करोड़पति



बनने के लालच में लोग लॉटरी की खरीदारी कर रहे हैं। वही पुलिस प्रशासन बने हुए है मुखदर्शन। चोरी-छिपे चल रहा धंधा जिला मुख्यालय में भी यह गोरखधंधा काफी पनप रहा है। चोरी-छिपे लॉटरी की बिक्री की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि इस गोरखधंधे से जुड़े कारोबारी खुद करोड़पति बन चुके हैं। जबकि लॉटरी खरीदने वाले लोग मेहनत की गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं। खासकर रिक्शा चालक,फुटपाथी दुकानदार आदि इन कारोबारियों की जाल में आसानी से फंस रहे हैं। शुरूआत में चंद हजार रुपए जीतकर लोग इन कारोबारियों से जुड़ रहे हैं और फिर बाद में धीरे-धीरे सारा रुपए कारोबारियों के पास चला जाता है। कारोबारी बेखौफ नहीं हो रही कार्रवाई लॉटरी का धंधा प्रतिबंधित होने के बावजूद कारोबारी बेखौफ हैं। पुलिस ऐसे लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। शहर के दरभंगा स्टेशन के समीप,दरभंगा टॉवर गुललोबरा मछटाता पर,शुभंकर पुर गाछी,दोनार एवं अलपट्टी,बाकरगंज सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर लॉटरी खरीदते-बेचते आसानी से लोग देखे जा सकते हैं। लेकिन पुलिस की इस पर नजर नहीं पड़ रही है।

एक ही रात में तीन घरों में चोरी की घटना से मचा हड़कंप, तहकीकात में जुटी पुलिस

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर में बदमाशों का मनोबल एक बार सातवें आसमान पर चढ़ने लगा है। बेखौफ बदमाश पुलिस को खुली चुनौती देते हुए आपराधिक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र के महमदिपुर गांव की है। जहां एक ही रात में अज्ञात चोरों ने तीन घरों में चोरी के घटना को अंजाम दिया है। बदमाशों ने उमेश रजक, पूनम देवी और हरी साह के घर को निशाना बनाया है। चोर आभूषण, नगदी एवं फूल का बर्तन चोरी कर फरार हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता है की उमेश रजक के घर से चोर 10 हजार नगद समेत 15 हजार का आभूषण चुरा ले गए, जबकि पूनम देवी के घर में 10 हजार रूपया नगद और 20 हजार के आभूषण और फूल का बर्तन पर हाथ साफ कर दिया। जबकि हरी साह के घर से 10 हजार रुपया के साथ स्मार्ट फोन चुराकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 30 मार्च, 2024

तीन करोड़ की अवैध लॉटरी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, जमुई पुलिस को मिली बड़ी सफलता

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई पुलिस स्वच्छ एवं भयमुक्त लोकसभा चुनाव 2024 के लिए निरंतर कर्तव्यबद्ध है। पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं निवारण एवं विधि-व्यवस्था संधारण की विभिन्न मौलिक एवं आधुनिक पद्धतियों द्वारा इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में, पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन को जमुई जिले में लॉटरी की एक अवैध बड़ी मात्रा के संबंध में गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस आसूचना पर त्वरित कार्रवाई हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया था। प्राप्त सूचना एवं इससे जुड़े तकनीकी सर्विलांस डेटा के आधार पर विशेष टीम द्वारा की गई छापामारी में 02 अपराधियों को अवैध लॉटरी की 09 कार्टूनों में एक विशाल खेप को बरामद किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति विकास कुमार उर्फ चंदू पिता राजकुमार केशरी ग्राम महराजगंज थाना जमुई का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है एवं वह 2019 व 2020 में दो बार पहले भी जेल जा चुका है। इसके साथ इस कांड में एक अन्य व्यक्ति बिट्टू रजक पिता किरो रजक ग्राम महराजगंज थाना जमुई को भी गिरफ्तार किया गया है। कुल बरामद अवैध लॉटरी का अंकित मूल्य 32,00,435 है। गिरफ्तार अभियुक्त से प्रारंभिक पूछताछ में इन लॉटरियों का बाजार में खुदरा मूल्य लगभग 3.2 करोड़ बताया गया है। आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के आलोक में लॉटरी की इस अवैध खेप की बरामदगी एक बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आसन्न लोकसभा चुनाव में इस अवैध लॉटरी की खेप के माध्यम से मतदाताओं को प्रलोभन एवं अनुचित साधनों के कुप्रयोग के बिंदु पर भी पुलिस द्वारा सूक्ष्म अनुसंधान किया जा रहा है। पुलिस को इन सभी बरामद लॉटरियों के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज के संबंध में महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। पुलिस इन साक्ष्यों के आधार पर इन अवैध लॉटरियों और उनके स्रोत तथा आपूर्ति के बिंदुओं पर वृहद अनुसंधान कर रही है। जमुई पुलिस सभी नागरिकों से विधि-व्यवस्था संधारण में पुलिस को सहयोग करने की अपील करती है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर बिलकुल ध्यान न दें। किसी भी आपराधिक घटना की सूचना अविलंब जमुई पुलिस से साझा करें।

संत जॉर्जिया स्कूल को मिली 12 वीं तक की मान्यता:प्राचार्या

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर हाजीपुर की एकमात्र गर्ल्स स्कूल संत जॉर्जिया ने उच्चतम शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा को बढ़ाते हुए 11 वीं और 12 वीं कक्षाओं के लिए मान्यता प्राप्त की है। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वाति अहमद ने आज प्रेसवार्ता कर कहा की हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय को अब 11 वीं और 12 वीं कक्षाओं के लिए सम्बध्दता प्राप्त हुई है। यह हमारे छात्राओं को उच्चतम शिक्षा के क्षेत्र में एक नया और उत्कृष्ट स्तर पर ले जाने का एक बड़ा कदम है । सेंट जॉर्जिया गर्ल्स स्कूल अब उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी अपना योगदान देने के लिए तैयार है। सेंट जॉर्जिया का मिशन हमेशा से बेटियों के शैक्षिक और सामाजिक विकास को समर्पित रहा है। विद्यालय ने उच्चतम स्तर की शिक्षा में निष्ठा और समर्पण के साथ एक और मील का पत्थर रखा है। सेंट जॉर्जिया का लक्ष्य है कि वह अपने छात्राओं को न केवल शिक्षा में विशेषज्ञता प्रदान करें बल्कि उन्हें जीवन में सफलता के लिए तैयार भी करें। इस सम्बधता के तहत स्कूल में उत्कृष्ट शिक्षा, संरचनित कक्षा कार्यक्रम और शैक्षिक संसाधनों की व्यापक उपलब्धता की गारंटी दी है। विद्यालय अपने सभी विज्ञान प्रयोगशाला एवं बेहतरीन शिक्षकों के साथ जो की अलग अलग राज्यों से हैं उनके साथ अप्रैल से कक्षाएँ शुरू करने को तैयार है । छात्राओं का समग्र विकास ही विद्यालय का उद्देश्य रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, प्रबंध निर्देशक विकास सिंह उपाध्यक्ष अविनाश सिंह प्रबंध निदेशक सौरव सिंह एवं जगन्नाथ बॉकेलाल एजुकेशनल ट्रस्ट की संस्थापक ट्रस्टी अभिलाषा रानी उपस्थित थे ।

नगर परिषद की इस कुव्यवस्था का खामियाजा आम जनता भुगत रही है

प्रात : किरण, संवाददाता

लालगंज। नगर परिषद क्षेत्र में इन दिनों विकास की जगह गंदगी की नदियां बह रही है। ये नदी किसी एक वार्ड में नहीं बल्कि कई वार्डों में बह रही है जो नगर प्रशासन और जनप्रतिनिधि के विकास के दावों की हकीकत बयां कर रही है। नगर परिषद की इस कुव्यवस्था का खामियाजा यहां की आम जनता भुगत रही है। दरसल लालगंज रेपुरा से प्रखंड कार्यालय जाने वाली सड़क की हो या लालगंज बाजार के वार्ड संख्या 6, नौ और 15 की। ऐसे कई वार्डों में मुख्य सड़क पर सफाई के नाम पर लोगों को नरक में ढकेला जा रहा है। नालों की सफाई में लगे जेसीबी और सफाई कर्मचारी नाले से कचरा और मलबा को निकाल कर सड़क पर ही फैला दे रहे हैं। नाले से निकले कीड़े मकोड़े पूरे सड़क पर व किनारे के घरों में घुसने लग रहे है। इस मार्ग से पैदल चलना मुश्किल हो चुका है। गाड़ी वाले भी संभल कर जा रहे हैं। नगर परिषद की इस व्यवस्था से स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी है। गांधी चौक से नुनु बाबू चौक जाने वाले मार्ग में स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते कई माह से नाले का पानी सड़क पर उफना रहा है। आवागमन बाधित हो गया है बावजूद वार्ड पार्षद हो या नगर के कार्यपालक पदाधिकारी किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। हमलोगों को गंभीर बीमारी के संक्रमण का डर सता रहा है। ये सब इतना तब हो रहा है जब नगर परिषद की बैठक में करोड़ों रुपए का बजट सिर्फ सफाई के नाम बनाया जाता है। जिसका लाभ यहां की जनता को नहीं मिल पा रहा है। इसकी मुख्य वजह नगर क्षेत्र में बिना मानक के बनाए गए नाले हैं। ये ऐसे नाले हैं जिसकी निकासी वर्षों बीतने के बाद भी अब तक तय नहीं हो सकी है।

रेलवे द्वारा अतिरिक्त होली स्पेशल ट्रेन का किया जाएगा परिचालन

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। होली के उपरांत यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा अतिरिक्त होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार हैः- गाड़ी सं. 03239 राजगीर-आनंद विहार होली स्पेशल दिनांक 31 मार्च को राजगीर से 11 बजे प्रस्थान करेगी तथा पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 05.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । इस होली स्पेशल ट्रेन में 20 स्लीपर क्लास के कोच लगाए जाएंगे । गाड़ी सं. 04073 गया-आनंद विहार अनारक्षित सुपर फास्ट होली स्पेशल दिनांक 31 मार्च को गया से 14.15 बजे प्रस्थान करेगी तथा डेहरी, ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 05 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । गाड़ी सं. 04077 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित होली स्पेशल दिनांक 31 मार्च को दरभंगा से 15 बजे प्रस्थान करेगी तथा सीतामढ़ी, रक्सौल, नरकटियागंज सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 12.35 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी । गाड़ी सं. 03484 भागलपुर-नई दिल्ली होली स्पेशल दिनांक 30 मार्च को भागलपुर से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा 16.15 बजे पटना जं. रूकते हुए अगले दिन 07.10 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी । गाड़ी सं. 03240 आनंद विहार-राजगीर होली स्पेशल दिनांक 01 अप्रैलको आनंद विहार से 08 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 03 बजे राजगीर पहुंचेगी ।

शहीद प्रोफेसर अब्दुल बारी का 77 वीं शहादत दिवस मनाया

प्रात : किरण, संवाददाता

खगड़िया। फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के तत्वाधान में प्रोफेसर अब्दुल बारी का 77 वीं शहादत दिवस संपर्क कार्यालय खगड़िया में मनाया गया। इस अवसर पर शहीद प्रोफेसर अब्दुल बारी अमर रहे, शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, शहीदों का विरासत बचाओ, देश बचाओ, नारों के बीच इनके तैल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर कोटि-कोटि नमन याद किया गया। अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि प्रोफेसर अब्दुल बारी सच्चे अर्थों में नेक दिल इंसान, सामाजिक चिंतक, स्वतंत्रता सेनानी, स्वतंत्रता आंदोलन के नायक, साहसी क्रांतिकारी योद्धा, समाज सुधारक, प्राध्यापक, शिक्षाविद, विद्वान, विधान पार्षद, महान श्रमिक नेता थे। इनका जन्म भोजपुर जिले के शहाबादी कोयलवार में 21 जनवरी 1892 में हुआ था तथा 28 मार्च 1947 को खुसरूपुर स्टेशन के निकट गोली से शहादत हुई थी। वे आर्ट मास्टर डिग्री लेने के बाद बिहार विद्यापीठ , बीएन कॉलेज में प्राध्यापक बनें, तथा गांधी जी के असहयोग आंदोलन, खिलाफत आंदोलन में सक्रिय रहे। वे स्वराज पार्टी एवं इंडियन इंडिपेंडेंस लीग का सदस्य रहे। वे मजदूर आंदोलन के लोकप्रिय नेता की भूमिका निभाये। कार्यक्रम में मधुबाला, उमेश ठाकुर, कमल किशोर यादव, गुड्डू ठाकुर, कालेश्वर ठाकुर, चंद्रशेखर मंडल, दानवीर यादव, महेश्वर यादव, बृजनंदन महतो, दिनेश शाह, रामचंद्र यादव, पप्पू कुमार, लालमणि सदा, जितेंद्र कुमार आदि दर्जनों समाजसेवियों ने भाग लिया।

विधि व्यवस्था को ले पुलिस ने थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला

प्रात : किरण, संवाददाता

सहदेई बूजुर्ग - लोकसभा चुनाव को लेकर कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा पैदा करने के उद्देश्य से सहदेई बुजुर्ग थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला ।सहदेई बुजुर्ग थाना अध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च में सशस्त्र बल के जवान शामिल हुए ।थाना क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों के बीच चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर विश्वास बहाली का संदेश दिया गया ।बताया गया कि लोकसभा चुनाव को भयमुक्त,शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन की ओर से कई प्रकार की तैयारी की जा रही है ।वहीं कमजोर वर्ग के मतदाताओं के बीच विश्वास बहाली के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है ।ताकि कमजोर वर्ग के मतदाता बिना डरे,बिना किसी के प्रभाव में आए भय मुक्त होकर निष्पक्ष मतदान की प्रक्रिया में शामिल हो सके ।फ्लैग मार्च दौरान लोगों को बताया गया कि किसी भी प्रकार से कानून का उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी ।चुनाव को लेकर सहदेई बुजुर्ग थाना की पुलिस शराब के कारोबार पर भी विशेष नजर रख रही है ।पुलिस लगातार शराब करीबियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चला रही है ।फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को आचार संहिता का पालन करने का भी निर्देश दिया गया ।इस फ्लैग मार्च में पुलिस पदाधिकारी दीपक कुमार,कुसुम रानी,विजय कुमार राय,ध्रुव कुमार के अलावे एसएसबी के जवान शामिल रहे।

मानव श्रृखला वोट फॉर वैशाली बनाकर मतदान करने हेतु लोगों से अपील

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह -जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के निर्देश के आलोक में स्वीप गतिविधि के अन्तर्गत मॉडल हाई स्कूल, सराय के छात्र/छात्राओं के द्वारा मानव श्रृखला ह्लवोट फॉर वैशालीह्व बनाकर मतदान करने हेतु लोगो से अपील की गयी। इसी क्रम में वैशाली विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत उप विकास आयुक्त सह एआरओ, वैशाली और राघोपुर विधानसभा क्षेत्र अंर्तगत अनुमंडल पधाधिकारी, हाजीपुर सह एआरओ राघोपुर के द्वारा विडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से सभी ५४'ल्ली१ु'ी 'र्शं के निर्वाचको से मतदान के प्रति लोगो को जागरूक करने हेतु अपील की गयी। जिसमें इस कार्यक्रम में सम्मलित सभी निर्वाचकों ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु संकल्प लिया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, वैशाली के द्वारा ५४'ल्ली१ु'ी 'र्शं२ में घूम-घूमकर लोगो को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अपील की गयी। इसके अतिरिक्त स्वीप आईकॉन श्री अभय कुमार के द्वारा बी0पी0एस0 कॉलेज, देसरी एवं देवचन्द्र कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्र/छात्राओं को लोगो से मतदान में भाग लेने हेतु कार्यक्रम चलाने हेतु प्रेरित किया। इसके अलावा बुनियाद केन्द्र, ऑगनवाड़ी सेविकाओं, जीविका दीदी एवं प्रखंड के कर्मियों के द्वारा प्रभातफेरी के माध्यम से लोगो को मतदान देने हेतु जागरूक कार्यक्रम चलाया गया

घर-घर चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के निर्देश पर आज मतदाता जागरूकता अभियान में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत हाजीपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु घर-घर जागरूकता अभियान चलाया गया । इस अभियान में अपर समाहर्ता श्री बिनोद कुमार सिंह ने गृह भ्रमण किया। गृह भ्रमण के दौरान हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर,विद्यालय के शिक्षकों, जीविका दिदियो एवं आम जनों से मुलाकात की । अपने जिले के पदाधिकारियों को अपने दरवाजे पर देखकर आम जनों में काफी उत्साह दिखा। अपर समाहर्ता द्वारा लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में आम जनों को बताया गया। उनसे अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। उपस्थित सभी आम जनों ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इसी क्रम में जंदाहा प्रखंड के लोमा पंचायत में भी कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों के क्षेत्र में मतदाता जागरूकता का अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान अंतर्गत घर घर जाकर आम जनों से मुलाकात कर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। आईसीडीएस के द्वारा सभी परियोजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिले के भगवानपुर, जंदाहा ,राजापाकर, बिदुपुर, देसरी एवं हाजीपुर प्रखंड के सुल्तानपुर पंचायत के कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों के क्षेत्र अंतर्गत घर-घर जाकर मतदाताओं से बातचीत कर उन्हें मतदान हेतु प्रेरित किया । सेविकाओं द्वारा रंगोली, स्लोगन, पेंटिंग एवं विभिन्न प्रकार के जागरूकता संबंधी पोस्टर के माध्यम से भी मतदाताओ से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान हेतु अपील की गई।

लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। लोकसभा सभा चुनाव के दृष्टि से आज लोकसभा संसाधन प्रबंधन कमेटी के जिला संयोजक श्री बीके सिंह के साथ जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम सिंह कुशवाहा एवम अन्य लोगों के साथ अहम बैठक बी के सिंह की आवासा राजपूत कॉलोनी में हुए ।जिसमें चुनाव की दृष्टि से हर विधानसभा में संसाधन जुटाना एवं कार्यकताओं को संसाधन उपलब्ध कराना ताकि चुनाव में कार्यकताओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इस पर जिला संयोजक श्री बीके सिंह ने कहा कार्यकताओं को संसाधन का दिक्कत नहीं होगा ।जो भी हो सकेगा संसाधन का व्यवस्था कर एकताओं को एनडीए जीत ने के लिए लगना पड़ेगा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर प्रेम सिंह कुशवाहा ने कहा हम लोग का एक ही उद्देश्य है बिहार में 40 का 40 सीट जीतना हाजीपुर से एनडीए उम्मीदवार चिराग पासवान को एक-एक कार्यकर्ता भाजपा का जी जान से लगकर रिकॉर्ड मत से जिताना यही हम लोग का लक्ष्य है फिर विस्तार से एक बैठक कार्यकताओं की शीघ्र होगी। बैठक में जिला सहसंयोजक नवीन कुमार सिंह, ,जिला प्रवक्ता डॉ मनोज सिंह सहित अन्य थे।

लूट,छिनतई गिरोह के सात गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर महनार अनुमंडल इलाके में लूट और छिनतई की घटनाओं का अंजाम देने वाला -7 अपराधी गिरफ्तार। पिछले दिनों महनार और देसरी में हुए 4 लूट और छिनतई की घटना का हुआ सफल उदभेदन ।वैशाली एसपी ने प्रेसवार्ता कर मीडिया को दी जानकारी। वैशाली एसपी हर किशोर राय ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के पास से 2 देशी पिस्टल,10 जिंदा कारतूस,4 मैगजीन, 6 महंगा मोबाइल,और 3 वाइक भी बरमाद किया गया है। गिरफ्तार 7 अपराधी में 3 समस्तीपुर जिला का रहने वाला है।

सतगामा के पास वाहन जांच के दौरान दंपति और पुलिस के बीच हुई नोकझोंक, पुलिस के खिलाफ आक्रोशित लोग करने लगे हंगामा

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई- मलयपुर मुख्य मार्ग पर सतगामा के पास अगामी लोक सभा चुनाव को लेकर चेकपोस्ट बनाया गया है। यहां प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट की निगरानी में पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी वाहनों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पति-पत्नी सवार एक बोलेरो वाहन की तालाशी ली गई। इस दौरान वीडियो बनाने को लेकर दंपति और पुलिस कर्मियों के बीच नोकझोंक हो गई। और जमकर तूतू- मैंमैं होने लगी। इस दौरान पुलिस कर्मियों के द्वारा वीडियो बनाने को लेकर मोबाइल छीन लिया गया।।।फिर धीरे-धीरे स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और दंपति के पक्ष में लोगों का आक्रोश पुलिस के प्रति फूट पड़ा।

स्थानीय लोगों ने पुलिस के द्वारा दंपति के ऊपर थप्पड़ चलने को लेकर जमकर हंगामा करने लगे और पुलिस की रवैया व गलत व्यवहार पर सवाल खड़े करने लगे ।स्थानीय लोगों के आक्रोश को देख पुलिस प्रशासन बाद में शांत हुई। वहीं वाहन जांच के दौरान दंपति द्वारा अभद्र व्यवहार करने व मारपीट करने का आरोप पुलिस पर लगाया गया है। वाहन जांच के दौरान थैला वह बैग में रखें सारे सारा सामान को बिखरने वह गलत तरीके से वाहन जांच करने का आरोप पुलिस पर लगाया है। जबकि पुलिस ने इस आरोप को गलत बताते हुए सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने की बात कही है। हालांकि मामला ज्यादा तुल पकड़ता इससे पहले टाउन थानाध्यक्ष अरुण कुमार भी चेक पोस्ट पर पहुंच गए और फॉरेन मामले को रफा दफा कर शांत कराया गया।

मैथिली भाषा में बनी राजा सहलेस फिल्म का हुआ रिलीज आज



प्रात : किरण, संवाददाता

दरभंगा मैथिली भाषा में बनी राजा सहलेस फिल्म का रिलीज आज दरभंगा रजनीश पैलेस में धूमधाम से किया गया इस फिल्म में मैथिली भाषा में बनी फिल्म को लेकर दर्शकों की भीड़ उमर पड़ी है इस फिल्म में राजा सलहेस और मालिन बहनों की जोड़ी बखुबो से दिखाया गया है। राजा सलहेस किस तरह एक भगवान बनते हैं, उनका बचपन किस माहौल में बिता और पहाड़ो और जंगलों के देवता शैलेश से सलहेस कैसे बने। सलहेस एक चक्रव्यूह में भी फसते हैं कैसे चंद्रावती उन्हें अपने जाल में फसाकर बदनाम करने की कोशिश करती है पर मालिन बहनों की चतुराई ने उन्हें दोषमुक्त किया। एक बहुत बड़ी बजट के साथ इसका निर्माण किया गया है। यह मैथिली फिल्म के इतिहास में पहली ऐसी फिल्म है जो बड़े पैमाने पर प्रदर्शित की गई। इसके मुख्य किरदार में प्रिय रंजन, दिब्या, प्रियंका, ममता शर्मा, नवीन चौधरी, विकाश कुमार, रोहित गुप्ता, संतोष अमन, मंगलानंद, प्रीति, प्रदीप।

मानव जीवन की समस्त समस्याओं का समाधान गायत्री मंत्र है: संदीप पांड

प्रात : किरण, संवाददाता

कुशेश्वरस्थान दरभंगा : मानव जीवन की समस्त समस्याओं का समाधान गायत्री मंत्र है। आज भी मनुष्य श्रद्धापूर्वक गायत्री महामंत्र का जाप करें तो उनके जीवन की समस्त समस्याओं का समाधान हो सकता है। उक्त बातें कुशेश्वरस्थान बाजार स्थित मां वैष्णवी दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित चार दिवसीय 24 कुण्डली गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार को टोली नायक संदीप पांडे ने अपने प्रवचन में कहीं। उन्होंने कहा कि मूल रूप से गायत्री मंत्र सद्बुद्धि का मंत्र है। आज सद्बुद्धि के अभाव में मानव जीवन में अनेक प्रकार के विकृतियां उत्पन्न हो गई है। इस लिए गायत्री हर एक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। गायत्री मंत्र के महत्व का उल्लेख करते हुए कथा वाचक श्री पाण्डे ने कहा कि गायत्री मंत्र 24 अक्षर को मिलकर बना है। कहा जाता है कि इन चौबीस अक्षरों में 24 अवतार,24 ऋषि,24 शक्तियां,24 सिद्धियां और 24 शक्ति बीज भी शामिल हैं। इस मंत्र की जाप से इन सभी शक्तियों का लाभ और सिद्धियों की प्राप्ति होती है। कहा कि यह मंत्र सभी मंत्रों से ज्यादा प्रभावशाली होता है। शास्त्रों में भी गायत्री मंत्र को बहुत शक्तिशाली बताया है। इसके जाप से मन एकाग्र और ज्ञान में वृद्धि होती है। इससे मानसिक शक्ति बढ़ती है और नकारात्मक शक्तियां जपकर्ता से दूर चली जाती है। कहा कि गायत्री मंत्र से मानसिक शांति मिलती है और जीवन में खुशियों का संचार होता है। यह मंत्र इश्वर तक पहुंचने तथा मन की शांति पाने के लिए सर्वश्रेष्ठ और सरल उपाय है। संगीतमय कथा में सहयोगी के भूमिका में शामिल सहायक टोली नायक बनवारी लाल सैनी,गायक प्रशांत कुमार,वादक भरत राठौड़ और संचालक धर्मेंद्र सोलंकी के बीच बीच में प्रसंग आधारित संगीतमय भजन कीर्तन की प्रस्तुति से पंडाल में उपस्थित श्रोताओं ने भक्ति रस में डूबे रहे। इससे पहले अपराह्न में देव आवाहन,हवन के अनुष्ठान से यज्ञ शुरू हुआ। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर हवन एवं गायत्री मंत्र का जाप किया ।इस अवसर पर भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें कुंवारी कन्या सहित अन्य लोगों ने भाग लेकर लाजीज व्यंजन एवं पूरी मिठाई का जमकर लुत्फ उठाया।

सम्पादकीय

औसत भारत बेरोजगार है

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन का मानना है कि सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती। जब बेरोजगारी की बात उठती है, तो समाधान की तुलना में अंदाजा लगाना आसान होता है। वह अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और मानव विकास संस्थान की ह्यभारत रोजगार रपट 2024ह्ल को पेश किए जाने के अवसर पर बोल रहे थे। यदि बेरोजगारी सरकार का कोई सरोकार नहीं है, तो देश के जीडीपी के आंकड़े और आर्थिक विकास दर कैसे तय की जाती है। क्या जीडीपी भारत के हवा-पानी का ही कोई संकलन है? जीडीपी देश के नागरिकों के रोजगार, उनके संसाधन और अंशदान के आधार पर ही आकार लेता है। बेशक हमारी अर्थव्यवस्था की विकास-दर निरंतर जारी है। फरवरी, 2024 में जो डाटा सामने आया है, उसके मुताबिक, जीडीपी की विकास-दर 2023-24 में 7.6 फीसदी रहेगी। यह पहले के अनुमान 7.3 फीसदी से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में यह आकलन किया गया है कि 2024-25 में विकास-दर 7 फीसदी रह सकती है। हमारी विकास-दर दुनिया के सभी बड़े देशों की तुलना में सर्वाधिक है, लिहाजा आम भारतीय का गदगद होना स्वाभाविक है। हालांकि औसत भारतीय आज तक इसका विश्लेषण नहीं कर पाया है कि विकास-दर से उसकी प्रत्यक्ष आय में कितनी बढ़ोतरी होती है। आर्थिक बढ़ोतरी के बावजूद चिंताएं श्रम बाजार, श्रम बल, उत्पादक रोजगार आदि को लेकर ज्यादा हैं। आईएलओ की रपट के मुताबिक, भारत देश के कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी 2000 में 54.2 फीसदी से बढकर 2022 में 65.7 फीसदी हो गई है। जो रोजगार बढ़ा है, उसके दो-तिहाई में स्वरोजगार वाले कामगार हैं। कृषि में भी बेरोजगारी बढ़ी है। मैन्यूफैक्चरिंग में भी रोजगार की हिस्सेदारी स्थिर रही है। संकेत चिंताजनक हैं, जिन पर गंभीर मंथन किया जाना चाहिए। आईएलओ रपट में भारत में कुल 83 फीसदी बेरोजगारी बताई गई है, तो यह क्या है? मुख्य आर्थिक सलाहकार जरा देश को समझाएं कि क्या 83 फीसदी देश बेरोजगार है? दरअसल भारत के विकास का केंद्रीय मुद्दा यह रहा है कि अधिक से अधिक नौकरियां पैदा की जाएं। बेशक यह अकेले सरकारी क्षेत्र में संभव नहीं है, लेकिन निजी क्षेत्र की भी शिकायत रही है कि उन्हें हुनरमंद कामगार ही नहीं मिल पा रहे हैं, जबकि कंपनियों में रिक्तियां हैं। नौकरियां या रोजगार के अवसर पैदा करना ही बहुत बड़ी चुनौती है। स्वरोजगार में भी दिहाड़ीदार भी शामिल हैं। रपट बताती है कि श्रम बाजार में औसतन हर साल 70-80 लाख नए कामगार प्रवेश करते हैं। हालांकि युवा बेरोजगारी में 2019 में 17.5 फीसदी से 2022 में 12.1 फीसदी की कमी आई है, लेकिन यह बेरोजगारी शहरी इलाकों के पढ़े-लिखे युवाओं में अधिक है। यदि इस वर्ग को देश के जनसंख्याई लाभांश में तबदील करना है, तो ज्यादा से ज्यादा, हर किस्म के, रोजगार पैदा करने होंगे। उद्योग और सेवा-क्षेत्र में हुनरमंद रोजगार बढ़ा है, लेकिन यह देश के श्रम बाजार की जरूरतों के विपरीत है। विडंबना यह भी है कि यदि नौकरी निकले चपरासी की, जिसके लिए शैक्षिक पात्रता 5वीं पास मांगी जाए, लेकिन 3700 पीएचडी धारक बेरोजगार भी आवेदन कर दें, तो यही कहा जा सकता है कि शैक्षिक डिग्रियां भी नौकरी की गारंटी नहीं हैं। यह हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए गंभीर चुनौती है। देश की कामकाजी उम्र की आबादी करीब 63 फीसदी है। फिलहाल यह स्थिर है। यह जनसंख्या की ऐसी खिडकी है, जिसके जरिए अर्थव्यवस्था को नाटकीय रूप से बदला जा सकता है और नौकरियां ही नंबर एक सामाजिक और आर्थिक मुद्दा हैं। पता नहीं, हमारे देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार किस विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र पढ़ कर इस पद तक पहुंचे हैं? हमारे युवा, जो फिलहाल रोजगार, शिक्षा और प्रशिक्षण में नहीं हैं, उनकी हिस्सेदारी 29.2 फीसदी है। यह दक्षिण एशिया में सर्वाधिक है। बीते एक दशक के दौरान वेतनभोगियों अथवा स्वरोजगारों की औसत आमदनी या घटी है अथवा यथावत रही है। आम चुनाव का दौर है, लिहाजा सभी राजनीतिक दलों को बेरोजगारी के मुद्दे पर ईमानदारी से सोचना चाहिए।

मुद्दा : महिलाओं में जागरूकता

पिछले 30-35 वर्षों में जैसे-जैसे स्त्रियों में जागरूकता आई है, नये कानूनों के प्रति वैसे-वैसे उनके अंदर सदियों से दबे-कुचले होने, दोयम दर्जे की नागरिक होने का अहसास गहराया है।पहले वे इसे अपनी नियति मानती थीं, पर अब अधिकार। यह अधिकार खासकर शहरी, शिक्षित स्त्रियों ने समझा है। वे इस अधिकार को अब छीन कर, दूसरे पक्ष को कुचल कर, नेस्तनाबूद करना चाहती हैं। एक हिंसक प्रवृत्ति उनमें जाग गई है। यह घातक है समाज-देश के प्रति। वे जगें अच्छा है, अपना अधिकार भी पाएं पर दूसरे पक्ष को नष्ट करके यह अच्छा नहीं है। इसमें वे खुद भी कहीं की नहीं रहतीं। उनका भी परिवार नष्ट होता है। बच्चे तितर-बितर हो जाते हैं।एक और बात भी है। वे ऐसा इसलिए करती हैं कि अकेली भी रहें तो तगड़ी एलिमनी या मेंटेनेंस लेकर, बिना काम किए अच्छा जीवन गुजार सकें। इस पूरे काम में उनके माता-पिता, भाई-बहन भी शामिल हो जाते हैं। वे उन्हें लडे-झगडे, अलग होने, बच्चा लेकर मायके बैठ जाने को प्रेरित करते हैं। ऐसे में उन्हें सास-ससुर, देवर-ननद के लिए कुछ भी करना शुरू से बोझ लगता है। ससुराल जाते ही उनकी रट लग जाती है अलग रहो, मां-बाप को छोड़ो, मेरे घर के पास रहो या वहीं रहो। मेरे मां-बाप की वैसी सेवा करो जैसे अपने मां-बाप की करते हो। वे भी तुम्हारे मां-बाप ही हैं आदि-आदि। आज असंतुष्ट जोड़े लाखों में हैं।शुरू-शुरू में लड़की ससुराल वालों पर दहेज का, भरण-पोषण के अधिकार का, घरेलू हिंसा का, तलाक का अलग-अलग मुकदमा, चार अलग-अलग राज्यों में करती तो विभिन्न तारीखों पर पति हमेशा इस राज्य से उस राज्य, नौकरी छोड़ भागते रहने को मजबूर हो जाता। माता-पिता को दुखी देखते, 498ए आईपीसी में पूरे परिवार को, नाते-रिश्तेदारों को जेल जाते देख हताशा में वह आत्महत्या भी कर लेता था। पति बचाओ आंदोलन दूर-दूर तक फैलने लगे। वे खुले में अपना ऑफिस भी नहीं चला पाते थे। यह उनके लिए शर्म भरी बात थी कि पत्न ी से पीड़ित हैं। ऐसे वकील भी शमार्ते थे, यहां तक कि न्यायालय पूरी तरह से वधुओं के पक्षधर लगते थे।धीरे-धीरे अदालतों की भी आंखें खुलने लगी हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने कई मामलों में देखा है कि स्त्रियों ने एक ही केस के 4-5 टुकड़े कर देश के 4-5 भागों में जाकर एक-एक केस करना शुरू किया है। पति चारों तरफ भागता हुआ, अपनी नौकरी, मानसिक शांति खोकर, परिवार को दुखी कर, हताश हो, 15-20 वर्षों में लुटा-पिटा सारी शर्तें मान नष्ट हो जाता है। अब सर्वोच्च न्यायालय कहता है छह वर्ष होते-होते सर्वोच्च न्यायालय आओ और एलिमनी तलाक यहीं पाकर सारे झंझटों से मुक्ति पाओ। पर हैरानी की बात है कि वह ऐसा नहीं कह रहा कि एक ही मुकदमे में सारी बातें एक जगह कह कर सारे झगड़ों से मुक्त हो जाओ।हाल का सर्वे कहता है-पिछले तीन सालों में देश भर में कार्यरत परिवार अदालतों में सवा तीन लाख से अधिक मुकदमे हुए हैं। यह खुलासा केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के आंकड़ों से हुआ है। इसकी वजह पति-पत्नी के बीच अहं (इगो) बताया जाता है। हम इसी बात से संतोष किए जा रहे हैं कि विवाद बढ़े तो पर सबसे कम तलाक भारत में होते हैं। देश भर में 812 परिवार अदालत कार्यरत हैं जहां 11 लाख से अधिक मामले लंबित हैं। परिवार मामलों में विभिन्न तरीकों के केस का अर्थ है-घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड, तलाक, बच्चों की कस्टडी, दांपत्य अधिकारों की पुनर्स्थापना, किसी भी व्यक्ति की वैवाहिक स्थिति की घोषणा, वैवाहिक संपत्ति का मामला, गुजारा भत्ता, पति-पत्नी में विवाद पर बच्चों से मिलने का अधिकार, बच्चों का संरक्षक होने का मामला आदि।बीते तीन वर्षों में दाखिल घरेलू विवाद हैं-2021 में 4,97,447; 2022 में 7,27,587; 2023 में 8,25,502। बीते तीन वर्षों में निपटाए गए विवाद-2021 में 5,31,506; 2022 में 7,44,700 और 2023 में 8,27,000। ऐसा होने का मुख्य कारण है लड़कियों का ऐसे घर में विवाह करना जहां इकलौता लड़का हो, अमीर हो, अच्छी जॉब में हो, माता-पिता वृद्ध हों। ऐसे घर में विवाह करने के बाद लड़की के माता-पिता लड़की को ट्रेनिंग देते हैं-छोटी-छोटी बात पर किच-किच करो, अलग होने की जिद करो, चार-पांच केस करो, जहां जाओ वहां एक केस अलग-अलग राज्य में, हो सके तो एक बच्चा पैदा करो, प्रेग्नेंट होते ही मायके चली आओ, आते ही बच्चे और अपना मासिक भत्ता मांगो, हम साथ हैं। जो लड़की बचपन से मायके में है, उसे वहां का परिवेश जाना-पहचाना लगता है, मोटे माल, संपत्ति की आशा में अब उसे वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जाता है मायके में। पर वह लड़की अपना भविष्य, अपने बच्चे का भविष्य नहीं सोचती। आसान जिंदगी की आशा में एक वीरान जिंदगी उसका आसरा देखती होती है। ऐसे में लड़कियां सोचें, सावधानी से आगे बढ़ें, केस करना है तो आपसी सहमति से तलाक लें, और जल्द अलग हो जाएं।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के निहितार्थ

फिर कहने लगे जिसने जो पूछना हो, मुझसे वर्चुअली पूछ लें। कानून को अपने दरवाजे तक आने से रोकने के लिए उन्होंने हर तरीका इस्तेमाल किया। लेकिन जिस शराब घोटाले में वे घिरे हुए थे, उस शराब की गंध उनका पीछा नहीं छोड़ रही थी। छोड़ती भी कैसे, जब एक बोतल खरीदने पर दूसरी बोतल मुफ्त में मिल रही थी। कहा भी गया है मुफ्त की शराब तो काजी को भी हलाल होती है। इसी मुफ्त की शराब ने ह्यदिल्ली के इस काजीह्ल को भी नंगा कर दिया जो कभी भ्रष्टाचार की शराब को हाथ तक न लगाने की कसमें खाता था। लेकिन एक और मामला सचमुच चिंतित करता है। जर्मनी ने भारत सरकार को कहा है कि अरविंद केजरीवाल को न्याय मिलना चाहिए। भारत सरकार को दिल्ली स्थित उनके काऊंसलर को कहना पड़ा कि भारत की न्याय व्यवस्था संविधान से चलती है। इसलिए जर्मनी को बेवजह चिल्ला नहीं चाहिए। अब जर्मनी की सरकार केजरीवाल को लेकर चिंता प्रकट करती है तो यकीनन विदेशी अखबारों में सुर्खियां तो बनेंगी।



कुलदीप चंद अग्निहोत्री
लेखक वरिष्ठ स्तंभकार

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अंततः गिरफ्तार कर लिए गए। उन्हें दिल्ली में हुए शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया। केजरीवाल ने अपनी राजनीतिक यात्रा अन्ना हजारे के शिष्य के तौर पर शुरू की थी। उनकी गिरफ्तारी पर अन्ना हजारे ने जो कहा, उसका सार है कि उसे उसके कर्मों का फल मिला। उनके एक अन्य पूर्व सहयोगी कुमार विश्वास, जिनका दावा है कि वह केजरीवाल की रग-रग जानता है, की टिप्पणी है कि जैसा पेड़ बोया वैसा फल खाया। इसे केजरीवाल के जीवन का सर्वाधिक विरोधाभास ही कहा जाएगा कि उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा कट्टर ईमानदार होने के नारे के साथ शुरू की थी और उनकी गिरफ्तारी कट्टर भ्रष्टाचार के मामले में हुई। तथाकथित भ्रष्टाचार भी लोगों को शराब सप्लाई करने के मामले का, जिसका उल्लेख अन्ना हजारे ने भी किया कि मेरे साथ तो वह शराब हटाने की बात करता था और अब ह्यशराब फैलानेह्ल लगा। दरअसल केजरीवाल को अपने पकड़े जाने का अंदेशा उसी दिन हो गया था जिस दिन उनके एक मंत्री सत्येन्द्र जैन इसी केस में पकड़े गए थे और तमाम कानूनी दांवपेचों के बाद भी नहीं छूटे। यह अंदेशा उस दिन खतरा बन गया जब उनकी सरकार के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया इसी शराब के केस में पकड़े गए और अभी तक जेल में हैं। इस खतरे पर मोहर उनके एक दूसरे सहयोगी सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी ने लगा दी। शुरू में केजरीवाल को लगता था कि उनके पकड़े गए सहयोगियों की जल्दी ही जमानतें हो जाएंगी और कानून के हाथ उन तक नहीं पहुंच पाएंगे। लेकिन जब इनको जेल में बैठे साल से भी ज्यादा होने लगा तो केजरीवाल समझ गए कि शराब घोटाला उनके गले की फांस बन गया है।

इसी भय के कारण उनकी हरकतें किसी डरे हुए आदमी की तरह होने लगी थीं। डरा हुआ आदमी किसी भी तरह राहत पाने के लिए बार-बार कचहरी की ओर भागता है। वैसे भी बड़े-बड़े वकील विश्वास दिला ही देते हैं कि केस में कुछ नहीं है, आपका कोई बाल बांका नहीं कर सकता है। राम जेठमलानी इसके बारे में एक कथा सुनाया करते थे। जिज्ञासा हो तो गूगल में खोजें। वैसे शक तब भी बढ़ गया था जब उनके वकील के कानूनी तर्क यह भी होने लगे थे कि केजरीवाल अपनी कमीज पैंट के अंदर नहीं डालते। वे खांटी आम आदमी हैं। लेकिन साथ ही यह भी बताते रहे कि मुख्यमंत्री भी हैं, इसलिए उनके पास गिरफ्तार होने के लिए समय नहीं है। वे लगातार जनता की सेवा में लगे हैं। लेकिन कानून तो मुख्यमंत्री के लिए भी वही है जो आम आदमी के लिए है। इसी कानून के चलते लालू यादव, ओम प्रकाश चौटाला बरसों जेल में रहे। उनके पास तो जनता की सेवा करते समय भी जेल जाने का समय था, लेकिन केजरीवाल को जब भी कानून का समन आता था तो वे कभी होली, कभी दिवाली का बहाना बना कर जाने से इन्कार कर देते थे। पहले तो वे यही कहते रहे कि किसी को भी मुझे समन करने का अधिकार ही नहीं है। फिर कहने लगे जिसने जो पूछना हो, मुझसे वर्चुअली पूछ लें। कानून को अपने दरवाजे तक आने से रोकने के लिए उन्होंने हर तरीका इस्तेमाल किया। लेकिन जिस शराब घोटाले में वे घिरे हुए थे, उस शराब की गंध उनका पीछा नहीं छोड़ रही थी। छोड़ती भी कैसे, जब एक बोतल खरीदने पर दूसरी बोतल मुफ्त में मिल रही थी। कहा भी गया है मुफ्त की शराब तो काजी को भी हलाल होती है। इसी मुफ्त की शराब ने ह्यदिल्ली के इस काजीह्ल को भी नंगा कर दिया जो कभी भ्रष्टाचार की शराब को हाथ तक न लगाने की कसमें खाता था। लेकिन एक और मामला सचमुच चिंतित करता है। जर्मनी ने भारत सरकार को कहा है कि अरविंद केजरीवाल को न्याय मिलना चाहिए। भारत सरकार को दिल्ली स्थित उनके काऊंसलर को कहना पड़ा कि भारत की न्याय व्यवस्था संविधान से चलती है। इसलिए जर्मनी को बेवजह चिल्ला नहीं चाहिए। अब जर्मनी की सरकार केजरीवाल को लेकर चिंता प्रकट करती है तो यकीनन विदेशी अखबारों में सुर्खियां तो बनेंगी। लेकिन उसके कुछ दिन बाद अमरीका की सरकार ने अपना मुंह खोला। उसने कहा कि हम आशा करते हैं कि केजरीवाल के साथ न्याय होगा। मुझे लगता है बारी-बारी से अब कुछ और देश भी केजरीवाल के प्रति अपनी चिंता प्रकट करेंगे। इन देशों का सरगना यदि अमरीका को ही मान लिया जाए तो यकीनन वही निर्णय करता होगा कि केजरीवाल की चिंता करने के लिए किस देश की बारी कब आएगी। लेकिन असली प्रश्न थोड़ा और गहरा है। कुछ दिनों के अंतराल के बाद दो प्रदेशों के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले मे गिरफ्तार किए गए हैं। सबसे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरफ्तार किए गए थे। उसके कुछ दिनों के बाद दिल्ली नगर के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार किए गए। न जर्मनी ने और न ही अमरीका ने भारत से इस बात की गुजारिश की कि हेमंत सोरेन से न्याय किया जाना चाहिए। लेकिन क्या कारण है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के तुरंत बाद जर्मनी और अमरीका अब मैदान में आ खड़े हुए हैं। यदि जरूरत पड़ी तो छिपे हुए ऐसे दूसरे पहलवान भी मैदान में उतरकर अपने करतब दिखाएंगे। केजरीवाल में ऐसा कौनसा चुंबक है जो हेमंत में नहीं है। जिन दिनों केजरीवाल दिल्ली में अपना मजमा लगा रहे थे और अन्ना हजारे को बहला-फुसला कर वहां ले आए थे, तब मैंने इस विषय पर लिखा था। उस समय कांग्रेस का पतन ही नहीं बल्कि दिल्ली के चाणक्यपुरी के अमरीका दूतावास के विशेषज्ञों ने आकलन कर लिया था कि आने वाले चुनावों में कांग्रेस का धरातल खिसक रहा है। केवल खिसक ही नहीं रहा, बल्कि यह महल जर्जर हो चका है और 2014 के चुनाव का भार यह सह नहीं पाएगा, बल्कि भरभराकर गिर जाएगा। लेकिन इससे देश की राजनीति में बहुत बड़ा खालीपन पैदा हो जाएगा। पार्टी सबसे पुरानी तो है, पिछले दस साल से राज भी कर रही थी। कांग्रेस के इस प्रकार लडखड़ा जाने से शून्य उत्पन्न होगा, उसे कोई न कोई तो भरेगा ही। उस समय यह भी स्पष्ट होने लगा था कि भारतीय जनता पार्टी इस शून्य को भर ही नहीं सकती, बल्कि वह उसके लिए बिल्कुल तैयार है।

अमरीका और उसके मजहबी साथियों की चिंता का यही सबसे बड़ा कारण था। भाजपा जिस भारतीयता और भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की बात करती है, वह अमरीका और उसके साथियों को चिंतित करता है। इसलिए दिल्ली में आनन-फानन में बड़ा मजमा जमाया गया और उसको नैतिक आधार प्रदान करने के लिए महाराष्ट्र से अन्ना हजारे को लाया गया। जब तक अन्ना हजारे या दूसरे लोग कुछ समझ पाते, तब तक खेला हो चुका था। आम आदमी पार्टी बन गई थी। उसने लोकसभा के चुनावों में प्रायः हर सीट पर अपना प्रत्याशी खड़ा कर दिया था। खुद वाराणसी में नरेंद्र मोदी के खिलाफ खड़े हो गए और उसके दूसरे साथी कुमार विश्वास अमेठी में ताल ठोकने लगे। भारतीय मीडिया में इस नए प्रयोग की इतनी चर्चा नहीं हुई जितनी विदेशी मीडिया में हो रही थी। लेकिन यह प्रयोग सफल नहीं हुआ और कांग्रेस के महल के गिरने से उत्पन्न हुए शून्य को, अमरीका और उसके साथियों की तमाम सांस्कृतिक चिंताओं के होते हुए भी, भारतीय जनता पार्टी ने भर दिया। लेकिन शायद कुछ विदेशी शक्तियां भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण को देख कर ज्यादा ही घबरा गई हैं और डूबते को तिनके का सहारा देने के लिए केजरीवाल की चिंता कर रही हैं। यह सीधा-सीधा भारत की न्यायिक व्यवस्था पर अविश्वास प्रकट करने के समान है।

लाल सागर : नौवहन में बाधा घातक

इसके प्रतिउत्तर में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा-दोस्त इसी के लिए होते हैं।इ वास्तव में यह जलपोत लगभग 10 लाख अमेरिकी डॉलर की कीमत वाला तथा करीब 37800 टन माल ले जाने की क्षमता से युक्त है। इस अभियान में भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस कोलकाता की विशेष भूमिका रही क्योंकि उसने एम. वी. रूएन जलपोत के स्टीयरिंग सिस्टम और नेवीगेशनल सहायता व्यवस्था को अक्षम बना दिया था।निःसंदेह लाल सागर में हूती विद्रोहियों की घातक गतिविधियों के कारण जहां इस क्षेत्र से होकर की जाने वाली तेल आपूर्ति में व्यवधान पड़ा है, वहीं विदेश व्यापार भी प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से प्रभावित हुआ है। इस संकट से उभरने के लिए लाल सागर में सभी प्रकार के जलपोतों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की सामूहिक और सामयिक जरूरत है। आसपास के समुद्री मागरे की सुरक्षा के लिए सभी देशों को समय रहते सजग, सतर्क और सशक्त बनाना होगा ताकि आर्थिक और व्यापारिक विरोधी गतिविधियों पर समय रहते सही ढंग से लगाम लगाई जा सके।

डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्रा
लेखक

यमन में हूती समुद्री लूटेरों से संबद्ध संघर्ष में निरंतर होती वृद्धि और लाल सागर में व्यावसायिक जलयानों पर जारी हमले बड़ी चुनौती के रूप में उभरे हैं।अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों ने 17 मार्च, 2024 के रोज एक और जलयान को निशाना बनाकर कथित रूप से हमला किया। हूती आतंकवादी इजराइल का समर्थन करने के लिए अमेरिका तथा ब्रिटेन को विशेष रूप से अपना विद्रोह प्रदर्शित करके इस क्षेत्र में घातक हमले कर रहे हैं। यमन में हूती विद्रोहियों की तेजी के साथ बढ़ती आक्रामक गतिविधियों ने न केवल अपने विरोधियों को ही प्रभावित किया है, बल्कि लाल सागर के इस संकट से इस क्षेत्र से होने वाला समुद्री व्यापार भी बाधित हो रहा है। मालवाहक जलयानों का इस क्षेत्र से आवागमन बाधित हुआ है, वहीं वैल्पिक मार्ग का इस्तेमाल कर रहे दुनिया भर के देशों के मालवाहक जलपोत लंबी दूरी तय करके आवाजाही कर रहे हैं, जिससे उनकी लागत में इजाफा हो रहा है। उल्लेखनीय है कि अदन दक्षिणी यमन का बंदरगाह शहर है, जहां देश की निर्वासित सरकार है। हूती विद्रोहियों ने इसी इलाके पर अनेक बार ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए हैं। परिणामस्वरूप अदन की खाड़ी से ईधन और अन्य मालवाहक जलयानों की आवाजाही बाधित हुई है। हूती विद्रोहियों का कहना है कि वे इजराइल को हमास के खिलाफ गाजा पट्टी में अपना आक्रमण बंद करने के लिए मजबूर करना चाहते हैं। लाल सागर में हूती विद्रोहियों के आक्रमण से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की समस्या उत्पन्न हो गई है।जलयान कंपनियां परेशान तथा डरी हुई हैं क्योंकि लंबा जलमार्ग अपनाने से उनका समय एवं लागत, दोनों बढ़ जाते हैं, जिसका प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रभाव आयात-निर्यात पण्राली पर पड़ेगा। ये हमले वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी बड़ी और कड़ी चुनौती बन चुके हैं।

अमेरिका से मिली एक जानकारी के अनुसार 23 दिसम्बर, 2023 को हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से इजराइल जाने वाले सभी देशों के जलपोतों पर हमला करने की चेतावनी दी थी। लाल सागर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के रास्तों पर दो एंटीबैलेस्टिक मिसाइलें भी फायर करके इजराइल समर्थक देशों को आगाह किया था। सामरिक, आर्थिक, व्यापारिक और कूटनीतिक दृष्टि से लाल सागर विश्व भर के सबसे संवेदनशील एवं महत्त्वपूर्ण समुद्री मागरे में गिना जाता है। स्वेज नहर भू-मध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है। स्वेज नहर से प्रति वर्ष 17000 से ज्यादा जलपोत अपना आवागमन करते हैं।एक जानकारी के मुताबिक, लाल सागर से लगभग 12 प्रतिशत वार्षिक वैश्विक व्यापार किया जाता है। यदि हम भारत की बात करें तो हमारे देश का 200 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का व्यापार स्वेज नहर और लाल सागर के रास्ते से होता है। लाल सागर जल-डमरू वैश्विक कंटेनर यातायात के 30 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 12 प्रतिशत के लिए विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है। यूरोप के साथ भारत की लगभग 80 प्रतिशत वस्तुओं का व्यापार भी इसी मार्ग से होता है। इसी समुद्री मार्ग से भारत अपना 50 प्रतिशत निर्यात और 30 प्रतिशत आयात करता रहा है। वास्तव में लाल सागर में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की सामयिक आवश्यकता है।अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों ने इसी माह एक और जलयान को निशाना बनाकर जोरदार हमला कर दिया। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंग्डम मैरीटाइम ट्रेड आपरेशंसइ केंद्र ने इस बारे में बताया कि वास्तव में आकस्मिक हमला अदन के अपतटीय क्षेत्र में हुआ। अमेरिकी सेना की मध्य कमान के अनुसार यमन में हूती के नियंत्रण वाले क्षेत्र में पांच ड्रोन नौका और एक ड्रोन को तबाह कर दिया गया है। यह अभी तक नष्ट की जाने वाली ड्रोन नौकाओं की सबसे अधिक संख्या है जो असामान्य है। भारतीय नौसेना अरब सागर के विभिन्न क्षेत्रों में समुद्री सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक अपने युद्धपोत तैनात किए हुए है।समुद्री टोह लेने के लिए विमानों की भी तैनाती कर दी गई है। भारतीय तट से लगभग 1400 समुद्री मील (लगभग 2600 किलोमीटर) दूर लगातार लगभग 40 घंटे तक चलाए गए अपने अभियान के दौरान उसने न केवल माल्टीज ध्वज वाले अपहृत व्यापारिक जलयान एम. वी. रूएन के चालक दल के 17 सदस्यों को सुरक्षित रिहा कराया, बल्कि 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को भी आत्मसमर्पण के लिए बाध्य कर दिया। इस अभियान में भारतीय वायु सेना ने भी सक्रिय भूमिका निभाई जिसने सी-17 एयरक्राफ्ट के जरिए मार्कोस (विशेष समुद्री कमांडो) को एम. वी. रूएन पर एयर ड्राप करवाया। इस एयर क्राफ्ट के सक्रिय सहयोग से दो लड़ाकू नौकाओं को भी उनके सटीक स्थान तक पहुंचाया। भारतीय नौसेना ने अनेक विदेशी जलयानों की सुरक्षा में भी सहयोग दिया है ।

न्याय पर कौशिश-ए-कब्जा आपातकाल से बद्तर अमृतकाल....?

ओमप्रकाश मेहता

क्या भारत में एक दशक के शासन के बाद शासक पर ह्यगुरूरह्ल सवार हो जाता है? क्या फिर सत्ता के शासन को बदनाम या लज्जित करने के लिए नही, बल्कि सत्यता पर आधारित है, आजादी के बाद सत्रह साल पं. जवाहर लाल नेहरू की सरकार रही, जिसने कई विवादित फैसले लिए, जिनसे देश कई दृष्टि से प्रभावित हुआ, उसके बाद इंदिरा जी आई, उन्होंने भी करीब एक युग अर्थात बारह साल राज किया, जिसमें आपातकाल के बीस महीनें शामिल थे, इनके बाद कुछ अल्पकालिक प्रधानमंत्री आए और इस शताब्दी के प्रारंभ में डॉ. मनमोहन सिंह की ह्यरिमोर्ट कंट्रोलह्ल वाली सरकार आई, जिसने कई विवादित फैसले लिए और एक वरिष्ठ अर्थशास्त्री के राज में देश अपने अर्थशास्त्र में फिसल गया, इनके बाद पिछले करीब एक दशक से भी ज्यादा समय से श्री नरेन्द्र कुमार दामोदरदास मोदी देश के प्रधानमंत्री है, जिनके इरादे देश पर हावी होने का प्रयास कर रहे है।

यह सब मैंने आज इसलिए याद दिलाया क्योंकि आगे जो मैं बताना चाहता हूँ, वह किसी भी देश के प्रजातंत्र के लिए सुखद नहीं कहा जा सकता। हमारा भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्री देश माना जाता रहा है, यद्यपि हमने इस विश्वव्यापी विश्वास को कई बार खण्डित करने का प्रयास किया, किंतु वह इसके बावजूद अभी भी कायम है। लेकिन अब ऐसा कुछ होने के आसार नजर आ रहे हैं, जिससे विश्व का यह विश्वास खण्डित होता नजर आने लगा है।

यह सर्वज्ञात है कि प्रजातंत्र की परिभाषा जहां ह्यह्यजनता के लिए, जनता के द्वारा और जनता का शासनह्लह्ल है, वहीं प्रजातंत्र के घोषित रूप से चार और अघोषित रूप से तीन अंग है, घोषित रूप से कार्यपालिका, न्यायपालिका, जनपालिका और खबरपालिका है, लेकिन समय ने खबरपालिका को इससे बाहर कर दिया क्योंकि खबरपालिका ने अपने दायित्व का सही तरीके से पालन नही किया, इसलिए अब प्रजातंत्र के शेष तीन ही अंग शेष रहे, हमारा इतिहास गवाह है कि आजादी के बाद से अब तक इंदिरा जी जैसे चंद शासक आये जिन्होंने प्रजातंत्र के सभी अंगों पर अवैध रूप से कब्जा करने की कौशिशें की और अब पुनः देश मौजूदा शासनकाल के दौरान भी उन्हीं प्रयासों की पुनर्रावत्ति देखने को मजबूर है।

मेरे इस आरोप का गवाह वह पत्र है जो देश के वरिष्ठतक छः सौ वकीलों ने देश के मुख्य न्यायाधिपति को लिखा है, जिसमें स्पष्ट रूप से मौजूदा केन्द्र सरकार पर यह आरोप लगाया गया है कि वह देश के प्रजातंत्र की एकमात्र स्वतंत्र इकाई न्यायपालिका पर कब्जा करने का असंवैधानिक प्रयास कर रही है। यद्यपि मोदी सरकार ने देश की न्यायपालिका के इस विवाद को राजनीतिक दायरे में लाने का प्रयास कर वकीलों के इस प्रयास को कांग्रेस के साथ जोड़ने का प्रयास किया है, किंतु देश में चल रहे कथित ह्यअमृतकालह्ल की समीक्षा के दायरे में न्यायपालिका के इस विवाद को किस श्रेणी में रखा जाएगा? यह एक विचारणीय सवाल है, यद्यपि देश का अब तक का इतिहास गवाह है कि जब-जब सरकार ने न्यायपालिका पर कब्जे का प्रयास किया, तब-तब उसका अंत निकट आया है और आज भी इसी माहौल में यही आसार दिखाई दे रहे है, जिसका अहसास मगरूर सत्ताधीशों को नही हो रहा है, किंतु यहां यह भी सत्य है कि देश का आम वोटर अब 1952 का वोटर नही रहा, जिसे सत्ता गुमराह कर देती थी, आज का वोटर जागरूक है और वह सब जानता है, इसलिए इस पूरे घटनाक्रम को अतीत से जोड़कर देखना ठीक नही होगा, पुरातनकाल और आज की स्थिति-परिस्थिति में काफी फर्क है। अब वकीलों का यह गंभीर आरोप की देश की न्यायपालिका सत्ता के राजनीतिक दबाव में काम कर रही है, गंभीर जांच का विषय है, जिसे गंभीरता से लेकर जनता की अदालत को इस चुनावी बेला में चिंतन करना चाहिए और इस आरोप का फैसला भी होना चाहिए, क्योंकि इस पर देश की आस्था व विश्वास आधारित है। इसलिए सर्वप्रथम देश की जागरूक जनता यह सोचे कि चुनावी बेला में यह गंभीर आरोप सामने क्यों आया? और इसका उत्तर क्या हो सकता है?

संक्षिप्त खबरें

पुलिस ने एक शराबी को किया गिरफ्तार

परसा। शराब पीकर हंगाम कर रहे एक शराबी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार शराबी पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया. उक्त गिरफ्तार शराबी स्थानीय थाना के सिकटी गाँव निवासी देवलाल राम का पुत्र राज कुमार राम बताया जाता है.

15 लीटर देशी शराब किया जब्त

परसा।गुप्त सुचना के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के परसौना में छापेमारी करते हुए 15 लीटर देशी शराब जब्त कर लिया. उक्त शराब धंधेबाज अंधेरा का फायदा उठाते हुए भगने में सफल रहा.पुलिस ने शराब तस्कर को चिन्हित कर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

माँझी थाना पुलिस ने शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

माँझी। माँझी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर घोरहट के समीप से एक शराब तस्कर को शुक्रवार को स्कूटी समेत दबोच लिया। इस सम्बंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अमित कुमार राम ने बताया की सूचना मिली थी कि एक तस्कर स्कूटी की डिग्गी में शराब छुपाकर ले जा रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कूटी पर सवार होकर भाग रहे तस्कर को पीछा करके पकड़ लिया। गिरफ्तार तस्कर दाउदपुर थाना क्षेत्र के मदन साठ गाँव निवासी सुदर्शन राम का पुत्र रवि कुमार बताया जा रहा है। तस्कर की डिग्गी से लगभग 15 लीटर शराब बरामद होने की खबर है।

विद्यालय से कंप्यूटर चोरी होने को लेकर प्रधानाध्यापक ने दर्ज कराई प्राथमिकी

तरैया थाना क्षेत्र के पंचभिंडा गांव स्थित मध्य विद्यालय पंचभिंडा से रात्रि में विद्यालय के दरवाजा के घुंडी काटकर अज्ञात चोरों द्वारा कम्प्यूटर की चोरी कर ली गई थी।इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक योगेंद्र प्रसाद ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि सुपर स्टार सेक्युरिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 11 नवम्बर 2023 को 10 कम्प्यूटर सेट विद्यालय में लगाया गया था।जिससे विद्यालय के छात्र छात्राए कम्प्यूटर की शिक्षा दी जा रही थी।20 मार्च 2024 को जब विद्यालय पहुंचा तो बच्चो ने बताया कि कम्प्यूटर कक्ष के दरवाजा का घुंडी कटा हुआ है तथा 10 मोनिटर,10 यूपीएस,10 कीबोर्ड,10 माउस, 20 पॉवर केबल चोरी कर लिया गया है।कम्प्यूटर की सुरक्षा हेतु चयनित एजेंसी द्वारा रात्रि प्रहरी उपलब्ध नहीं कराई गई थी। पुलिस प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

इसुआपुर में तुलसी जयंती शुरू

इसुआपुर। प्रखंड के खोभारी साह प्लस टू स्कूल एवं मध्य विद्यालय इसुआपुर के प्रांगण में शुक्रवार को तुलसी जयंती के 49 वें वार्षिक समारोह की शुरूआत हुई।3 अप्रैल तक चलने वाले इस धार्मिक समारोह में भजन, कीर्तन, प्रवचन आदि कार्यक्रमों के आयोजन किए गए हैं। जिसके लिए मुंबई से राधारंग जी महाराज, छपरा से सुश्री प्रियादर्शनी, चित्रकूट से आचार्य अनूप मिश्रा, कीर्तन व भजन गायकों का पदार्पण हो रहा है। तुलसी जयंती आयोजन समारोह के सचिव अमरनाथ प्रसाद, त्रिभुवन चतुर्वेदी, महादेव साह, देवीलाल सिंह कुशवाहा, शिक्षक अनिल चौरसिया, पिन्टू प्रसाद, हरि नारायण प्रसाद, अशोक चौबे, बीरेंद्र चौबे,मधु चौबे व अन्य समिति सदस्य कार्यक्रम की सफलता को लेकर जोर-शोर से लगे हुए हैं।

जिलाधिकारी ने अनुश्रवण समिति का किया गठन

छपरा। सचिव गृह विभाग सैनिक कल्याण निदेशालय के निर्देश के आलोक में सारण में जिला पदाधिकारी अमन समीर ने जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति का गठन कर दिया है।अनुश्रवण समिति गठन हो जाने से सेवारत एवं भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन होगा, तथा कार्यों में भी पारदर्शिता आएगी। बता दें कि लंबे समय के बाद अनुश्रवण समिति का गठन किया गया है, नवगठित समिति जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्य करेगी। सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशानुसार जिला अनुश्रवण समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी होंगे, जबकि उपाध्यक्ष उप विकास आयुक्त होंगे। जिला अनुश्रवण समिति में एसपी उपाध्यक्ष के रूप में होंगे।जबकि सदस्य सह सचिव के रूप में जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी होंगे। इसके अलावा सदस्य के रूप में अन्य पदाधिकारी को रखा गया है उनमें, अपर समाहर्ता सारण, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, मढ़ोरा एवं सोनपुर, प्रभारी पदाधिकारी इसीएचएस सारण, अग्रणी बैंक पदाधिकारी सारण, रामनारायण यादव सदर, भूतपूर्व सूबेदार हरिवंश प्रसाद मढ़ोरा तथा भूतपूर्व हवलदार प्रेमचंद सिंह सोनपुर आदि प्रमुख है।

शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के आधार हैं सेक्टर पदाधिकारी : डीवाईईओ

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सेक्टर ऑफिसर का कार्य निर्वाचन प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण है. उनका दायित्व सबसे पहले शुरू होकर अंत तक रहता है. उक्त बातें उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने राजपूत स्कुल में आयोजित सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण में कहीं. उन्होंने कहा कि सेक्टर के रूप में नियुक्त होते ही आप सीधे चुनाव आयोग के अधीन हो जाते हैं. उनका कार्य चार माह पूर्व शुरू होकर चुनाव के दिन उनके सेक्टर के अन्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों की मतदान सामग्री एवं समस्त प्रपत्र जमा होने तक रहती है. उनके जिम्मे ही लॉ ऐंड ऑर्डर का संधारण भी रहता है. आपसे यह अपेक्षा की जाती है कि अबतक मतदान केन्द्र तक पहुंच मार्ग, मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, एएमएफ, भेद्यता मानचित्रण और आवश्यक कार्रवाइयों के साथ मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट से संबंधित कार्य पूरे कर लिए होंगे. अब आपको इवीएम के परिचालन को ठीक ढंग से समझ लेना चाहिए. बूथ पर मॉक पोल से लेकर, सीलिंग, वास्तविक पोल, विभिन्न घोषणा आदि आपकी निगरानी में होने हैं. आपके पास ही रिजर्व इवीएम होगा. आवश्यकता पड़ने पर मशीन को बदलना और तत्काल उसकी रिपोर्टिंग करना आपकी जवाबदेही है. साथ ही आपके द्वारा सी और डी श्रेणी का इवीएम वापस वेयर हाऊस में जमा कराया जाना है. आपको मतदान प्रबंधन प्रक्रिया और ईवीएम कार्यप्रणाली, उसके त्रुटि का निराकरण को बारीकी से समझते हुए उसमें दक्षता हासिल होनी चाहिए. स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए आप प्रथम आधार हैं. कुल 12 कमरों में संचालित प्रशिक्षण में घूम घूम कर अवर निर्वाचन पदाधिकारी एखलाक अंसारी ने महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया. इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने सेक्टर पदाधिकारियों के कार्य एवं उत्तरदायित्वों को विस्तारपूर्वक बताया. मौके पर डीपीओ माध्यमिक शिक्षा संजय कुमार, मास्टर ट्रेनर रामाधार प्रसाद, शुभ नारायण ओझा, विनय प्रताप सिंह, विनय कुमार तिवारी, रमेश चंद्र, विजयेंद्र कुमार विजय, मणिकांत तिवारी, राजीव चौधरी, सुशील कुमार, अजित कुमार सिंह अल्का सहाय, नागेंद्र कुमार मिश्र आदि उपस्थित थे.

इसुआपुर से बालू लदी ट्रक हुआ चोरी

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के एसएच 90 छपरा-इसुआपुर मुख्य सडक के पुरसौली गांव स्थित मां समलेश्वरी पेट्रोल पंप के पस बालू लदी ट्रक की चोरी हो गई है। ट्रक मालिक इसुआपुर थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी बच्चा राय ने घटना की प्राथमिकी स्थानीय थाने में दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि वह अपनी बालू लदी डब्लू बी 11 बी 0598 को मां समलेश्वरी पेट्रोल पंप के बगल में सड़क किनारे खड़ी कर रात्रि में अपने घर चले गए। अगले दिन सुबह आए तो वहां ट्रक नहीं था। वहीं पेट्रोल पंप पर लगे सीसी कैमरे के फुटेज को खंगाला गया तो उसमें साफ दिख रहा था कि 28 मार्च की रात्रि 12:45 बजे एक डीसीएम ट्रक से आए चोरों ने उनकी ट्रक को मशरक की ओर ले उड़े। ट्रक मालिक ने यह भी बताया कि उनकी चोरी गई ट्रक में लगे जीपीएस को चोरों द्वारा काटकर डिस्कनेक्ट कर दिया गया है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां आए दिन मोटरसाइकिल चोरी समेत बड़े वाहनों की चोरी होते रहती है। लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा इस प्रकार के मामले का उद्भेदन नहीं हो पाता है। पिछले दो माह पूर्व भी घटनास्थल से कुछ ही दूर एसएच 90 स्थित दरवां गांव के पास मुख्य सड़क पर खड़ी एक अन्य ट्रक की भी चोरी हो गई थी। उसमें भी लगे जीपीएस को चोरों द्वारा काटकर फेंक दिया गया था। वहीं इसुआपुर बाजार से आए दिन मोटरसाइकिल की चोरी होना आम बात है। वहीं पुलिस प्रशासन निष्क्रिय बना हुआ है।

आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पांच पर प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

तरैया। थाना क्षेत्र के मांझोपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में मंजू देवी ने तीन लोगों पर प्राथमिक दर्ज कराई है जिसमें सौरभ कुमार उर्फ गोलू,शिवम कुमार उर्फ छोटू व आलोक सिंह को आरोपित किया है।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मानसिक तौर पर बीमार मेरा पुत्र अभिषेक कुमार 10 बजे घर के बाहर बैठा हुआ था उसी समय उक्त लोग मेरे पुत्र के साथ मारपीट करते हुए घर के अंदर लेकर चले आए। मैं उसे बचाने गई तो मुझे भी मारपीट कर घायल कर दिया गया।जब 28 मार्च 2024 को मैं अपने अपने बाइक से एफआईआर करने जा रहे थे उसी वक्त बेलहरी गांव में एसएच 104 पर मेरे बाइक में पीछे से सौरभ कुमार और शिवम कुमार धक्का मार कर गिरा दिए और मेरे गर्दन से सोने का सीकरी और सोने का जीउतिया छीन लिए।

रब को राजी करने में गुजरा रमजान का तीसरा जुमा

छपरा कार्यालय

ऐ अल्लाह मुल्क में अमन व शांति कायम करना. मेरे गुनाहों को माफ करना और मेरा रोजा कबूल करना. मुझे बुराईयों से बचाए रखना और इंसानियत की सीख देना. मस्जिदों में हाथ फैलाए रोजेदार अल्लाह से ऐसी ही दुआ कर रहे थे. मौका था माह-ए-रमजान के तीसरे जुमे की खास नमाज अदा करने का. इस सिलसिले में जिले की मस्जिदों में खास तैयारियां की गई थीं. मार्केट में भी चहल-पहल देखने को मिल रही थी. माह-ए-रमजान के तीसरे जुमा की नमाज शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों की छोटी बड़ी तमाम मसजिदों में अदा की गयी. फर्ज नमाजों के साथ कसरत से नफल नमाज अदा की गयी. तिलावत कलाम पाक किया गया. पूरा जुमा रब को राजी करने में गुजरा. शुक्रवार के भोर में रोजेदारों ने सहरी खायी. पुरुषों ने मस्जिदों में तो महिलाओं ने घरों में नमाज अदा की. इसके बाद कुरआन शरीफ की तिलावत की गई और जुमा की नमाज की तैयारी शुरू हो गयी. जुमा की अजान होने तक मस्जिद नमाजियों से भर गयी. इसके बाद नमाजियों ने सुन्नतें अदा की. इमाम ने तकरीर पेश की. खुदा की हम्द व सना बयान की. रमजान की फजीलत पर रोशनी डाली गयी. इमाम के साथ सभी ने खुदा के बारगाह में दुआ के लिए हाथ उठाए. इमाम की दुआ पर सभी ने आमीन की सदाएं बुलंद की. लोगों ने घर लौट कर भी तिलावत व तस्बीह की.

रोजा बीमारियों को दूर करता हैः मौलाना वलीउल्लाह कादरीः काजी-ए-शहर मौलाना वलीउल्लाह कादरी ने कहा कि रोजा रखने में बहुत सी हिकमतें हैं. रोजा रखने से भूख और प्यास की तकलीफ का पता चलता है. इससे खाने-पीने की चीजों की अहमियत के बारे में वाकिफ होते हैं. इंसान खुदा का शुक्र अदा करता है. रोजा से भूखे और प्यासे पर मेहरबानी का जज्बा पैदा होता है. क्योंकि मालदार अपनी भूख याद करके गरीब मोहताज की मदद को आगे आता है. रोजा से भूख बर्दाश्त करने की आदत भी पड़ती है. अगर कभी खाना मयस्सर न हो तो इंसान घबराता नहीं है. रोजा(उपवास) बहुत सी बीमारियों का इलाज है. पाचन तंत्र दुरुस्त होता है. कैंसर का खतरा कम होता है. उन्होंने कहा कि सामान्य तौर पर अन्य महीनों में और खास तौर पर रमजान माह में फकीर व अन्य मांगने वालों को न झिड़कें. गरीबों, जरूरतमंदों की मदद करें. अगर मौका मिले तो उनको इफ्तार और खाने में शरीक करें और सवाब हासिल करें.

अखंड अष्टयाम को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

गरखा (सारण) गरखा प्रखंड क्षेत्र जलाल बसंत पंचायत खेम्हा ब्रह्मबाबा के प्रांगण मे अखंड अष्टयाम को लेकर भव्य कलश यात्रा और शोभायात्रा निकाली गई. जलभरी शोभायात्रा में हांथी, घोड़े, बैंड-बाजों के बीच युवक, युवतियों, महिलाओं-पुरुष श्रद्धालुओं की काफी संख्या थी जय श्रीराम हर हर महादेव जय हनुमान, जय श्री कृष्णा के जयकारों के बीच शोभायात्रा जलाल बसंत खेम्हा ब्रह्मबाबा प्रांगण से निकल कर बंगारी, जगदीशपुर, नारायणपुर, मोहरमपुर होते हुए ठाकुरबाड़ी बसंत पहूंची, वहीं यज्ञाचार्य पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच आमी गंगा घाट से लाई गई गंगा जल कलश में भरी गई. जलभरी के बाद शोभायात्रा खेम्हा ब्रह्मबाबा प्रांगण अखंड अष्टयाम पूजा स्थल पर पहुंची हरिद्वार से आए यज्ञाचार्य मनीष तिवारी ने कहा कि हरे राम, हरे कृष्ण संकीर्तन से आस-पास के वातावरण शुद्ध होने के साथ सामाजिक एकता, भाईचारा, सौहार्द बढ़ने के साथ मन को शांति मिलती है। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि अखंड अष्टयाम पूजा पूर्णाहुति के दिन 30 मार्च शनिवार को रात्रि में सुदर्शन यादव (अरवल) एवं कमलवांश कुंवर (बक्सर) के बीच दुगोला कार्यक्रम आयोजित किया गया है. मौके पर शोभायात्रा में मुख्य रूप से सोहन मांझी राहुल कुमार यादव नंदकिशोर राय सोहन राय सीतानंद राय गुलामे गौश पासपति राय ओमप्रकाश मांझी मैनेजर राय जयप्रकाश राम, गोपाल राय, कालीचरण राय, श्यामबाबू राय सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरुष मौजूद थे।

भाजपा द्वारा कुशवाहा समाज को टिकट नहीं दिए जाने पर आक्रोश

छपरा। भारतीय जनता पार्टी -बिहार द्वारा संसदीय चुनाव -2024 में बिहार में कुशवाहा समाज को एक भी टिकट नहीं दिए जाने से कुशवाहा समाज में आक्रोश ब्याप्त है। वर्णित सम्बन्ध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कुशवाहा समाज के नेताओं ने कहा है की आज बिहार में 90 प्रतिशत से अधिक कुशवाहा भाजपा के साथ है, बावजूद इसके भाजपा ने एक तरफ जहाँ बिहार में कुशवाहा समाज को एक भी टिकट न देकर अपमानित करने का काम किया है,तो दूसरी तरफ कुशवाहा समाज के लिए अपनी खून का एक - एक कतरा बहा देने की बात करने वाले बिहार प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष श्री सम्राट चौधरी जी के औकात को भी बताने का काम किया है, जो कुशवाहा समाज को बिल्कुल मंजूर नहीं है। सम्राट अशोक महान के वंसज कुशवाहा समाज किसी ब्यक्ति और पार्टी का गुलाम नहीं, वह स्वाभिमान के साथ जीना जानता है। वह अपने हक - अधिकार के लिए स्वं लड़ना भी जानता है।

श्रद्धांजलि सभा आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

एकमा। एकमा नगर पंचायत की मुख्य पार्षद श्वेता रानी की जेठानी समाज सेविका रमावती देवी के निधन पर गुरुवार की शाम ब्लॉक रोड स्थित उनके आवास पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचकर बड़ी संख्या में लोगों ने दिवंगत रमावती देवी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके कृतित्व व व्यक्तित्व की चर्चा की। श्रद्धांजलि सभा महाराजगंज के निवर्तमान सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल समेत गौरव किशन सिंह, केशव सिंह, भाई मुन्ना सिंह, विनोद सिंह, उपाध्यक्ष राजकुमार मांझी, शिक्षक मंजित तिवारी, सुनील सिंह, नेशार अहमद, अरविंद श्रीवास्तव, लोजपा के जिला उपाध्यक्ष रौशन भवानी सिंह, रिविलगंज के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सोनू यादव, कोपा मुख्य पार्षद प्रतिनिधि पुस्तामी खान, अवधेश यादव, स्व. रामावती देवी के पति प्रकाश चन्द्र, ललन राम, कौशल किशोर रवि, गजेंद्र दास, राजेश कुमार, मुख्य पार्षद पति दीपक कुमार, विनोद कुमार, डॉ जगपति प्रसाद, ज्योति चंद्र, आशिश राज, सुमित राज, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्र नाथ सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

झोपड़ीनुमा घर में लगी आग लाखों का सामान जलकर राख

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी सारण गुरुवार की देर रात झोपड़ीनुमा घर में लगी आग में एक मजदूर परिवार का आशियाना जलकर राख हो गया। घटना दाउदपुर थाना क्षेत्र के आदर्शग्राम बरेजा की है। जहाँ एक गरीब परिवार की झोपड़ी में संचित कीमती व रोजमर्रा का सामान जलकर नष्ट हो गया। जिसमे वर्षो की परिश्रम से संजोया धन , कपड़ा , आभूषण चौकी विछावन, बर्तन ,राशन नगदी समेत कई समान देखते ही देखते राख में बदल गए। पीड़ित परिवार के कमलेश महतो पत्नी आरती देवी ने बताया कि प्रतिदिन की भांति गुरुवार को खाना खाकर सो रहे थे तभी करीब तीन बजे रात बिजली की शर्ट सर्किट से अचानक आग लग गयी। दंपति उसी घर मे सोए थे। बगल में स्टैंड फैन चल रहा था। इसी क्रम तार से चिंगारी उड़ी और आग तेज लपटों के साथ झोपड़ी में पकड़ लिया। परिजन निकल के बाहर भागे और शोर किया। गांव व मुहल्ले के लोग इकठ्ठा होकर आग पर काबू पाते तबतक सबकुछ जलकर कर नष्ट हो गया। ग्रामीण अंगद मिश्रा व रंजन यादव ने बताया कि बताया कि उक्त परिवार निहायत गरीबी अवस्था से गुजर बसर करता है। पीड़ित मजदूरी कर अपने बाल बच्चों का पालन पोषण करता है। किसी तरह झोपड़ीनुमा आसियान बना कर रहता था। होली से पूर्व घर मे राशन व परिवार के लिए कपड़े खरीदे थे। वही पत्न ी को नगद सात हजार रुपये रखने के लिए दिए थे वही भी आग की विभीषिका में समाप्त हो गया। अब तो दो जून की रोटी और आशियाने के लिए परिवार फफक फफक कर रोते नजर आए। वही इस घटना की जानकारी पंचायत के मुखिया राजेश पांडेय ने मांझी सीओ को दिया। जहाँ सीओ ने तत्काल राजस्व कर्मचारी सतेंद्र पाण्डेय पहुँच आगलगी की जानकारी ली। तथा हरसंभव सहयोग का आश्वाशन दिया।

माँझी नगर पँचायत में जी पी एल नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ उदघाटन

माँझी। नगर पँचायत क्षेत्र के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के प्राँगण में गुरुवार को जी पी एल नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का विधिवत उदघाटन राजद नेता सुधांशु रंजन ने किया। टूनार्मेंट के सभी मैच दस दस ओवर के खेले गए जिसके लिए पर्याप्त रोशनी और टेंट आदि की व्यवस्था की गई थी। आयोजक राहुल कुमार ने बताया कि उक्त टूनार्मेंट में आस पास की ग्रामीण टीमें भाग ले रही हैं। टूनार्मेंट के विजेता एवम उपविजेता को आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। अपने सम्बोधन में सुधांशु रंजन ने आयोजन की सराहना की तथा कहा कि गांव स्तर पर नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन सराहनीय प्रयास है। यह ग्रामीणों को स्वस्थ मनोरंजन उपलब्ध कराएगा। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से मैच खेलने की अपील की। मौके पर आयोजक टीम के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में दर्शक आदि मौजूद थे।

मोदी संग बिहार विडियो गीत लॉन्च

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। बिहार भाजपा द्वारा मोदी संग बिहार वीडियो सॉग लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण छपरा राजेंद्र सरोवर के पास पर किया गया। वीडियो गीत लॉन्च कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा बिहार प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र सिंह, छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। बिहार प्रदेश भाजपा प्रवक्ता उपेंद्र सिंह ने कहा कि पूरा बिहार नरेंद्र मोदी जी के साथ है। पूरा बिहार मोदी मय है। इस बार बिहार के जनता ने यह तय कर लिया है कि इस बार 40 सीट राजग गठबंधन को देगी। डॉ सी एन गुप्ता ने कहा कि पूरे बिहार में मोदी जी की लहर है और इस बार 400 के पार सीट आना भी तय है। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि पूरे बिहार के कार्यकताओं में एक नया जोश उत्साह है। इस बार सभी कार्यकर्ता एनडीए गठबंधन के सभी सीटों को जीतने का काम करेंगे। आज के कार्यक्रम मुख्य रूप से लोकसभा संयोजक डॉ धर्मेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अनु सिंह, गायत्री देवी, महामंत्री विवेक कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार शाह, शत्रुघन भक्त मालाकार, जिला मंत्री सत्यानंद सिंह, रंजन यादव, कार्यालय मंत्री अर्द्धेन्दु शेखर, प्रवक्ता धर्मेंद्र चौहान, मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह,एसी मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्णा राम,पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुरंजन कुमार, भरत मांझी, जिला पार्षद सदस्य गुड्डू साह, पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, नगर संयोजक अनिल यादव अनूप यादव,शत्रुघ्न चौधरी, चरण दास ,सरिता गुप्ता ,ममता मिश्रा,पीडी बाबा, प्रदीप सौरभ, दीपक कुमार इत्यादि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों की जांच

माँझी। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। शुक्रवार को माँझी प्रखंड के सलेमपुर ब्रह्म स्थान के समीप मुख्य मार्ग पर पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिग के दौरान विभिन्न तरह के कागजात की जांच कर गड़बड़ी पाए जाने पर जुमार्ना लगाने का काम किया जा रहा है। इस वजह से वाहन सँचालको की परेशानी बढ़ गई है।वाहन जाँच में माँझी के सीओ सौरभ रंजन ने बताया कि अब लगातार वाहन चेकिग अभियान चलाया जाएगा। जिससे अवांछित तत्वों को पकड़ा जा सकेगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए वाहन चेकिग अभियान को गति दिया जा रहा है।

जयंती पर हिंदी विभागाध्यक्ष ने लिया हिस्सा

प्रात : किरण संवाददाता

छापर सदर। राजभाषा विभाग मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा जयंती समारोहों की श्रृंखला में महादेवी वर्मा की जयंती आभासी मंच पर राज्य गीतकार श्री सत्यनारायण की अध्यक्षता में आयोजित हुई ।इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष ,प्रोफेसर अनीता व्याख्यान हेतु आमंत्रित की गई । उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि महीयसी महादेवी वर्मा छायावाद चतुष्टय की सशक्त कवयित्री के रूप में स्थापित हैं; साथ ही गद्य विशेषतः कथेतर विधाओं संस्मरण , रेखाचित्र , निबंध आदि में भी उनकी विशिष्ट पहचान है। उन्होंने आगे बताया कि उनकी कविताओं में ह्य दीपक ह्य एकांतिक साधना, त्याग, बलिदान का प्रतीक है ।वस्तुतः , महादेवी के जीवन का पूर्वार्द्ध परतंत्र भारत का तथा उत्तरार्द्ध स्वतंत्र भारत का साक्षी रहा । फलतः ,स्वप्न ,संघर्ष , पीड़ा , प्रेरणा ,त्याग ,बलिदान , दुःख इनके काव्य के अभिन्न अंग बन गए हैं। इनकी प्रसिद्ध पंक्ति ह्य मैं नीर भरी दुःख की बदली ह्य में वही दुःख एवं चिंताएं हैं जो कबीर की पंक्तियों में है - सुखिया सब संसार है खाए और सोए। दुखिया दास कबीर है जागे और रोए ।ह्व घट- घट में ईश्वर की उपस्थिति भाव महादेवी में भी है तभी तो गिल्लू गिलहरी,गौरा गाय, लूसी कुत्ता ,जैसे मानवेतर जीव उनकी आत्मा के अंश बन गए तथा परिवार का अंग बन कर पाठकों के मन मस्तिष्क पर अमिट छाप छोड़ जाते हैं। प्रो.अनीता ने अपने उद्बोधन में उनकी स्त्री विमर्श का दस्तावेज माने जाने वाले विचारोत्तेजक निबंधों के संग्रह ह्य श्रृंखला की कड़ियां ह्य की भी चर्चा की ।आजादी के पूर्व स्त्री संबंधी इनके विचार आज भी प्रासंगिक ,प्रेरक ,एवं विचारणीय हैं। प्रसिद्ध पत्रिका चांद की संपादिका , महिला विद्यापीठ की प्राचार्य के रूप में कुशल प्रशासिका आदि विविध प्रसंगों के परिप्रेक्ष्य में प्रो. अनीता ने महादेवी वर्मा को कोमल हृदया कवयित्री , ममत्व से परिपूर्ण स्त्री , और मानवता का अद्वितीय उदाहरण बताया । कार्यक्रम अध्यक्ष कविवर श्री सत्यनारायण ने अपने उद्बोधन में महादेवी की रचनाओं में निराशा हताशा नहीं बल्कि जीवन जीने की अभिलाषा है ।उपनिदेशक डॉ.प्रमोद कुंवर ने महादेवी वर्मा का साहित्यिक परिचय दिया ।आभासी मंच पर राजभाषा विभाग के निदेशक श्री सुमन कुमार सहित कई गणमान्य विद्वान एवं विद्यार्थी लगातार उपस्थित रहे। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ.प्रमोद कुंवर ने किया । जयप्रकाश विश्विद्यालय के माननीय कुलपतिमहोदय प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार बाजपेई ,प्रोफेसर हरिश्चंद्र समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद ,प्रोफेसर रणजीत कुमार कुलसचिव ,प्रोफेसर विश्वामित्र पांडेय कुलानुशासक ,प्रोफेसर सरफराज अहमद अध्यक्ष छात्र कल्याण, डॉक्टर दिलीप कुमार परीक्षा नियंत्रक तथा विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों ने प्रोफेसर अनीता को इस सम्मान के लिए बधाई दिया।

शहीद सेना के जवान का पार्थिव शरीर देखने के लिए उमड़ा भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

तरैया। भारतीय जल सेवा में कार्यरत तरैया गांव निवासी स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह कुशवाहा के पुत्र अर्जुन सिंह कुशवाहा की मौत हार्ट अटैक से 28 मार्च 2024 को हो गई थी। जो मुंबई नेवी कैंट में अफसर के पद पर तैनात थे। मुंबई से नेवी के पेटी ऑफिसर चंदन कुमार चौहान ने पटना दानापुर आर्मी कैंट के जवानों के साथ तिरंगे में लिपटा हुआ शहीद जवान के पार्थिव शरीर लेकर शुक्रवार को तरैया गांव पहुंचे ।दर्जनों नौजवानों ने पचौड़र में ही शहीद जवान के पार्थिव शरीर के आगे हाथो में तिरंगा लिए हुए शहीद जवान अमर रहे,बंदे मातरम,भारत माता की जय व जब तक सूरज चांद रहेगा अर्जुन तेरा नाम रहेगा के नारे लगा रहे थे ।शहीद के शव आने की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने अपने दलबल के साथ शहीद के शव के साथ तरैया उनके घर पहुंचे ।जवान के घर पर परिजनों और रिश्तेदारों का रो-रो कर बुरा हाल है। सेवा के जवानों ने गंडक नदी तट पर शहीद को दी अंतिम सलामी शहीद सेवा के जवान अर्जुन कुमार का अंतिम संस्कार गंडक नदी तट पर किया गया ।अंतिम संस्कार के मौके पर आर्मी कैंट दानापुर पटना से आए जवानों ने अंतिम सलामी दिया। शहीद के शव यात्रा में शामिल हुए जनप्रतिनिधि शहीद के शव यात्रा में दर्जनों जनप्रतिनिधि,समाजसेवी शामिल हुए। जिसमें प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह बिक्कू,पूर्वी जिला परिषद सदस्य हरिशंकर सिंह उर्फ हरि सिंह, मुखिया प्रतिनिधि शैलेंद्र राम,नेवी के लैंडिंग जवान आकाश चौरसिया,डॉक्टर त्रिलोकी नाथ सिंह,सरपंच प्रतिनिधि मेघनाथ माझी,पूर्व प्रमुख मंटू सिंह,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विपिन कुमार,भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह कुशवाहा,वार्ड सदस्य अवनीश कुमार सिंह,पत्रकार राणा प्रताप सिंह,पवन सिंह,मुकेश सिंह, अखिलेश सिंह सहित अन्य शामिल हुए।

बिहार के चौसा में किसान माताओं पर पुलिसिया दमन

प्रात : किरण संवाददाता

संयुक्त किसान मोर्चा बिहार की भाजपा-जदयू नेतृत्व वाली राज्य सरकार और भाजपा नेतृत्व वाली मोदी सरकार द्वारा 20 मार्च 2024 को बिहार के बक्सर जिला के चौसा गांव में माताओं, बुजुर्गों और बच्चों पर अन्यायपूर्ण दमन और अत्याचार की कड़ी निंदा करता है। पुलिस द्वारा किए गए आपराधिक हमले का उद्देश्य, किसानों का मुआवजा, रोजगार, पुनर्वास और पुनर्स्थापन के अधिकार के लिए 517 दिनों से चल रहा लोकतांत्रिक जन आंदोलन - जो 17 अक्टूबर 2022 से जारी है - को अवैध रूप से तितर-बितर करना था। क्रूर और भीषण पुलिस अत्याचार और दमन के शिकार हुए पीड़ितों की तस्वीरें और वीडियो दिल दहला देने वाली हैं, और बिहार के गांवों में मोदी-नीतीश राज के ह्यलोकतंत्र की जननीह्व की सच्चाई पर पूरे भारत के लोगों को शर्मसार करती हैं। बनारपुर गांव की 70 वर्षीय सुनीता देवी को बेरहमी से प्रताड़ित किया गया और उनके पूरे शरीर पर चोटें और खरोंचें आई हैं। यह शर्म की बात है कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मानवाधिकारों के इस घोर उल्लंघन के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई नहीं की। एसकेएम आम लोगों से किसानों पर राज्य के दमन को बर्दाश्त न करने की अपील करता है। पुलिस का आतंक अभी भी जारी है, 30 से अधिक ग्रामीणों को हिरासत में लिया गया है, कई घायल पुलिस और राज्य प्रशासन द्वारा आपराधिक कार्यवाही के डर से निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) के 1320 मेगावाट के कोयला बिजली संयंत्र की मेगा परियोजना, जिसका शिलान्यास 9 मार्च 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था, की लागत 11,000 करोड़ रुपये है। चौसा ब्लॉक में 1283 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई है। लेकिन इस विशाल अनुमान में भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन अधिनियम 2013 के अनुसार पर्याप्त मुआवजे के लिए कोई धनराशि में आवंटित नहीं की गई है। यह भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार की किसान-विरोधी नीति को उजागर करता है। एसकेएम गांवों में माताओं और बुजुर्गों पर क्रूर पुलिस अत्याचार के लिए पीएम मोदी और सीएम नीतीश से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने, दोषियों को पकड़ने और उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक जांच, सभी घायलों को मुआवजा, उचित मुआवजे के लिए 517 दिनों से चल रहे संघर्ष का तत्काल समाधान, सभी परियोजना प्रभावित परिवारों को रोजगार, पुनर्वास और पुनर्स्थापन की मांग करता है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 30 मार्च, 2024
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

होली पर्व खत्म होने के बाद बिहार से लौटने लगे परदेश

आरा। होली पूजा खत्म होने के बाद बिहार से लौटने लगे परदेस अपने काम पर आरा जंक्शन पर यात्रियों का भीड़ देखने को मिला सभी अपने-अपने काम पर लोटेने लगे वही पर मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक अशोक कुमार ने बताया कि 10 अप्रैल तक कोई ट्रेन में सीट खाली नहीं है तत्काल के लिए सुबह में लोग आधी रात से देखने को मिला लंबी कतार मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक ने बताया कि एक से दो टिकट तत्काल में ही मिल पाता है ऐसे सभी ट्रेनों में वेटिंग चल रहा है लोग वेटिंग टिकट लेकर यात्रा करने पर मजबूर है होली स्पेशल ट्रेनों की सीट खाली नहीं है होली पूजा खत्म होने के बाद आरा जंक्शन से हजारों यात्री अपने काम पर लौट रहे हैं ट्रेनों में चढ़ने के लिए हो रही है धक्का मुक्की वही आरपीएफ के जवानों के द्वारा यात्रियों को विशेष सहयोग किया जा रहा है किसी प्रकार का घटना ना हो जो आरा से स्पेशल ट्रेन होली के लिए खुल रहा है वह भी ट्रेन लगभग फूल ही जा रहा है।

डुमरिया गांव में गोली से जख्मी लोगों से मिला प्रतिनिधिमंडल

आरा। उदवंत नगर के बेलाउर एवं बिहिया थाना क्षेत्र के लहंग डुमरिया गांव में गोली से जख्मी लोगों से राजद व्यवसायी प्रकोष्ठ भोजपुर के जिलाध्यक्ष शिव कुमार साह एवं तैलिक साहू सभा भोजपुर के जिलाध्यक्ष कमला जी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल मिला। प्रतिनिधि मंडल ने शहर के बाबू बाजार स्थित शांति मेमोरियल अस्पताल में जाकर जख्मी एवं उनके परिजनों से पूछताछ कर हाल जाना, उन्होंने इस घटना की निंदा करते की तथा पुलिस से इस कांड में शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की इस अवसर पर बुधन जी, अभिषेक जी, राजेंद्र जी, अशोक जी, प्रेमचंद जी, संजय महासेठ इत्यादि मौजूद रहें।

दो पक्षों के बीच झड़प में हुई फायरिंग

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना क्षेत्र के सवार्नद डिहरी गांव में बीती रात किसी बात पर विवाद के बाद दो पड़ोसी आमने-सामने हो गए। इस दौरान दोनों में विवाद इतना बढ़ गया कि एक पड़ोसी ने घर से देशी कट्टा निकाल कर हवाई फायर कर दी। जिसके बाद कुछ समय के लिए घटना स्थल पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार दूसरे पक्ष के लोगों ने उससे देशी कट्टा छीन ली और पुलिस को सूचना दी। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर एक देशी कट्टा और एक गोली की खोखा को जप्त कर ली।

लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी कार्यकर्ताओं साथ करेंगे बैठक

सासाराम (रोहतास) सासाराम लोकसभा प्रत्याशी शिवेश राम शनिवार को भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। उसके उपरांत कैमूर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। इसके साथ हीं श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह का अभिनंदन भी किया जाएगा। इसको लेकर पार्टी द्वारा सभी विधान पार्षद, प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व विधायक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी, सदस्य, जिला पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष, पदाधिकारी, प्रकोष्ठ संयोजक, पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति, मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी, मंडल मोर्चा अध्यक्ष पदाधिकारी, एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को सूचना दी गई है। इसकी जानकारी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने दी हैं।

बाइक के साथ शराब धंधेबाज गिरफ्तार

दिनारा (रोहतास) पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी शराब और बाइक को जब्त कर लिया, मामले में एक कारोबारी गिरफ्तार। दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र के सरना चौक के समीप से नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत असियां निवासी योगेश कुमार को दस लीटर देसी शराब के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया।

बच्चों की लड़ाई में बड़े भिड़े, मारपीट में हुए घायल

रोहतास। जिले के अमेठी गाँव में बच्चों के विवाद में बड़े लोग भीड़ गए। घटना संझौली थानाक्षेत्र के अमेठी गाँव की है। घायल जोखन साह को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम में लाया गया है। घायल का फिलहाल ईलाज जारी है। घटना के संबंध में घायल जोखन साह के परिजन ने बताया कि अमेठी गाँव में बच्चे की विवाद को लेकर दूसरे पक्ष ने घर में घुसकर जमकर मारपीट किया।

एक मोटरसाइकिल पर छः की सवारी पड़ सकती है भारी

भोजपुर में सड़क दुर्घटना में हुआ इजाफा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले में इन दिनों सड़क दुर्घटना के मामले में वृद्धि हुई है। आये दिन बाइक सवार सड़क दुर्घटना में अपनी जान गवां बैठते हैं बावजूद इसके लोग अभी तक इसे गंभीरता से लेते हुए नहीं दिखाई दे रहे हैं। आये दिन सड़क दुर्घटनाओं के बावजूद सड़क पर चलने वाले लोग सड़क नियमो के अनुपालन में कोताही बरत रहे हैं। सवारी और दोपहिया वाहनों पर क्षमता से अधिक सवारी बिठाने, नियमो की अनदेखी कर गाड़ी चलाने, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, समेत नियमो की अनदेखी कर बिना हेलमेट और सीटबेल्ट के गाड़ी चलाना भारी पड़ रहा है। लोग अक्सर सड़क दुर्घटना में बड़ी गाड़ियों की चपेट में आने या आपसी भिड़ंत में जान गंवा रहे हैं। यातायात नियमों के उल्लंघन करने की एक ऐसी ही तस्वीर शुक्रवार की सुबह कोइलवर चौक पर देखने को मिली जहां एक स्प्लेंडर बाइक पर उसके क्षमता से अधिक लोग बैठकर सवारी कर रहे थे। बाइक चालक अपने आगे तेल की टंकी पर एक छोटी बच्ची को बैठाया हुआ था जबकि वो बच्ची के पीछे ड्राइविंग सीट पर बैठकर बाइक चला रहा था उसके पूछे एक युवक अपने गोद में एक बच्चे को लेकर बैठा था। बाइक के आखिर में एक महिला अपनी गोद में एक बच्ची को बिठाकर यात्रा करती हुई नजर आई। जिसकी भी नजर इस बाइक सवार पर पड़ी उसने दांतों तले अंगुली चबा ली।

कब- कब हुई सड़क दुर्घटना

- 04 जनवरी को एक तेज रफ्तार शराब लदी स्कॉर्पियो ने स्कड्डी में एक खड़े ट्रक में टक्कर मार दी.घटना में स्कॉर्पियो चालक बुरी तरह जख्मी हो गया।
- 10 जनवरी को कोईलवर बबुरा सड़क पर झलकुनगर एक ओवरलोड बालू लदी ट्रक तेज रफ्तार के कारण सड़क किनारे पलट गई जिसमें चालक बुरी तरह जख्मी हो गया।
- 15 जनवरी को कोईलवर-बबुरा पथ पर चनपुरा के समीप तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रहे एक राहगीर को धक्का मार दिया. इसमे बाइक सवार और राहगीर दोनो बुरी तरह जख्मी हो गए।
- 28 जनवरी को कोईलवर-चांदी पथ पर बहियारा बालू घाट के निकट सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को ट्रक ने ओवरटेक करने में ठोकर मार दी.घटना में बुजुर्ग की मौत हो गयी।
- 07 फरवरी को कोईलवर थाना मोड़ पर रॉंग साइड से आ रही एक फ्लाईऐश ईंट लदी ट्रैक्टर ने आल्टो में ठोकर मार दी इसमे एक कि घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि तीन अन्य बुरी तरह जख्मी हो गए।
- 15 फरवरी को कोइलवर-बबुरा रोड में चनपुरा के समीप बालू लदे एक ट्रक ने कोईलवर के ही बाइक सवार तीन युवकों को ठोकर मार दी जिसमें एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि दो में से एक कि अस्पताल में मौत हो गयी।
- 27 फरवरी को पटना-बक्सर फोरलेन पर विपरीत दिशा से तेजगति से आ रही एक कंटेनर ने बाइक सवार मां बेटे को कुचल दिया जिसमें दोनो गम्भीर रूप से जख्मी हो गए।
- 06 मार्च को कोईलवर-चांदी पथ पर धनडीहा बालू घाट के समीप आलू के खेत से वापस जुगड़गाडी से अपने घर कोईलवर लौट रही महिलाओं को तेजगति से आ रही बालू लदी ट्रक ने पीछे से ठोकर मार दी.इस घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि 6 अन्य घायल हो गए।
- 12 मार्च को कोईलवर-बबुरा पथ पर नारायणपुर के निकट सेमरा के दो बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया.इसमे एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया।
- 17 मार्च को स्कड्डी-नासरीगंज पथ पर लोदीपुर पोखरा के समीप अपने ही ट्रैक्टर के नीचे दबकर एक युवक की मौत हो गयी थी।
- 23 मार्च को कोईलवर सिक्सलेन पुल पर ऑल्टो और क्रेटा कार की आमने सामने की टक्कर में दो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी.दुर्घटना के समय दोनो कारों में 9 लोग सवार थे और क्रेटा रॉंग साइड से तेज गति से जा रही थी।
- 28 मार्च को कोईलवर के मनभावन मोड़ पर दो बाइक की टक्कर में एक बाइक पर सवार दोनो युवक बुरी तरह जख्मी हो गए इसमे एक कि इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौत हो गयी जबकि दूसरा जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। घटना के समय दोनो बिना हेलमेट के तेज गति से बाइक चला रहे थे।

गुड फ्राइडे प्रभु यीशु का बलिदान दिवस पर किया गया विशेष उपवास प्रार्थना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। गुड फ्राइडे प्रभु यीशु का बलिदान दिवस पवित्र शुक्रवार पर विशेष उपवास प्रार्थना दे होली सीवर चर्च आरा में किया गया। "दे दिहले क्रूस पर परनवा हो मोरे प्यारे यीशु जी, लहरें लहरें लहराई हो मोरे कुरुस के झंडा ,जब से मसीहा के चर्चा सुनाइल दुख मोर दूर भईल सुख घर आ इल,यीशु का लहू सारे पापों से शुद्ध करता हमें, यीशु ने अपना खून बहा कर मुझे बचा लिया।" सामूहिक गीतों को गाकर प्रभु यीशु मसीह की आराधना किया गया (चर्च में सर्वप्रथम मसीही (ईसाई) सामुदाय के लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर प्रभु यीशु के बलिदान को याद किया। रोमी साम्राज्य में क्रूस की सजा दिया जाता था यीशु की मृत्यु दर्दनाक था पिलाते राजा को धार्मिक अगुवा, फरिसी, शास्त्रीय, पुरोहितों ने झूठा दोष यीशु पर लगाकर पेश किया। जब पिलातुस राजा के सामने यीशु को मुकदमा खड़ा किया। गया तो उसने जांच कर पाया कि यीशु मे कोई दोष नही है परंतु भीड़ की मांग थी इसे क्रूस पर चढ़ाओ इस पर राजा ने 39/39 कोड़े मरवाने का निर्णय दिया और यीशु के शरीर को उनतालिस कोडे से जख्मी किया गया, मुंह पर थूका गया, सिर पर कांटों का ताज बनाया गया ,बैजनी वस्त्र पहनाकर, यहूदियों का राजा लिखकर ,बोलकर ठठा उड़ाया गया और कुस उठाकर गोलगोता पहाड़ पर काट के कुस पर किलो से जकड़ कर यहूदियों के राजा लिखकर डाकु ओ के साथ लटका दिया गया एक निर्दोष पवित्र मेमना समस्त मानव जाति के पापों के लिए सदा के लिए बलिदान हो गया जिस पर विश्वास करने से मानव जाति का उधार होता है।कुस की कथा क्षमा, प्रेम, त्याग, संबंध ,समर्पण, सेवा का संदेश है इस अवसर पर पादरी अनिल जीउत ने बताया कि गुड फ्राइडे ईसाइयों का पवित्र पर्व है पवित्र शुक्रवार प्रभु यीशु के बलिदान को याद कर कुस पर कहे अन्तिम सात वचनों पर विचार किया जाता है। हमें मानव जाति में प्रभु यीशु के संदेशों को जन-जन तक पहुंचना है क्रूस के कहे सात वचनों पर ,सुदेश्वर, सोनू, रजनी, निर्मला, आरती ,कविता पूजा कुमारी जोशना पास्टर अनिल जीउत ने अपने विचार रखें (विशेष गीत" दुख की राह चले करतार " रजनी ने गाया "कुस धारी काहे के कहइलमरियम के ललनवा" कविता पूजा ने गया बही बच्चों ने विशेष गीत सेनाओ का यहोवा हमारे संग संग है गाकर सबका मन मुग्ध कर लिया इस अवसर पर सोनू कन्हैया ,अनमोल, जोशना रौनक ,कुणाल, पिंकी ,आरती, निर्मला ,सोनी ,आलोक ,विधायपति, बीर बहादुर, आदी सैकड़ो लोग चर्च में मौजूद थे ।

भाजपा जिला कार्यालय मे 'मोदी संग बिहार सॉंन्ग ' का लॉंचिंग हुआ

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,आरा लोकसभा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता पुनम सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम रंजन चतुर्वेदी ने मोदी संग बिहार सॉन्ग का लॉंचिंग किया। जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश कार्यालय से बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा बिहार के भाजपा के सभी 17 लोकसभा मे मोदी संग बिहार साँन्ग का लाँचिंग किया गया।उसी कार्यक्रम के तहत आरा लोकसभा मे भी मोदी संग बिहार साँन्ग का लाँचिंग किया गया। मोदी संग बिहार साँन्ग लाँचिंग के बाद जिलाध्यक्ष और प्रदेश प्रवक्ता सह आरा लोकसभा मीडिया प्रभारी द्वारा प्रेस वार्ता किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आरा लोकसभा के प्रदेश से मीडिया प्रभारी पुनम सिंह ने कही कि दस वर्षो के भाजपा शासनकाल मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश मे बहुत तेजी से विकास हुआ है।सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ आज देश आर्थिक रूप से मजबुत हुआ है।केन्द्र सरकार की सारी योजनाएँ गरीब कल्याण, महिला, युवा,और किसानो के लिए है। आरा सांसद सह केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह द्वारा ऊर्जा क्षेत्र मे अतुलनीय विकास किया गया है।आज देश सोलर एनर्जी मे आत्मनिर्भर बन रहा है। बिहार की जनता ने सभी चालीस सीटो पर एनडीए प्रत्याशी को जिताने का संकल्प ले चुकी है और इस बार चार सौ पार कर एनडीए की सीट आएगा और पुनःनरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनकर देश को विकसित बनाएँगे। वही जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि भोजपुर जिला की जनता भाजपा से आर के सिंह को प्रत्याशी बनने पर गदगद है।आर के सिंह द्वारा भोजपुर जिला का अभूतपूर्व विकास किया गया. है।आज देश के सभी घरो मे बिजली पहुंग गया है। बिहार की जनता नरेन्द्र मोदी के साथ है। कार्यक्रम मे जिला उपाध्यक्ष ई.धीरेन्द्र सिंह, कौशल यादव,महामंत्री राकेश सिंह,मंत्री संतोष चंद्रवंशी, राहुल सिंह,प्रवक्ता नवीन प्रकाश,संतोष सिंह, राजेश सिंह,संतोष तिवारी,रमेश कुमार कर्ण,मनीष कुमार,शिवजी सिंह आदि थे।

कोइलवर ब्लॉक, मथुरापुर पंचायत मे परशुराम सब्जी मार्केट का किया उद्घाटन

आरा। परशुराम सब्जी मार्केट का उद्घाटन किया गया। कोइलवर ब्लॉक, मथुरापुर पंचायत के बभनौली ग्राम सूर्यमंदिर मानिक पुर के नजदीक परशुराम सब्जी बाजार का आज उद्घाटन सवर्गीय परशुराम नेता जी के धर्मपत्नी लीलावती राय, ललित नारायण, अमित नारायण, उमेश कुमार सुमन, अशोक जी, मुकेश,यादव रबिंद्र रजक, जिला परिषद,करीमन सरपंच मथुरा पुर, रौशन महतो राजू, दशरथ यादव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधि,जनता के संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया । उपस्थित वक्ताओं ने अपने संबोधन में बाजार के उद्देश्य और क्रेता विक्रेता के बीच आपसी सहयोग, होना चाहिए। संचालन सुमन जी कर्मचारी नेता गोपगुट ने किया।

रोहतास में चोरों का आतंक : घर में ताला बंद कर गाँव गये दो घरो में चोरों ने की भीषण चोरी

24 घंटे के भीतर चोरों ने एक ही मुहल्ले के दो घरों में भीषण चोरी की घटना को दिया अंजाम

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास। जिले के डेहरी नगर थानाक्षेत्र अंतर्गत न्यू डिलियाँ स्थिति लाल कॉलोनी मुहल्ले में चोरों ने दो दिनों के भीतर बंद पड़े दो घरों में भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना के बारे में पीड़ित गृह स्वामी ऋतु रंजन सिंह ने बताया कि होली के पूर्व उनका पूरा परिवार घर मे ताला बंद कर होली त्योहार मनाने के लिए अपने पैतृक गाँव नौहट्टा थानाक्षेत्र के टीपा गाँव गए हुए थे।

होली पर्व बीतने के बाद जब ऋतु रंजन सिंह अपने पूरे परिवार के साथ लाल कॉलोनी स्थित अपने मकान में पहुंचे तो बाहर के गेट का ताला खोलने के बाद देखा कि अंदर के मुख्य दो दरवाजे के ताले को तोड़ दिया गया है। अंदर प्रवेश करने के बाद घर का सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। अलमारी वगैरह के ताले तोड़े हुए थे। इसके बाद पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पीड़ित गृह स्वामी ऋतु रंजन सिंह ने बताया कि चोरों ने उनके घर से लगभग 40 से 45 लख रुपए की आभूषण और नगदी की चोरी की है। जिसमें लगभग 50 हजार के करीब नगदी और बाकी के सोने चाँदी के आभूषण सहित अन्य सामान थे।

वहीं घटना के 24 घंटे के पूर्व लाल कॉलोनी मोहल्ले में ही चोरों ने एक और बंद घर को निशाना बनाते हुए करीब 8 से 10 लख रुपए के नगदी और आभूषणों की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उक्त घर प्रमोद सिंह का बताया जा रहा है जो की होली पर्व मनाने वह अपने पैतृक गाँव रोहतास जिले के बघेला थाना अंतर्गत भव पोखर गाँव गए हुए थे। उनका भी घर बंद देख चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। होली पर्व में 24 घंटे के भीतर एक ही मोहल्ले में दो बंद पड़े घरों में भीषण चोरी की घटना को चोरों द्वारा अंजाम दिया गया है। जिसको लेकर मोहल्लेवासी सहित शहर के लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। जिस मुहल्ले में चोरों ने दो बंद पड़े घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है उसी मुहल्ले में डिहरी नगर थाना टीओपी-2 (पुलिस चौकी) स्थापित है। पुलिस चौकी होने के बावजूद चोरों ने बंद पड़े दो घरों में भीषण चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। वही इस मामले में पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जाँच में जुटे हुए हैं और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करने का पीड़ित परिवारो को आश्वासन दिया है।

01 अप्रैल से टोल टैक्स में होगी बढ़ोतरी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। अगर राष्ट्रीय राजमार्ग से आप यात्रा करते हैं तो अगले एक अप्रैल से यह यात्रा महंगी होने वाली है। नए वित्तीय वर्ष में कई चीजें बदलेंगी,कई जगह पर लगने वाले शुल्क में भी बढ़ोतरी होगी। इसी क्रम में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले गाड़ियों से लिये जाने वाले टोल में बढ़ोतरी की है। 01 अप्रैल से बढ़ी हुई दर से टोल की वसूली की जाएगी।इसे लेकर सभी टोल प्लाजा को एनएचएआई की ओर से 01 अप्रैल से नई दर से टोल लेने को कहा है।इसे लेकर पटना-बक्सर फोरलेन के कुल्हड़िया में कार्यरत मेसर्स भोलेशंकर विन्ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित टोल प्लाजा पर भी 01 अप्रैल से पुनर्निर्धारित नए दर से टोल लिया जाएगा।टोल मैनेजर राजीव मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में शुल्क में मामूली बढ़ोतरी की जाती है।आगामी वित्तीय वर्ष में भी एनएचएआई द्वारा एनएच से गुजरने वाली गाड़ियों से लिये जाने वाले टोल में मामूली बढ़ोतरी की गई है।इसके साथ ही मासिक पास की दरों में भी मामूली बढ़ोतरी होगी जो एक अप्रैल से प्रभावी हो जाएगी।

कुल्हड़िया टोल प्लाजा पर कितना बढ़ेगा टोल

- वाहन के प्रकार/ वनवे पहले/बाद में.../वापसी सहित पहले/बाद में
- कार/जीप/वैन/हल्के वाहन 100/100///150/155
- एलसीवी/एलजीवी/मिनी बस 160/165////240/250
- बस और ट्रक(02 एक्सेल) 340/345////505/520
- 03 एक्सेल व्यवसायिक वाहन 370/380////555/570
- 04-06 एक्सेल एचसीएम/ईएमई/एमएवी 540/545////795/815
- 07 और उससे अधिक एक्सेल वाले ओवरसाइज्ड वाहन 645/660////970/995
- इसके अलावे टोल प्लाजा के 20किमी के अंदर के गैर व्यवसायिक वाहनों को अब 330 के बदले 340 रुपये शुल्क देना पड़ेगा।

सदर अस्पताल में ईलाज के क्रम में नवविवाहित की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

बक्सर (शाहाबाद) जिला सदर अस्पताल में इलाज के दौरान एक नवविवाहित महिला की मौत हो जाने के बाद परिजनों ने गुरुवार को जमकर अस्पताल में बवाल काटा।

जिसके बाद बक्सर चौसा मुख्य मार्ग पर आगजनी करते हुए सड़क जाम कर दिया। परिजनों का आरोप है की इमरजेंसी वार्ड में कोई डॉक्टर नहीं था। साथ ही ओपीडी में दिखाने के लिए पहले पुर्जा कटवाने की बात कही गयी जहां लम्बी कतार लगी हुयी थी। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया सड़क जाम करते हुए लोग। की नया बाजार के रहने वाले विजेंद्र केसरी की पुत्री रिचा कुमारी जिसका विवाह लगभग तीन माह पूर्व रोहतास जिले के कोआथ में हुआ था। जो कुछ दिन पूर्व मायके आयी हुयी थी जहा गुरुवार की सुबह लगभग ग्यारह बजे खाना खाने के बाद पेट में दर्द और उल्टी आने लगा। जिसके बाद तुरंत हम लोग लेकर सदर अस्पताल में पहुंचे। सदर अस्पताल में पहुंचने पर इमरजेंसी वार्ड में कोई डॉक्टर नहीं था कम्पाउंडर और मौजूद नर्स द्वारा ऑक्सीजन लगाया गया। वही बीपी नापने की कोशिश की गयी लेकिन बीपी मशीन खराब होने की वजह से पता नहीं चल पाया। जिसके बाद तुरंत ओपीडी वार्ड में बैठे डॉक्टर से देखने के लिए अनुरोध किये जाने पर कहा गया की पहले पुर्जा बनवाइए उसके बाद देखा जायेगा। पुर्जा कटवाने के लिए लम्बी कतार होने के चलते एक व्यक्ति लगाकर पुनः डॉक्टर से अनुरोध किया गया तो बोले की मरीज को लेकर आइये। बार बार कहा गया की मरीज को ऑक्सीजन लगा हुआ है बावजूद बोले की लेकर आइए मजबूरन मरीज का ऑक्सीजन निकालकर डॉक्टर को दिखाने ले गए जहां देखने के बाद कुछ डॉक्टर द्वारा जांच बाहर करवाने के लिए बोला गया। जहां मौजूद एक व्यक्ति द्वारा बहार पैथोलेब में जांच के लिए ले गया। इधर ऑक्सीजन निकालने के बाद मरीज की हालत बिगड़ने लगी थी। लेकिन पुनः इमरजेंसी वार्ड में लेकर ऑक्सीजन लगाया गया लेकिन शरीर ठंडा होने लगा और लगभग डेढ़ बजे के आसपास मरीज की मौत हो गयी। मरीज की मौत होने के बाद डॉक्टर आये और मरीज को देख रहे थे। जिस पर परिजनों द्वारा बवाल शुरू कर दिया गया। इसके बाद नया बाजार के सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष पहुंच डॉक्टर की लापरवाही का आरोप लगाकर अस्पताल में जमकर हंगामा करने लगे। जहां देखते ही देखते अस्पताल गेट पर बक्सर चौसा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया गया। जिसकी सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, अंचलाधिकारी प्रशांत शांडिल्य और बीडीओ रोहित कुमार ने पहुंचकर परिजनों को समझा बुझा कर जाम को हटाया गया।

विजयी टीम को ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड के नोनहर गांव में ब्रह्म भट्ट एकता मंच के तत्वावधान में चैता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता व्यास प्रदुमन प्रदेशी और रौशन राज के टीम के बीच हुई। जिसमें प्रदुमन प्रदेशी की टीम विजयी रहा। विजयी टीम को मंच द्वारा ट्रौफी देकर सम्मानित किया गया। रनर टीम सहित सभी कलाकारों को मंच के कार्यकताओं ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ होने से पहले कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक राजेश्वर राज सहित सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजक मंडल को बधाई दी। कहा कि विलुप्त हो रहे पारंपरिक चैता गीत को कायम रखने का यह अच्छा प्रयास है। जिला पार्षद प्रभाषचंद्र सिंह ने कहा कि ब्रह्म भट्ट एकता मंच के सदस्यों द्वारा पिछले पांच वर्षो से चैता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जितनी भी प्रसंशा की जाए कम होगी। चैता और होली गायन कार्यक्रम से आपसी प्रेम भाईचारा की भावना जागृत होती है। नोनहर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मिक्की राज सभी कलाकारों, अतिथियों का स्वागत किया। आयोजक मंडल के सदस्यों की सराहना की। इनके अलावा जदयू के प्रदेश महासचिव बिनोद राय, भाजपा नेता जनार्दन योगी, राजन तिवारी, मदन प्रसाद वैश्य सहित कई लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से शशिकांत ने किया। उसके उपरांत रौशन राज की टीम ने सुमिरन कंठे सरवा होख ना सहयिया हो रामा.....से चैता गायन प्रारंभ किया।

दलित एवं महादलित समुदाय महिलाओ के बीच प्रशिक्षण तीन माह के लिए किया गया शुरू

आरा : अंधेरी हिल्फ परियोजना के तहत भोजपुर महिला कला केंद्र के द्वारा उदवंत नगर प्रखण्ड के पियनिया गांव में दलित एवं महादलित समुदाय महिलाओ के साथ सिलाई, कुशन और सुजनी शिल्प से संबंधित पिलो कवर, सुजनी, फ्राक, डिजाइनिंग ब्लाउज जैसे उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण तीन माह के लिए शुरू किया गया। उक्त प्रशिक्षण का शुभारंभ माननीय राष्ट्रपति के द्वारा नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित सह भोजपुर महिला कला केंद्र के सचिव श्रीमती अनिता गुप्ता, संस्था के कोषाध्यक्ष श्रीमती गीता देवी, परियोजना प्रबंधक रंजीत कुमार उक्त कार्यशाला के मास्ट ट्रेनर रीता देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उक्त कार्यशाला को संबोधित करते हुये श्रीमती अनिता गुप्ता ने कही कि यह कार्यशाला तीन माह तक चलेगा इस कार्यशाला मे आप सभी के हुनर को ज्यादा से ज्यादा विकसित कर वर्तमान के मार्केट के माँग के अनुरूप विकसित किए जाना है, उनकी एक अलग पहचान स्थापित करना है। सभी के सहमती से प्रशिक्षण का समय प्रतिदिन प्रातः10 बजे से शाम 4 बजे तक सुनिश्चित किया गया है।

शराब तस्करों ने चौकीदार को जमकर पीटा

ब्रह्मपुर (बक्सर) स्थानीय थाना क्षेत्र में ललन जी के डेरा के पास बक्सर पटना फोर लेन पर ब्रह्मपुर थाने के एक चौकीदार हरेंद्र यादव को शराब तस्करों द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। बताया जाता है कि चौकीदार पंप पर तेल लेने गया था। घायल चौकीदार को इलाज के लिए रघुनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। चौकीदार ने ललन जी डेरा निवासी नौ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए कहा है कि शराब तस्करों द्वारा उन पर हमला किया गया। वैसे इस घटना से जुड़ा एक तथ्य यह भी है कि चौकीदार हरेंद्र यादव की भूमिका संदिग्ध है और उसके विरुद्ध भी पुलिस विभाग द्वारा उसकी भूमिका की जांच पड़ताल की जा रही है। वही आरोपियों द्वारा उसके विरुद्ध जांच में गवाही दी गई है। जिस संदर्भ में इस तरह की घटना घटित हुई। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि चौकीदार के आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। वैसे भी ललन जी का डेरा शराब तस्करी के लिए चर्चित है। जहां कई बार पुलिस ने छापामारी कर भारी मात्रा में शराब भी बरामद किया है। वहां के तस्करों द्वारा इससे पहले भी पुलिस पर भी हमला किया गया है।

बच्चों के बीच चित्रकला कार्यशाला से उनकी प्रतिभाएं मुखर होंगी : प्रो प्रशुन्जय

आरा। स्थानीय अनाईठ में 'नई आशा' के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आज समापन हुआ, जिसका उद्घाटन वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के प्रो. प्रशुंजय कुमार सिन्हा एवं अध्यक्षता डॉ भीम सिंह भवेश ने किया। कार्यशाला के दरम्यान ख्याति प्राप्त चित्रकार कौशलेश कुमार के निर्देशन में अभिनव मिश्रा, रूपा कुमारी, रुखसार परवीन, मीरा पांडे, अदिति, श्वेता एवं सोनम तिवारी आदि चित्रकारों के सहयोग से समाज के मुख्य धारा से कटे इन बच्चों को चित्रकला के मूल संरचनाओं से अवगत कराया गया। उन्हें पेंसिल से लेकर स्केचिंग, लाईन, रेखा की शुरूआती ज्ञान के साथ ड्राइंग के विभिन्न पहलुओं को बताया गया। स्केचिंग किए हुए ऑब्जेक्ट को रंगों से कैसे भरेंगे, प्राथमिक रंग एवं सेकेंडरी रंग के साथ रंगों की मूलभूत संरचना एवं रंगत के बारे में विस्तार पूर्वक छात्रों को बताया गया। कौशलेश ने कहा कि अगर भविष्य में अच्छे अवसर मिले तो इनमें से अच्छे कलाकार निकालेंगे, क्योंकि इनकी प्रतिभा में एक कलाकार की स्वाभाविक प्रवृत्ति है। चित्रकार अभिनव मिश्रा ने चित्रकला में लाइट एवं डार्क के तालमेल पर प्रकाश डाला। रूपा कुमारी एवं रुखसार परवीन ने भोजपुरी चित्रकला के अंतर्गत कोहबर एवं पीडिया चित्रकला की रूपरेखा एवं उसकी महत्व को बताया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो प्रसुंजय कुमार सिन्हा सभी बच्चों के तैयार चित्रों को देखकर भाव विभोर हो गए। प्रो सिन्हा ने कहा कि नई आशा द्वारा आयोजित यह चित्र कार्यशाला, कला-कौशल की प्रतिभा का खोज है। इस तरह के आयोजन से वंचित समाज के इन बच्चों को कला, संस्कृति एवं समाज का वर्तमान परिदृष्य के साथ घर-परिवार को समझने का बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे।

प्रधानमंत्री तस्वीर युक्त बोरे में पैक उर्वरक बिक्री पर लगी रोक

सासाराम (रोहतास) लोकसभा चुनाव को ले प्रधानमंत्री की तस्वीर युक्त बोरी वाले उर्वरक की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। इस कारण प्रधानमंत्री की फोटो व स्लोगन वाले उर्वरक को फिलहाल बिक्री नहीं की जाएगी। यदि किसी विक्रेताओं द्वारा ऐसा किया जाता है तो इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। जिसे लेकर जिला कृषि पदाधिकारी राम कुमार ने सभी खुदरा व थोक विक्रेताओं को पत्राचार किया है जिसमें ऐसे उर्वरक की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि लोक सभा का आम निर्वाचन 2024 के लिए राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू है। कई प्रखंडों से जानकारी मिली है उर्वरक की बैग पर प्रधानमंत्री की तस्वीर व संदेश मुद्रित है, जो आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में आता है। सभी थोक व खुदरा उर्वरक प्रतिष्ठान को निर्देशित किया गया कि यदि उर्वरक के बैग पर प्रधानमंत्री की तस्वीर व संदेश मुद्रित है तो वैसे उर्वरक की बिक्री नहीं की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

पुलिस ने लोकसभा चुनाव को ले किया फ्लैग मार्च

गोह। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। जिसको लेकर जिले के विभिन्न सीमाओं पर सघन जांच अभियान चलाई जा रही है शुक्रवार को औरंगाबाद अरवल जिले की बॉर्डर देवकुंड थाना के बॉर्डर पर एवं थाना क्षेत्र विभिन्न जगहों पर थानाध्यक्ष आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके संपन्न कराने को लेकर फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान काफी संख्या मे पुलिस बल तैनात दिखे।

चुनाव को भयमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु दिया गया दिशा निर्देश

गया। वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय, गया के कार्यालय में, लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक , गया की अध्यक्षता में बैठक किया गया है। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद, नगर पुलिस अधीक्षक, गया, अपर पुलिस अधीक्षक, गया, अपर पुलिस अधीक्षक अभियान, गया जिला के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सीमावर्ती जिलों के वरीय पुलिस पदाधिकारी तथा केन्द्रीय पुलिस बल के वरीय पदाधिकारी भी शामिल हुए हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक गया के द्वारा इस बैठक में आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आगामी चुनाव को भयमुक्त , निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

मनरेगा से किए गए कार्य में पैसा लेनदेन को लेकर हुई फायरिंग, कोई नहीं हाताहत

करपी ,अरवल। प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा कार्यालय के समीप रोहाई गांव निवासी रितिका ट्रेडर्स के मालिक रामबाबू यादव पर हत्या की नियत से जोन्हा गांव निवासी रवि कुमार निराला नाम के एक व्यक्ति ने देसी कट्टा से गोली चलाई। हालांकि गोली विपरीत दिशा से निकल गई। गनीमत रही की शरीर में गोली नहीं लगी। इस मामले में पीड़ित ने बताया कि मनरेगा कार्यालय में भुगतान करवाने आया था। भेंडर का काम करता हूं। बकाया भुगतान के सिलसिले में करपी मनरेगा कार्यालय आया था। वापस लौट कर अपनी बाइक के पास जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार जोन्हा गांव निवासी रवि कुमार निराला ने मनरेगा के तहत पौधे में लगाए ग्रैबिन का कार्य किया था उन्होंने रजिस्टर्ड वेल्डर नहीं होने के कारण रितिका ट्रेडर्स रजिस्टर्ड वेल्डर जिसका संचालन रामबाबू यादव है उसका वाउचर लगाकर लगभग 17 लाख रुपया निकासी की गई या पैसे नहीं मिलने पर उन्होंने कई बार अधिकारियों के द्वारा लिखित रूप से शिकायत भी की है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिलाओं ने कराया बंध्याकरण

इटाढ़ी (बक्सर) स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत हम दो हमारे दो के तर्ज पर बंध्याकरण ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर श्रीनिवास उपाध्याय के देखरेख में 9 महिलाओं का बंध्याकरण आंपरेशन किया। इस मौके पर कनक लता कुमारी, सुलेखा कुमारी आदि एएनएम सहित स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति रही।

रॉड के वार से मौत के बाद मृतक के भाई ने दर्ज कराई प्राथमिकी

बक्सर (शाहाबाद) नगर शिक्षक के दोस्त की हत्या मामले में मृतक के भाई ने चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। इसमें शिक्षक द्वारिका पाण्डेय, मिथलेश पाण्डेय और दो महिलाओं पर रॉड से सिर पर मार कर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। मृतक के पिता विनोद कुमार ने बताया कि महेश कुमार ने दो साल पहले कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी के लिए डेढ़ लाख रुपए दिए थे। नौकरी नहीं लगने पर वह अपना रुपया वापस मांग रहा था। होली के दिन भी अपना रुपया लेने गया था, लेकिन पैसा देने की जगह उसके सिर पर मार कर हत्या कर दी गई।

यात्री सुरक्षा अभियान में तीन अपराधी गिरफ्तार

बक्सर (शाहाबाद) वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ दानापुर प्रकाश कुमार पंडा के आदेशानुसार आरपीएफ बक्सर द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत आज रात में गस्त के दौरान तीन युवकों को संदिग्ध अवस्था में स्टेशन परिसर से बाहर तेज गति में निकलते देखा गया। तीनों को घेर कर जब बक्सर रेलवे स्टेशन के पावर हाउस के पास रोककर उनकी तलाशी ली गई तो तीनों के पास से एक एक अदद यात्रियों से विभिन्न ट्रेनों में चोरित मोबाइल बरामद हुआ।

पीठासीन अधिकारी का प्रथम प्रशिक्षण जिलाधिकारी द्वारा दिया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को पूरी अच्छी तरह संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की उपस्थिति में प्लस टू जिला स्कूल में शुक्रवार को को प्रजाईडिंग ऑफिसर,पीठासीन अधिकारी को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया है। प्रजाईडिंग ऑफिसर,पीठासीन अधिकारी को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दो पालियों में मतदान का सामान्य प्रशिक्षण और ईवीएम व वीवीपैट का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कमरों में जा जाकर उपस्थित सभी प्रजाईडिंग ऑफिसर, पीठासीन अधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बडा लोकतांत्रिक देश है। देश की निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होना हम सबके लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभी प्रजाईडिंग ऑफिसर, पीठासीन अधिकारी को पूरे मनोयोग से

निर्वाचन के सभी पहलुओं से संबंधित प्रशिक्षण को गहनता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा कि सभी संबंधित पीठासीन अधिकारी आप मतदान के दौरान उपलब्ध करवाए जाने वाले ईवीएम को सीधे पोलिंग बूथ पर ले जाएंगे, पोलिंग बूथ के बाहर किसी भी कीमत पर नही लेकर जाएंगे, इसे ध्यान में रखे। ईवीएम हैंडलिंग अच्छे से करने का पूरी तरह परीक्षण प्राप्त कर ले। पूरी सावधानी से ईवीएम हैंडलिंग करना होगा। इस मॉक पोल के बाद हर हाल में सीआरसी बटम दबाना होगा। मतदान समाप्ति के पश्चात हर हाल में क्लोज बटम को दबाना होगा। इस बार आप सभी के साथ साथ पुलिस की टीम भी दिया जा रहा है। हर हाल में ईवीएम को गंतव्य स्थान अर्थात बूथ के अलावा कही और नही ले जाये। सभी बूथों पर आधारभूत व्यवस्था रखी गयी है। इसके अलावा दुरस्थ बूथ वाले क्षेत्रों के लिये क्लस्टर पॉइंट भी बनाया गया है। सभी प्रकार की व्यवहारिक बातों को अच्छे से समझ ले। ईवीएम को अच्छा से सीलिंग भी करना होता है। निर्वाचन आयोग का जो प्रोटोकॉल है, उसे अच्छे से पालन करना होता। हर बूथ के लिये 1-1 वाहन भी दिया जाएगा उस वाहन में पीठासीन अधिकारी, पी-1, पी-2, पी-3, पुलिस पदाधिकारी एव पुलिस बल सब लोग संयुक्त रूप से टीम उस वाहन के माध्यम से ईवीएम जमा करने जाएंगे। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी सह अपर समाहर्ता राजस्व परितोष कुमार ने सभी मतदान कर्मियों को कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के जो भी गाइडलाइंस एवं दिशा निर्देश है उसे पूरी अच्छी तरह पालन करना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि ट्रेनिंग में अनुपस्थित होने वाले कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी कर्मियों का ट्रेनिंग के दौरान अटेंडेंस लेने की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण में उपस्थिति हर हाल में अनिवार्य है।

दबंगों ने दलित पर किया अत्याचार पीट-पीट कर किया घायल

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। शहर तेलपा थाना क्षेत्र के धराना गांव में दबंगों ने अधेड़ दलित व्यक्ति को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार होली पर्व में डीजे बजाने को लेकर जुलुस निकालने को लेकर कहा सुनी हुई इसके बाद धराना गांव निवासी पुनीत चौधरी रास्ते से गुजर रहे थे इसी दौरान बाला बिगहा के कुछ दबंगों ने लाठी डंडे एवं लोहे के रड से पीट-पीट कर घायल कर दिया। घायल व्यक्ति के परिजनों ने बताया कि बाला बिगहा गांव के सुभाष सिंह विनोद कुमार गोरेलाल एवं दर्जनों की संख्या में लोग लाठी डंडे से सर पर वार किया जिसे पूरी तरह अधमरा घायल हो गए पुनीत चौधरी । घायल व्यक्ति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करपी भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए अरवल सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

जिला प्रशासन के निर्देश का नहीं हुई पालन स्थानीय पुलिस के अनदेखी के कारण हुई घटना

इलाज के दौरान पीड़ित के परिजनों ने बताया कि होली के दिन भी गाना बजने को लेकर विवाद हुई थी जिसमें मामला गांव के लोगों ने हीं सुलझा दिया था। लेकिन दूसरे दिन विवाद को लेकर मारपीट की घटना को अंजाम। हालांकि होली पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जाति सूचक और अश्लील गाना बजाने पर पाबंदी लगाई गई थी बावजूद इसके पुलिस की नाकामी के कारण कई जगहों पर जाति सूचक गाने और अश्लील गाने बजते रहे लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कि नतीजा है कि मामला दूसरे दिन भी आ पहुंचा और एक अधेड़ को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया गया। इस मामले को लेकर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना हुई है। घटना के बाद जानकारी मिली है अब तक आवेदन नहीं दिया गया है।

स्कूल में तोड़ फोड़ करने वाले के विरूद्ध 4 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाई नहीं

प्रात : किरण संवाददाता

गया।डुमरिया कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा संचालित आरंभिक प्ले स्कूल डुमरिया में अज्ञात सामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ कर चैंबर में रखे नगद पैसे सहित अन्य सामग्री चोरी कर ली गई है। इस संबंध में आरंभिक प्ले स्कूल के प्रिंसिपल के द्वारा स्थानीय थाना में आवेदन देकर सामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर गुहार लगाया है। जानकारी देते हुए बताया कि कुछ वर्ष पूर्व बिहार के मंत्री जीतन राम मांझी के द्वारा आरंभिक प्ले स्कूल का उद्घाटन कर इसकी शुरूआत की गई थी। जिसमें असहाय गरीब परिवार के बच्चे स्कूल में पढ़ने आते थे। उन्होंने कहा कि किसी को आपसी विवाद हो तो वैसे लोग हमसे मिलकर बैठकर बात कर लेते लेकिन आरंभिक प्ले स्कूल तोड़फोड़ कर चैंबर में रखे नगद रुपए चोरी करने से छोटे-छोटे बच्चों का भविष्य से खिलवाड़ करना है। आरंभिक प्ले स्कूल खुलने से यहां के लोगों में काफी खुशी था। कि हमारे भी बच्चे अब प्राइवेट स्कूल की तरह आरंभिक प्ले स्कूल में निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आरंभिक प्ले स्कूल क्षतिग्रस्त होने से बच्चों का शिक्षा पर काफी प्रभाव पड़ेगा। बीते 4 दिन के बाद भी अब तक पुलिस आवेदन देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कर सकी है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन जल्द जल्द असमाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर स्कूल में हुए क्षतिग्रस्त का मुआवजा दिलाते हुए आरंभिक प्ले स्कूल को फिर से शुरू कराया जाए।

प्रशिक्षण मे अनुपस्थिति कर्मचारी को स्पष्टीकरण पूछते हुए वेतन स्थगित रखने का निर्देश

गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण 24 मार्च से लेकर 28 मार्च तक दिया गया हैं। इस प्रशिक्षण में कुछ कर्मियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई है। बिना कारण के अनुपस्थित पाए गए। उन सभी मतदान कर्मियों से जिला निर्वाचन पदाधिकारी गया सह जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम ने स्पष्टीकरण पूछते हुए वेतन स्थगित रखने का निर्देश दिया है। संबंधित अनुपस्थित वाले कर्मी 24 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह जिला स्थापना उपसमाहर्ता को समर्पित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 24 मार्च को कुल 243 कर्मी अनुपस्थित थे। जिसमें राजकीय कन्या उच्च विद्यालय रमना में प्रथम पाली में 04 एव द्वितीय पाली में 9 कर्मी, प्लस टू जिला स्कूल में प्रताम पाली में 19 द्वितीय पाली में 13 कर्मी, हरिदास सेमिनरी विद्यालय में प्रथम पाली में 24 एव द्वितीय पाली में 7 कर्मी, टी मॉडल स्कूल में प्रथम पाली में 25 एव द्वितीय पाली में 23 कर्मी, काशमी प्लस टू विद्यालय में प्रथम पाली में 8 एव द्वितीय पाली में 16 कर्मी, उच्च विद्यालय चंदौती में प्रथम पाली में 13 एव द्वितीय पाली में 19 कर्मी, महावीर मध्य विद्यालय में प्रथम पाली में 4 एव द्वितीय पाली में 8 कर्मी, महावीर उच्च विद्यालय में प्रथम पाली में 13 एव द्वितीय पाली में 38 कर्मी अनुपस्थित पाए गए हैं।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए मतदान केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत करपी प्रखंड के बेलखारा एवं शेखपुरा पंचायत का दौरा किया गया। इस क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा पंचायत में मौजूद मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया एवं मतदान केन्द्रों पर आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यश्क दिशा निदेश दिया गया।

अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा आम लोगों से संवाद स्थापित किया गया, उनकी समस्याओं को सुना गया एवं उसके निराकरण हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी द्वारा लोगों को अवगत कराया गया कि अरवल में लोकसभा चुनाव 01 जून 2024 को निर्धारित है, अतः 01 जून 2024 को सभी लोग अवश्य रूप से मतदान करने जाएं। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि चुनाव एक महापर्व है, जो प्रत्येक पाँच वर्ष में आता है। अतः इसे हर्षो उल्लास के साथ मनाया जाय एवं अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी प्रलोभन में आये एवं बिना किसी डर व भय के किया जाए। मताधिकार का प्रयोग न केवल एक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेवारी है बल्कि यह एक जागरूक नागरिक की पहचान भी है। जिला पदाधिकारी द्वारा लोगों को प्रपत्र 06, प्रपत्र 07, प्रपत्र 08 के भी बारे में भी बताया गया एवं वैसे व्यक्ति जिनका 18 वर्ष पूरा हो चुका है एवं मतदान पहचान पत्र नहीं बना है. उन्हें अपना मतदान पहचान पत्र यथा शीघ्र बनवाने को कहा गया ताकि वे भी इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। ज्ञात हो कि अरवल जिले का मतदान प्रतिशत 50.6% है अतः लोगों से इसे बढ़ाने हेतु अपील की गई एवं इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी लेने को कहा गया। जिला पदाधिकारी द्वारा महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि अरवल जिले में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुष की अपेक्षा कम है अतः महिला अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

राज्य सरकार के सभी विभागों के पदाधिकारियों कर्मचारियों की सहभागिता अनिवार्य

प्रात : किरण संवाददाता

गया। निर्वाचन आयोग, भारत सरकार द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 की घोषणा की जा चुकी है तथा विभिन्न चरणों में निर्वाचन हेतु तिथि एवं मतगणना की तिथि निर्धारित की गयी है। 38-गया (अ०जा०) संसदीय क्षेत्र गया जिला के गया शहर, बेलागंज, वजीरगंज, बोधगया अ०जा०, बाराचट्टी अ०जा० एवं शेरघाटी विधान सभा क्षेत्र सम्बद्ध, 37- औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र गया जिला के गुरूआ, इमामगंज अ०जा०, टिकारी विधानसभा क्षेत्र सम्बद्ध में दिनांक 19.04.2024 को एवं 36-जहानाबाद संसदीय क्षेत्र गया जिला के अतरी विधानसभा क्षेत्र सम्बद्ध में दिनांक 01.06.2024 को मतदान कार्य सम्पन्न होना है। इसकी सभी तैयारी ससमय किया जाना अनिवार्य है।

लोकसभा आम निर्वाचन का क्रियान्वयन में राज्य सरकार के सभी विभागों के पदाधिकारियों ,कर्मचारियों की सहभागिता अनिवार्य , आवश्यक है। इसके साथ ही निर्वाचन संबंधी कार्यो का निष्पादन समयबद्ध कार्यक्रम के अनुसार किया जाना है, जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं है। ऐसी परिस्थिति में लोकसभा निर्वाचन-2024 के अवसर पर इस जिले के राज्य सरकार के सभी विभागों ,कार्यालयों के पदाधिकारियों ,कर्मचारियों की सेवा नियमित रूप से लिया जाना अपरिहार्य है। इस परिप्रेक्ष्य में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने पत्र जारी करते हुए निर्देश दिया।

उपलब्धि : प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान , एएनसी जांच में बिहार को देश में तीसरा स्थान

राज्य में अभी 118 है मातृ मृत्यु का अनुपात, इसे घटाकर फिलहाल 70 तक लाना है लक्ष्य

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मातृ स्वास्थ्य एवं सुरक्षित प्रसव के लिए जरूरी प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) अभियान में बिहार इस वर्ष फरवरी में पूरे देश में तीसरे स्थान पर रहा। पिछले साल नवम्बर माह में बिहार दूसरे स्थान पर था। फरवरी माह में उत्तर प्रदेश पहले और आन्ध्र प्रदेश दूसरे स्थान पर था। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पूरे देश में गर्भवतियों के दूसरे और तीसरे त्रैमासिक में प्रसव पूर्व जांच की जाती है। इस जांच से प्रसव की जटिलताओं और खतरों का पहले से अंदाजा लगाया जाता है और उसके अनुरूप गर्भवती का उपचार और प्रबन्धन किया जाता है। इस अभियान का उद्देश्य प्रसव के दौरान होने वाले मातृ मृत्यु अनुपात और शिशु मृत्यु दर को कम करना

है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2015 में सतत विकास लक्ष्य के तहत मातृ मृत्यु अनुपात को वर्ष 2030 तक घटाकर 70 प्रति लाख करने का लक्ष्य रखा है। सैम्पल रजिस्ट्रेशन सर्वे (एसआरएस) 2018-20 के अनुसार, बिहार में मातृ मृत्यु अनुपात वर्ष 2011-13 में 208 था जो वर्ष 2022—23 में घटकर 118 पर आ गया है। बिहार में दिसंबर 2023 तक करीब 97 प्रतिशत गर्भवतियों को प्रसव पूर्व जांच की सुविधा दी गयी। इस अभियान का संचालन प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में माह के 9 एवं 21 तारीख को किया जाता है। बिहार में 9 नवंबर 2023 को 22 जिलों के 106 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी इस अभियान को शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान देश में मातृ मृत्यु अनुपात में कमी लाने में बड़ा कारक बन रहा है। अभियान के तहत मिलने वाली गुणवत्तायुक्त एएनसी और उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अकेले फरवरी माह में 53 हजार 766 एएनसी जांच के साथ उत्तर प्रदेश पहले और 29 हजार 85 एएनसी जांच के साथ आंध्र प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा। इसी अवधि (फरवरी माह) में बिहार में 24 हजार 446 प्रसव पूर्व जांच की गयी और राज्य को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। मातृ मृत्यु अनुपात में कमी के लिए गर्भवती की प्रसव पूर्व जांच जरूरी एम्स पटना की असस्टिंट प्रोफेसर डॉ मोनिका अनंत के अनुसार, गर्भवती की प्रसव पूर्व जांच उसके गर्भावस्था के दौरान अनिवार्य है। इससे उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों की पहचान आसान हो जाती है। उन्होंने बताया कि प्रसव पूर्व जांच के दौरान होने वाले परीक्षणों से गर्भवती के शिशु को भी स्वस्थ रखने में सहायता मिलती है। इससे शिशु मृत्यु दर को भी कम किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि राज्य में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के संचालन के लिए एक्सटेंडेड पीएमएसएमए की शुरूआत की गयी है। इसके तहत उच्च जोखिम वाली महिलाएं, हीमोग्लोबिन प्रतिशत, एचआईवी, सिफलिस, रक्तचाप, यूरिन एबी के साथ, एब्डोमेन का टेस्ट भी किया जाता है।

आवास योजना का लाभ नहीं देने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दर्ज किया केस

प्रात : किरण संवाददाता

दावथ। प्रखंड के हथडीहां गांव में गरीब महिला को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं देने व आवास आवंटन में भ्रष्टाचार के मामले में बुधवार, 27 मार्च की देर रात राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), नई दिल्ली ने केस दर्ज कर लिया। वहीं मामले में की गयी शिकायत का संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव, बिहार सरकार द्वारा शिकायती पत्र को प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग को ईमेल के माध्यम से कार्रवाई हेतू 25 मार्च को भेजा गया है। पीड़िता ललिता देवी द्वारा स्थानीय निवासी सह उच्च न्यायालय अधिवक्ता सौरभ तिवारी के माध्यम से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भेजे अपनी शिकायत में कहा है कि जिलाधिकारी, रोहतास सह द्वितीय अपीलीय प्राधिकार, लोक शिकायत के न्यायालय के आदेश को दरकिनार करके वर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), दावथ द्वारा ललिता देवी को आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया। गौरतलब है कि जिलाधिकारी, रोहतास सह द्वितीय अपीलीय प्राधिकार द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत तत्कालीन बीडीओ, दावथ व प्रखंड षि पदाधिकारी, दावथ की जांच रिपोर्ट के आधार पर 11 नवंबर, 2022 के आदेश में हथडीहां गांव निवासी ललिता देवी को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने का आदेश दिया था।

भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने पर लोगों ने दी बधाई

सासाराम (रोहतास) भारतीय जनता पार्टी प्रदेश द्वारा निर्देशित रोहतास जिले के तीन मंडल अध्यक्षों की घोषणा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने की है। जिसमें पहला करगहर मंडल अध्यक्ष उमेश गुप्ता, दूसरा खड़ारी मंडल अध्यक्ष श्रीराम राय एवं तीसरा कोचस ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी शामिल हैं। जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने तीनों मंडल अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि इनके अध्यक्ष बनने से मंडल को बहुत मिलेगी और आने वाले लोकसभा चुनाव में ये अहम भूमिका निभाएंगे।बधाई देने वालों में जिला महामंत्री विजय सिंह, अशोक साह,प्यारेलाल ओझा,आरती गुप्ता, नवीन चंद्र साह सहित भाजपा कार्यकताओं ने बधाई दी।

एस एसपी ने रोटरी क्लब की सहायता से निर्मित घुघड़ी टाड चौक पर ट्रैफिक पोस्ट का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

गया।यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए गया पुलिस निरंतर प्रयासरत है। इस दिशा में, खासतौर पर घुघड़ी टाड चौक को चिन्हित किया गया था। जहाँ अक्सर जाम की समस्या उत्पन्न होती है। यह चौक विभिन्न दिशाओं से आने वाली सड़कों का संगम स्थल है, और विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर के निकटता के साथ ही बोधगया के महाबोधि मंदिर जाने का मार्ग भी यहाँ से गुजरती है, जिससे यहाँ वाहनों का भार अधिक रहता है। चुकी यहाँ ट्रैफिक पुलिस के जवानों के लिए कोई स्थायी पोस्ट नहीं थी, जिससे गर्मी और बरसात के मौसम में उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना

पड़ता था। इस कमी को दूर करने एवं यातायात सुविधा बेहतर करने के लिए आज 29 मार्च वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा रोटरी क्लब की सहायता से निर्मित घुघड़ी टाड चौक पर स्तिथ ट्रैफिक पोस्ट का निरीक्षण किया गया है। इस पोस्ट के बनने से घुघड़ी टाड चौक पर बेहतर तरीके से यातायात को संधारित किया जा सकेगा।

नल-जल योजनाओं एवं चापाकल को यथाशीघ्र चालू कराने हेतु सभी को दिया निर्देश

गया। आगामी लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 एवं गर्मी के मौसम के मद्देनजर पेयजल संकट के संबंध में बिस्वान के माध्यम से कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, गया एवं शेरघाटी तथा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, मुखिया , तकनीकी सहायक के साथ बैठक आहूत की गयी थी। इस बैठक में अकार्यरत सभी नल-जल योजनाओं एवं चापाकल को यथाशीघ्र चालू कराने हेतु सभी को निदेश दिया गया था साथ ही इसके सतत निगरानी के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का निर्णय जिला पदाधिकारी द्वारा लिया गया था। इस आलोक में समाहरणालय स्थित जिला नियंत्रण कक्ष में पूर्व वर्ष की तरह नल-जल योजनाओं ,चापाकल को क्रियाशीलता के संबंध में शिकायत

प्राप्त करने तथा उसके निराकरण कराने हेतु नल-जल शिकायत कोषांग गठित करते हुए निम्न प्रकार कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया जाता है।

नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्याः 0631-2222259/2222253 है। आशुतोष कुमार सिंह, मो0नं0-6299989315, डीपारसी, गया। निक्की कुमारी, मो0नं0-9572680653, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, मानपुर प्रखण्ड सरीता कुमारी, मो0नं0-7903309750, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, नगर प्रखण्ड कार्यपालक अभियंता, पीएचडी, गया एवं शेरघाटी अपने स्तर से भी उक्त कोषांग में दो-दो कर्मियों की प्रतिनियुक्ति रखने का निर्देश जिला पदाधिकारी ने दिया है। सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों को डीएम ने निदेश दिया है कि कार्यरत नल-जल योजनाओं के बन्द रहने की शिकायत दर्ज करने हेतु प्रखण्ड वार , पंचायत वार,वार्ड वार पंजी का संधारण करेंगे तथा प्राप्त शिकायत के आलोक में पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत कार्यरत तकनीकी सहायक , ढलएऊ के अभियंताओं , प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी को सूचित करेंगे।इस कार्यपालक अभियंता ढलएऊ गया ,शेरघाटी को निर्देश दिया है कि प्राप्त शिकायत के आलोक में अपने संवेदक के माध्यम से संबंधित अकार्यरत नल-जल,चापाकल को चालू करायेंगे।

डॉक्टर बीडी शर्मा के गाड़ी पर असमाजिक तत्वों द्वारा जानलेवा हमला

गया डॉक्टर बीडी शर्मा नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ अपने अस्पताल बच्चों के अस्पताल जो आनंदी में मंदिर जीबी रोड गया से अपने लकी बाग मोहल्ले मानपुर स्थित घर पर कर में सवार होकर आ रहे थे इसी दौरान लकी बाग मोड़ के नजदीक डालमिया बाजार एवं पैरीवेयर शोरूम के पास कुछ उपाधि रवि लोगों के द्वारा सड़क पर ही उत्पाद मचाने लगे आने जाने वाले लोगों से बदतमीजी करने के साथ-साथ कीचड़ एवं गंदा पानी फेंकने लगे जब मैं उनको समझाने बुझाने के लिए पहुंचा उन लोगों को ऐसा करने से मना किया तो मेरे साथ उलझने और बदतमीजी करने लगे इसी दौरान लकी बाग निवासी मंजुला यादव यादव टोली का निवासी है मुझ पर लाठी डंडे से बात करने लगा को दाएं तरफ एवं पीछे का शीशा तोड़ दिया गया शराब के नशे में भूत रोहित एवं उसके दोस्तों ने धमकाते हुए कहा कि बस बनते हो जान से मार देंगे और इस लगभग मोहल्ले की तरफ भाग गए मैं मौके के वारदात पर से ही पुलिस पेट्रोल को फोन किया मौके पर पहुंचने पर पुलिस पदाधिकारी ने बदमाशों के भागने वाले दिशा में जांच पड़ताल की और निसानदेही पर मंजुला यादव के बारे में पूछ पूछताछ भी की और और भी पुलिस सदस्यों को भी पूछताछ कहा इस घटना में बदमाशों ने कर में रखा लैपटॉप एवं हाथ में पहना हुआ 10 भर का सोने का ब्रेसलेट, डॉक्टर बीडी शर्मा ने बताया कि इस संबंध में जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए मुझे न्याय दिलाने की माग।

सरस्वती शिशु मंदिर बंदीपुर में त्रिदिवसीय आवासीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। हर साल की भांति इस साल भी विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर बदीपुर रामगढ़ में त्रिदिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ' इस कार्यशाला में विगत सत्र की समीक्षा तथा नवीन सत्र 2024 - 25 हेतु योजना तैयार किया गया ' इस कार्यक्रम के उद्घाटन आदर्श बालिका प्लस टू विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह मध्य विद्यालय सदुल्लहपुर के प्रधानाचार्य रामेश्वर दुबे प्रबंधकारिणी समिति के सचिव श्री देवेंद्र नारायण सिंह विभाग प्रमुख

श्री उमाशंकर पोद्दार एवं अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव रंजन ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया।

यह कार्यशाला तीन दिनों (28 से 30 मार्च)तक चलेगा प्रतिदिन 5 सत्रों में कार्यो का संपादन हो रहा है। कार्यशाला का मुख्य विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ,वर्तमान शैक्षिक गतिविधि, सर्वांगीण विकास एवं छात्रों को तनाव मुक्त परीक्षा इत्यादि विषयों पर क्रियान्वयन हेतु चर्चा हुई सभी विषय चर्चात्मक एवम विमर्शात्मक चल रहे है ' सभी आचार्यो के द्वारा वर्ष भर अपने-अपने अध्यापित विषयों का ळछट का निर्माण किया गया जिससे छात्रों के अध्यापन में रुचि जागृत किया जा सके ।कार्यशाला का मूल मंत्र है उद्देश्य प्राप्ति के लिए आपस में मिलजुल कर सकारात्मक भावना से कार्य करें जिससे भैया बहनों का सर्वांगीण विकास हो सके । कार्यशाला में सभी आचार्य बंधु भगनी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अनिल कुमार सिंह जी ने बताया कि शिक्षा जगत में शिक्षक समाज का दर्पण होता है अभी तो शिक्षक अपने लिए नहीं समाज के लिए जीता है तथा रामेश्वर दुबे जी ने कहा की सरस्वती शिशु मंदिर ही एकमात्र विद्यालय है जहां संस्कार और अनुशासन का अनूठा संगम देखने को मिलता है विभाग प्रमुख उमाशंकर पोद्दार जी ने बताया की किस प्रकार क्लासरूम को ज्वाय फुल लर्निंग में कन्वर्ट किया जाए कि बच्चे तनाव मुक्त होकर आनंदमय साथ क्लास में कुछ सीख सके।

मानव जीवन में एक ही विशेषता नैतिकता मानव जीवन में कथा की है आवश्यकता

चांद। प्रखंड मुख्यालय से 12 किमी दूर स्थित शिव गांव में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है।25 मार्च से शुरू हुई महायज्ञ में प्रतिदिन कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जा रहा है। शुक्रवार को हजारों भक्तों को प्रवचन देते हुए लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा मानव जीवन में नैतिकता होना विशेषता है। उन्होंने ने कहा और मामले में मानव से पशु का जीवन अच्छा होता है। स्वामी जी ने कहा मानव में नैतिकता संस्कृति संस्कार एवं धर्म उसे महान बनाता है। उन्होंने ने भक्तों को कहा रावण के पास सबकुछ

था लेकिन संस्कार नहीं था इसलिए मारा गया। पूज्य संत जीयर स्वामी ने कहा वेद का निरादर करने वालों को शांति नहीं मिलती। स्वामी जी ने कहा नास्तिकों का अंत बहुत भयानक होता है।श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने कहा मंदिर महायज्ञ एवं कथा मानव को अपराध एवं बुरा काम करने से रोकता है। स्वामी ने मानव जीवन में वेद उपनिषद पुराण आदि शास्त्रों का अध्ययन करने से नैतिकता संस्कृति संस्कार एवं धर्म की स्थापना होती है।श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में कथा 25 मार्च से शुरू है। महायज्ञ 27 मार्च से जल भरी से शुरू हुई।28 मार्च से हवन अनुष्ठान एवं पूजा शुरू हो गया। परम पूज्य जीयर स्वामी जी के अलावा प्रतिदिन कथा कहने वालो मुक्तिनाथ स्वामी जी लक्ष्मी नारायण मंदिर काशी के द्वारा शाम तीन से पांच बजे तक एवं आनन्द विहारी जी महाराज के द्वारा 6 से 8 बजे तक कथा सुनाई जाती है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

हत्या मामले के फरारी अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गत वर्ष 18 सितंबर 2023 को नवगछिया थाना अंतर्गत तेतरी मध्य विद्यालय के समीप झाड़ीयों में स्थानीय खरीक थाना क्षेत्र के अठनिया गांव इलाके में एक व्यक्ति की हत्या कर लाश फेंकने की सूचना मिली थी। इस संदर्भ में खरीक थाना के अठनिया गांव के अमित कुमार पिता साहेब दास के लिखित बयान पर नवगछिया थाना में हत्या व अन्य सुसंगत धाराओं के तहत विजय यादव एवं अन्य अभियूक्त के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। वही हत्या मामले के तकनीकी अनुसंधान के क्रम में नवगछिया थाना क्षेत्र के तेतरी गांव इलाके से संदिग्ध अभियुक्त रणवीर कुमार की संलिप्तता प्रकाश में आई थी। वही मामले को लेकर विगत 27 मार्च की रात्रि को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया के तहत पूछताछ कर मेडिकल जांच के साथ न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

कलश शोभा यात्रा निकाली गई

बरियारपुर (मुंगेर) लक्ष्मीपुर गांव मे 24 घंटे के अखंड रामधुन प्रारम्भ के पुर्व कलश शोभा यात्रा निकाला गया। यह शोभा यात्रा लक्ष्मीपुर से चलकर बहादुरपुर, पड़िया, बरियारपुर बाजार मार्गो पर चलकर घोरघट गंगा नदी पहुंचे जहां गंगा स्नान कर पुजा संकल्प के पश्चात 501महिलाओं के टोली सज-धज कर पैदल चलना प्रारम्भ किया।इस शोभा यात्रा मे एक ही मंत्र जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए लक्ष्मीपुर गांव पहुंचे। कलश शोभा यात्रा में शामिल यात्रियों न को मीठा जल पिला कर कलश शोभा यात्रा को विराम दिया गया।

प्रखंड ने किया जांच

असरगंज। जमुई लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रखंड सीओएस पावन ने गुरुवार को प्रखंड के शाह कुंड एवं कमराय के समीप लगे चेकपोस्ट का जांच किया। जांच के दौरान उन्होंने वहां तैनात पदाधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्हें चेक पोस्ट पर 24 घंटे तैनात रहने को कहा है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का नामांकन हुआ प्रारंभ

भागलपुर। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने संबंधित अधिकारियों के साथ नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ करने के साथ साथ चुनाव को निष्पक्ष, शांति व भयमुक्त वातावरण के माहौल में संपन्न कराने को लेकर लगातार समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन प्रांगण में बैठक का दौर लगातार जारी है। इस कड़ी में जिलाधिकारी ने निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिए है। वही निर्वाचन को लेकर भागलपुर, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया और बांका में नामांकन की प्रक्रिया को लेकर प्रत्याशीयों को नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी तैयारी जिला प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई है। उक्त आशय की जानकारी साझा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि क्षेत्रीय प्रत्याशियों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है, जबकि 8 अप्रैल तक नाम वापसी की प्रक्रिया शुरू की जायेगी, जबकि आगामी लोकसभा के मतदान की तिथि 26 अप्रैल को संपन्न होना सुनिश्चित है। वही निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्र पर मतदाता के लिए सौचालय, पैजल, छाया ग्रह सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस चुनाव को निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर भागलपुर के विभिन्न हिस्सों में लगातार वोटिंग प्रतिशत बढ़ोतरी को लेकर आम जनता के सुझाव पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जो निरंतर चुनावी प्रक्रिया के तहत जारी है, उक्त बात जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने मीडिया प्रतिनिधि के सदस्यों के साथ साझा कर कही है।

स्कूली बच्चों ने जाना गरुड़ संरक्षण का महत्व

- स्कूली बच्चों ने गरुड़ पुनर्वास केंद्र का किया अवलोकन

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पर्यावरण संरक्षण को लेकर वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग वन प्रमंडल भागलपुर की ओर से शहरी क्षेत्र के सुंदरवन प्रांगण में ह्लगरूड़ जागरूकता अभियानह्व के तहत संचालित अभियान के तहत नवगछिया अनुमंडल परिक्षेत्र के ढोलबज्जा गांव इलाके के रेसिडेंशियल मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के नामांकित छात्र-छात्राओं के बीच गरुड़ सेवा एवं पुनर्वास केंद्र का अवलोकन कराया गया। जहां स्कूली बच्चों के बीच गरुड़ के संरक्षण के बारे में मंदार नेचर क्लब के संस्थापक अरविंद मिश्रा ने प्रोजेक्टर के माध्यम से कई महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस दौरान बच्चों को बिहार-झारखंड का एकमात्र कछुआ रेस्क्यू सेंटर भी दिखाया गया। विगत 2006 से गरूड़ संरक्षण के लिए कार्य करने वाले मंदार नेचर क्लब के संस्थापक अरविंद मिश्रा ने विस्तार पूर्वक बताया कि हमने इस प्रजाति को बचाने के लिए ग्रामीण लोगों को गरुड़ पुराण से लेकर खेती तक में इसका महत्व समझाया है। गांव के हर टोले मोहल्ले में लोगों को जोड़ा, साथ ही हमने हर टोले से ह्लगरुड़ सेविअरह्व, ह्लगरुड़ गार्जियनह्व और ह्लगरुड़ सेविकाह्व जैसे सक्रिय सदस्य बनाए जो हमारे नेटवर्क की तरह कार्य करते हैं। गरूड़ प्रजनन के क्षेत्र में कदवा के स्थानीय लोगों की मदद से अब यहाँ गरुड़ों की संख्या करीब 600 से अधिक हो चुकी है, जबकि अगस्त व सितंबर महीने में ये प्रजाति के पक्षी इस इलाके में प्रजनन के लिए आते हैं। स्थानीय गांव के लोग सिर्फ पक्षी की सेवा ही नहीं करते है, बल्कि घुमंतू शिकारियों से उनकी सुरक्षा भी करते हैं। वही अरविंद मिश्रा ने बच्चों को बताया कि भागलपुर जिले के दियारा क्षेत्र के गाँवों में शुरू में ऐसा नहीं था, गरुड़ पक्षी को लेकर कई भ्रांतियाँ थीं। साल 2006 से पहले लोग दियारा क्षेत्र में जाने से भी डरते थे। 2006 में इस जगह पर गरुड़ों के होने की खबर जानकारी प्राप्त हुई। जिसके बाद से साल के नौ महीने तक यहाँ पर गरुड़ का ठिकाना बना रहता है। उनके इस कार्य में जय नंदन मंडल की बड़ी भूमिका रही है। बिहार के वन्य जीव चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीत कुमार ने स्कूली बच्चों को बताया कि भागलपुर जिले के कदवा दियारा के इलाके में भोजन की पर्याप्त उपलब्धता व मौसम अनुकूल होने से यहां गरुड़ों की संख्या बढ़ रही है, जबकि कंबोडिया देश व भारत के असम राज्य में गरुड़ की संख्या घट कर कम हो रही है। आज विश्व का तीसरा सबसे बड़ा प्रजनन केंद्र कदवा दियारा क्षेत्र इलाका है। दुनियां का एकमात्र गरुड़ का पुनर्वास केंद्र यहीं सुंदरवन में संचालित किया गया है। गरूड़ के संरक्षण के लिए भागलपुर के सुंदरवन में गरूड़ पुनर्वास केंद्र की स्थापना 2014 में की गई थी, जहां पेड़ से गिरकर घायल व अकारण बीमार गरुड़ों का इलाज भी किया जाता है। ठीक होने के बाद उन्हें पुनः कदवा के प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाता है। वही गरुड़ प्रजाति के पक्षी को लोग तंग न करें, इसके लिए हम लोग लगातार उस क्षेत्र में जागरूकता फैला रहे हैं। कदवा दियारा के बाद अब आसपास के क्षेत्रों में गरुड़ ऊंचे-ऊंचे कदंब, पीपल, सेमल, पाकड़ आदि के पेड़ों पर घोंसला बनाकर रहते हैं। उन्होंने बताया कि यहां की अनुकूल आबोहवा, भोजन और पानी की उपलब्धता से गरुड़ यहां रहना पसंद करते हैं। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) के शोधार्थी वर्तिका, अभय राय और सुमित ने पक्षियों के प्रवासी मार्गों और प्रवास से संबंधित वैज्ञानिक कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पशु-पक्षी प्रेमी शिक्षक मुकेश चौधरी, गौरव सिन्हा, पर्यावरण प्रेमी वतन कुमार, पक्षी पालक मो अख्तर, मो मुमताज और मो अरसद सहित वनरक्षी अनुराधा सिंहा, वनरक्षी प्रियंका कुमारी, गरुड़ सेवियर्स प्रशांत कुमार कन्हैया, स्कूल के निदेशक कुमार रामानंद सागर, प्राचार्य शंभू कुमार सुमन, गरुड़ सेवियर्स दीपक कुमार, विनय कुमार, वरूण कुमार, सुकुमल कुमार सोनी सहित कई पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

तीन किलो गाजा से भरा बैग को पुलिस ने किया जब्त

- बैग को अज्ञात रूप में छोड़ कारोबारी मौके से हुआ फरार

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। गोपालपुर थाना के गश्ती पदाधिकारी पुअनि कृष्ण कन्हैया को गुप्त सूचना मिली कि कटिहार से भागलपुर जा रही शोभा ट्रेवल्स बस संख्या बीआर 39 ए 6782 पर सवार ब्लू जिंस एवं उजला टीशर्ट पहने एक व्यक्ति अपने पिट्ठू बैग में गाजा लेकर जा रहा है। उक्त सूचना मिलते ही गोपालपुर थाना गस्त पुलिस ने ढाबा समीप एनएच 31 पर वाहन जांच शुरू की गई। इस रूट की सभी बड़ी छोटी बसों को रोककर बताए हुलिए के व्यक्ति की खोज शुरू की गई, परंतु वह व्यक्ति बस पर नहीं मिला। वही उक्त बस की तलाशी के दौरान गाजा भरा बैग बस के कैरियर पर रखा हुआ बरामद किया गया। वही बस पर बैठे सभी यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने बैग को नही स्वीकारा जिसके बाद पुलिस टीम ने उक्त बैग को जब्त कर उसकी तलाशी जांच करने पर तीन किलो गाजा बरामद हुआ। इस संबंध में गोपालपुर थाना की पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई शुरू किये जाने को लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत अज्ञात कारोबारी के विरुद्ध मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

अवैध शराब सप्लाई चैन को तोड़ने की ओर पुलिस की रही हैं सार्थक प्रयासः एसएसपी

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। औद्योगिक थाना परिक्षेत्र अंतर्गत एक टाटा मैजिक वाहन के तहखाना से कुल 335 बोतल अंग्रेजी शराब की खेप को पुलिस ने बरामद किया है। वही मामले को लेकर पुलिस ने मौके पर एक अभियुक्त को तस्करी के संदिग्ध आरोपी को भी हिरासत में लिया है। गौरतलब हो कि जिले भर में लोकसभा आम चुनाव को लेकर पुलिस हर जगह अपनी पैनी नजर बनाए हुए चल रही हैं। उक्त आशय की जानकारी एसएसपी कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में बरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने दी। साथ ही उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र के आठ जगह को चिन्हित कर मुख्य तौर पर चेक पोस्ट बनाए गए हैं, ताकि शहरी क्षेत्र इलाके में अवैध शराब की तस्करी ना हो सके, लेकिन 50 ऐसे कच्ची सड़क मार्ग हैं जिस मार्ग के सहयोग लेकर लगातार जिले में शराब कारोबारी द्वारा लगातार शराब की तस्करी गतिविधियों को अंजाम दी जा रही है। हम लोग उक्त कड़ी पर लगातार नजर बनाए हुए चल रहे हैं, और लगातार क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अपराधियों पर नकेल कसने के लिए उनकी गिरफ्तारी भी की जा रही हैं। वही इस ओर पुलसिंग प्रक्रिया को लेकर अपराधी के हर मंसूबों को निष्क्रिय करने की दिशा में जिला पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

उत्कृष्ट सफाई कर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र

- जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिलाई मतदान की शपथ

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने तथा भागलपुर में शत प्रतिशत मतदान की उपलब्धि प्राप्त करने के उद्देश्य से जय प्रकाश नारायण उद्यान मैदान के ओपन थिएटर प्रांगण में स्वीप के अंतर्गत नगर निगम भागलपुर के सफाई कर्मियों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने सफाई कर्मियों को स्वच्छता का दूत बताया और कहा कि आपकी पहुंच भागलपुर शहर की हर गली, हर मोहल्ले और हर घर में रहती है। शहर में सौंदर्य का मुख्य भूमिका सफाई और स्वच्छता आप से जुड़ी है। आप प्रतिदिन लोगों को आगामी 26 अप्रैल को लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। स्वयं भी सपरिवार मतदान करें और अपने मोहल्ले में बतावें की हम ने मतदान कर दिया है, आप भी मतदान कर आएं। जिससे भागलपुर जिले का मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा तो देश, दुनिया में भागलपुर का मान बढ़ेगा। वही मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधा मुहैया कराने की व्यवस्था की जा रही है। जिनमें प्रकाश, स्वच्छ पेयजल, महिला- पुरुष शौचालय, छाया, रैंप, हेल्प डेस्क की व्यवस्था शामिल है। साथ ही उन्होंने सफाई कर्मियों से कई बार नारा लगवाकर वोट करने एवं वोट दिलवाने का संकल्प दिलवाया। वही उन्होंने कहा कि भागलपुर को चंपा नगरी कहा जाता है और यह बिहार का तीसरा सबसे बड़ा जिला है। यहां की जनसंख्या भी अधिक है, और यहां के 193 बूथ पर मतदान का प्रतिशत कम रहा है। यहां मतदान प्रतिशत भी अधिक होना चाहिए। इससे भागलपुर का मान बढ़ेगा। साथ ही उन्होंने स्वच्छता कर्मियों को कहा कि आप घर-घर जाएं और प्रतिदिन लोगों को जगाएं कि आगामी 26 अप्रैल को मतदान केंद्र पर पहुंच कर आपको वोट करना है। वही उन्होंने भागलपुर के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान का दिन छुट्टी का दिन नहीं होता है बल्कि मतदान करने का दिन होता है। इसलिए 26 अप्रैल को मतदान जरूर करें। जिन टोलों या क्षेत्र के लोग जागरुक होते हैं वहां के सभी मतदाता मतदान करते हैं और वैसे टोलों एवं गांव की अलग पहचान बन जाती हैं। जिससे अभ्यर्थी भी चुनावी दौरा में उन क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हैं। वहां के विकास कार्य में भी अधिक भूमिका रहती हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सभी सफाई कर्मी अपना वोट डालेंगे और जन-जन को वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे, और जिस मतदान केंद्र में मतदान का प्रतिशत शत प्रतिशत रहेगा, वहां के सभी सफाई कर्मियों को जिला स्तरीय मंच से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री नितिन कुमार सिंह ने कहा कि वैसे सफाई कर्मी जिनका मतदाता जागरूकता में उत्कृष्ट कार्य रहेगा, उन्हें नगर निगम के द्वारा भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग ने कहा कि कम वीटीआर वाले मतदान केंद्र के साथ संपूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता होतु स्वीप प्लान बनाया गया हैं। जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। 26 अप्रैल को अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान कर आएं और भागलपुर का मान बढ़ाएं। इस मौके पर सहायक समाहर्ता श्वेता भारती, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्वेता कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं नगर निगम के संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

फसल लूट व फायरिंग मामले में पुलिस ने किया मामला दर्जःथानाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के फुलकिया गांव के ग्रामीण चिकित्सक डॉ. उपेंद्र यादव ने इस्माईलपुर थाने में बिचली दियारा परिक्षेत्र के गंगा पार में फसल लूटपाट कर गोली फायरिंग करने का मामले को लेकर लिखित आवेदन दिया है। इस मामले में पीड़ित डॉक्टर उपेंद्र यादव ने आवेदन के माध्यम से बताया है कि कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा हमारे खेत में अपने वर्चस्व को लेकर खेत में लगी हुई फसल की लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया है। वही लूटपाट की घटना का जब विरोध किया तो उस असमाजिक तत्वों के द्वारा गोली फायरिंग की गई है। जिससे हमलोग मौके से भागकर अपनी जान बचाकर आ गए है। वहीं इस घटना को लेकर के इस्माइलपुर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अमोद कुमार ने बताया कि मामले को लेकर के डॉक्टर उपेंद्र की यादव के द्वारा आवेदन दिया गया है। जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए उक्त आवेदन पर मामला दर्ज कर घटना की जांच को लेकर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र इलाके में दबिश दिये जाने की कार्रवाई में जुट गई है।

व्यय प्रेक्षकों की बैठक संपन्न : अमित डी

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु 26- भागलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक मल्लिनाथपुरा के अमित डी. एवं नंदा दुलाल दास द्वारा व्यय व अनुश्रवन कोषांग, भागलपुर के सभी पदाधिकारी, सहायक व्यय प्रेक्षक, वीएसटी, वीवीटी के साथ संयुक्त बैठक की। बैठक के क्रम में उन्होंने व्यय एवं अनुसरण को सॉन्पा के नोडल पदाधिकारी से अभ्यर्थियों के व्यय लेखा संधारण से संबंधित विभिन्न जानकारियां ली। साथ ही उन्होंने सहायक व्यय प्रेक्षकों को अभ्यर्थियों के व्यय लेखा की प्रविष्टि पर निरंतर ध्यान देने के निर्देश दिये है। एमसीएमसी सह मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी नागेंद्र कुमार गुप्ता को भी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित अभ्यर्थियों के विज्ञापनों पर नजर रखने एवं उनकी सूचना नियमित रूप से व्यय एवं अनुश्रवण कोषांग को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये गये है। वही उन्होंने भीभीटी व भीएसटी को नियमित रूप से अभ्यर्थियों के चुनावी व्यय पर निगरानी रखने को निर्देश दिये है।

गंगा नदी में डूबने से हुई युवती की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत नासरीगंज के फक्करमहतो घाट पर शादी का कार्ड चढाने गयी युवती गंगा में डूब गयी।19 अप्रेल को जिसकी शादी होने वाली थी। एसडीआरएफ टीम गोताखोर के साथ शव खोजने में जुटी। घंटो प्रयास के बाद भी शव बरामद नही हो सकी। युवती की डूबने से घर मे शादी का माहौल मातम में बदल गया। घर में चीख पुकार मच गया। शव की तलाश में प्रशासन लगी है। प्राप्त सूचना के अनुसार अकिलपुर थाना क्षेत्र के पुरानीपानापुर के मुल निवासी रवि रंजन राय दानापुर थाना क्षेत्र के बिस्कूट फैक्ट्री रोड आर्दश कालोनी में परिवार के साथ रहते है। घर में उनकी पुत्री प्रतिमा उर्फ मुस्कान 20 वर्षीय की शादी की तैयारी चल रहा थी प्रतिमा अपनी दादी तेतरी देवी एव बहन कोमल के साथ परंपरानुसार शादी का कार्ड चढाने नासरीगंज के फक्कर महतो घाट पर गयी थी। इसी क्रम मे वो गंगा में स्नान करने लगी। स्नान करने के दौरान गंगा नदी में डूब गयी। उसे डूबते देख दादी व बहन चिल्लाने लगी।

डीएम ने यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने को लेकर की बैठक

- उल्टा पुल से अलीगंज तक की सड़क को दुरूस्त करने का और क्षेत्र के सभी संचालित सीसीटीवी कैमरे को ठीक करवाने का दिया गया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। समाहरणालय कार्यालय बेस में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की मौजूदगी में शहरी क्षेत्र इलाके में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि बांका, मुंगेर, दुमका व देवघर मार्ग पर जाने वाली सभी बसों का परिचालन रिक्शाडीह बस स्टैंड से ही होगा। इसके लिए जिला परिवहन पदाधिकारी अपने पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करें, और इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने उल्टा पुल से अलीगंज तक के खराब सड़क को मोटरेबल बनाने हेतु पथ निर्माण विभाग को निर्देश दिए है। बैठक क्रम में संबंधित पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 16 जगह पर नगर निगम के सीसीटीवी के कैमरे खराब चल रहे हैं, जिससे ऑटोमेटिक चालान काटने में परेशानी हो रही है। वही जिलाधिकारी ने मामले को लेकर संबंधित एजेंसी से मेंटेनेंस पॉलिसी के तहत इन कमरों को शीघ्र दुरुस्त करवाने हेतु नगर आयुक्त को निर्देशित किया है। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए सड़क के किनारे से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए है। मॉल एवं बड़ी दुकानों के बाहर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर आयुक्त को कार्य नीति बनाकर बोर्ड से प्रस्ताव पारित करवाने हेतु निर्देशित किया है। इस मौके पर नगर पुलिस अधीक्षक राज, उप विकास आयुक्त भागलपुर कुमार अनुराग, डीएसपी यातायात आशीष कुमार सिंह, के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

उपभोक्ता स-समय बिजली बिल का करें भुगतान : कार्यपालक अभियंता

बरियारपुर (मुंगेर) साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड ने अपने बिजली बिल भुगतान प्राप्त करने के लिये शिविर का आयोजन करना प्रारम्भ कर दिया है। इस सम्बंध कार्यपालक अभियंता हिमांशु कुमार भूषण ने बताया कि उपभोक्ता को कोइ कठिनाई नहीं हो इस कार्य के लिए साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड कंपनी हमेशा समय से तैयार रहती है इसलिए उपभोक्ता को अपनी विजली बिल भुगतान करने में कोताही नहीं बरतनी चाहिए । उन्होंने कहा कि मैं अपने उपभोक्ता को तीन तरह से बिजली बिल भुगतान करने की सलाह दे रखे हैं ओन लाईन, विभागीय खिड़की के माध्यम या बिल को मात्र बताने पर भुगतान दे सकते है। इस कार्य के लिये बरुण कुमार मुख्य लाईन मैन मानव वल प्रदुम्न पासवान, प्रेम प्रभाकर, अशिश कुमार द्वारा बिजली भेजने की कृपा करेंगे। दो माह अधिक दिनों तक भुगतान नहीं करने पर सम्बन्ध विच्छेद कर दिया जायेगा इसके साथ ही पुनःसंम्बन्ध जोड़ने के लिये मजदुरी का भुगतान करना पड़ेगा।

आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला आया सामने, प्रथामिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बावजूद पार्टी का बैनर लगाये जाने को लेकर गुरुवार को लोकतांत्रिक सामाजिक न्याय पार्टी पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आलोक में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है ' लोकतांत्रिक सामाजिक न्याय पार्टी के प्रदेश सचिव सह प्रमंडलीय प्रभारी सह तारापुर विधानसभा प्रभारी अरविंद कुमार कुशवाहा पर अंचल अधिकारी सह उड़न दस्ता दल के दंडाधिकारी निशीथ नंदन के द्वारा संग्रामपुर थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है' प्राप्त जानकारी के अनुसार चुनाव आचार संहिता के पालन के उद्देश्य से बनाए गए उड़न दस्ता दल को गस्ती के दौरान तीन बटिया मोड़ सरकटिया के समीप बिजली के खंभे पर लोकतांत्रिक सामाजिक न्याय पार्टी का बैनर लगा हुआ था। इसी के तहत उड़न दस्ता दल के दंडाधिकारी सह अंचल अधिकारी निशीथ नंदन के द्वारा संबंधित पदाधिकारी के ऊपर आदर्श आचार संहिता की उलझन के मामले को लेकर संग्रामपुर थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। इस संबंध में पूछे जाने पर दंडाधिकारी नंदन ने बताया कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद किसी भी पार्टी का बैनर या पोस्टर लगाना आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी पार्टी का बैनर या पोस्टर कहीं पर पाया जाता है तो इसे आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए कार्यवाही की जाएगी।

पच्चीस हजार इनामी अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थेः एसएसपी

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम चुनावों की तैयारियों को लेकर एक तरफ जहां जिला पुलिस प्रशासन द्वारा अपराधी गतिविधि पर निगरानी रखने की लगातार मुहिम चला रही हैं। वही दूसरी ओर चुनाव में रंग में भांग ना हो इसको लेकर पुलिस प्रशासन लगातार अपराधियों पर नकेल कसने की कवायद चल रही है, जिसे लेकर क्षेत्र इलाके में लगातार पुलिस छापेमारी कर रही है। इसी बाबत भागलपुर के औद्योगिक थाना क्षेत्र से 25 हजार के इनामी कुख्यात अपराधी शनिचर मंडल को पुलिस द्वारा नाटकिय अंदाज में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उक्त आशय की जानकारी भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में एसएसपी आनंद कुमार ने विस्तृत जानकारी साझा करते हुए उन्होंने कहा कि शनिचर मंडल का लंबी अवधि से आपराधिक इतिहास रहा है।

बरियारपुर: समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए मयार्दा जरूरी: विवेक सागर दास जी महाराज

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। बरियारपुर प्रखंड के खड़िया गांव के वैष्णवी दुर्गा स्थान में नौ दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया गया श्री राम कथा का श्रवण कराने श्री बालाजी आश्रम वृंदावन मथुरा से विवेक सागर दास जी महाराज हैं कथा के पूर्व पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के साथ गोपाल चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर श्री राम कथा का उद्घाटन किया गया कथा वाचन करते हुए महाराज जी ने कहा कि समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए मयार्दा जरूरी है। इसीलिए प्रभु श्रीराम को पुरुषों में उत्तम कहा गया है। राम का जीवन एक आदर्श है तो श्रीकृष्ण का जीवन एक उत्सव पुत्र के रूप में वनवास। उपरोक्त बाते वैष्णवी दुर्गा स्थान खड़िया में समस्त खड़िया बासियो की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा के शुभारंभ के दौरान श्री बालाजी आश्रम वृंदावन मथुरा से पधारे विवेक सागर दास जी महाराज के द्वारा कही गई कथा के दौरान विवेक सागर दास ने कहा कि भगवान राम का जीवन मयार्दाओं को कभी तोड़ता नहीं हैं। जबकि कृष्ण समय आने पर इसका अनुसरण नहीं करते हैं। भाई के रूप में पादुका त्याग और पति के रूप में सीता-वियोग की गाथा है श्री राम। राम के दुःखों का न ओर है न छोर, लेकिन फिर भी वह मयार्दा को नहीं त्यागते हैं और सत्य के पथ पर अटल रहते हैं। राम अपने हर रूप में धर्मार्थ के लिए किसी न किसी सुख की बलि देते जाते हैं। वही शस्त्रधारी राम युद्ध-क्षेत्र में हर खोया सुख और पूर्ण सम्मान जीतने में समर्थ हैं। कृष्ण बेहद राजनैतिक अवतार है। वो जरासंध के भय से युद्ध छोड़कर भाग जाते हैं और रणछोड़ कहलाते हैं। अर्थात वे परिस्थिति खराब होने पर मैदान को छोड़ना भी बुरा नहीं मानते। कृष्ण समय परिस्थितियों के अनुसार ही अपना कार्य करते हैं।

मंदिर से लाखों की मूर्तियां चोरी

जलालपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के जीएस बंगरा के एक प्राचीन मंदिर ठाकुर बाड़ी से बीती रात राम दरबार की मूर्तियों सहित ठाकुर जी की कीमती मूर्तियों के चोरी हो जाने का मामला प्रकाश मे आया हैजिसकी कीमत लाखो की बताई जा रही है सूचना मिलने पर पुलिस की टीम थानाध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व मे सुबह से ही इसकी जांच शुरू कर दी `साथ में इंस्पेक्टर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सारण, बनियापुर थानाध्यक्ष, नगरा थानाध्यक्ष प सहित दर्जनों अधिकारी भी उपस्थित थेघटनास्थल पर डाग स्क्वायड टीम भी बुलाई गईटीम ने ठाकुर जी का वस्त्र कटेशर के समीप एक फुलवारी से बरामद किया`वही ग्रामीणों का कहना था कि दिसंबर से अब तक यहां के दो मंदिरों में मूर्ति चोरी कर ली गई और अभी तक प्रशासन इसके जांच में ही लगी है।

आज बीमार या दिव्यांग वाले मतदान कर्मियों का होगा मेडिकल बोर्ड द्वारा चेकअप

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। लोक सभा आम निर्वाचन के अवसर पर मतदान कर्मियों का प्रथम नियुक्ति पत्र निर्गत किया जा चुका है। इस आधार पर वैसे कर्मियों जो बीमार अथवा दिव्यांग हैं, उनके द्वारा दिनांक-29.मार्च.2024 तक जिला कार्मिक कोषांग, मुंगेर में प्राप्त होने वाले अभ्यावेदनों को मेडिकल बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में बीमार अथवा दिव्यांग कर्मियों को निर्वाचन कार्य से मुक्त करने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है, जिसमें मनोज कुमार, अपर समाहर्ता, मुंगेर, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी मुंगेर, आनन्द प्रकाश, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, मुंगेर, डॉ० मो० रईश, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, मुंगेर, डॉ० निरंजन कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, मुंगेर, डॉ० के० रंजन, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, मुंगेर को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के कर्मियों/कार्यालय प्रधान से प्राप्त अभ्यावेदन के आलोक में उक्त गठित टीम द्वारा दिनांक-30.मार्च.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से बीमार अथवा दिव्यांग कर्मियों का स्वास्थ्य जाँच सदर अस्पताल, मुंगेर में उनके अभ्यावेदन के आधार पर किया जाएगा। जांचोपरांत अस्वस्थता के आधार पर निर्वाचन कार्य से विमुक्ति के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के अनुशंसा पर ही कार्रवाई की जायेगी।

मैच जिताऊ पारी खेलकर बोले रियान पराग

'अपने अभ्यास पर विश्वास किया'

जयपुर (एजेंसी)। रियान पराग ने जयपुर में सभी को मंत्रमुग्ध करते हुए 45 गेंदों में नाबाद 84 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सवाई मानसिंह स्टेडियम की जिस पिच पर शुरुआत में सीम मूवमेंट में मदद मिली, उस पर पराग की शुरुआत धीमी रही और उन्होंने पहली 26 गेंदों का सामना करते हुए सिर्फ 26 रन बनाए। लेकिन उन्होंने रविचंद्रन अश्विन की 29 रन की पारी के बाद अगली 19 गेंदों में 58 रन बना दिए जिसमें 34 गेंदों में अपना अर्धशतक भी शामिल था। पराग ने सात चौके और छह छक्के लगाए।

पराग ने कहा, जब मैं जुबिन सर के साथ नागपुर में अभ्यास कर रहा था, तो हमें ऐसे साइडआर्म गेंदबाजों का सामना करना पड़ता था जो प्रतिदिन 150 किमी/घंटा से अधिक की गति से गेंदबाजी करते थे। उनके साथ 22 गज की बजाय 20 गज की दूरी से अभ्यास करना, गेंद को खींचना और वॉर्कर को खेलना नियमित था। पांच से छह दिनों तक चार से पांच घंटे तक वहां खेलने से, मुझे लगता है कि मैंने मांसपेशियों की स्मृति विकसित की। मैच में ऐसा हुआ। ऐसा महसूस नहीं हो रहा है कि एनरिक नॉर्टजे या खलील अहमद गेंदबाजी कर रहे हैं। मैंने गेंद पर ध्यान केंद्रित किया, अपने अभ्यास पर विश्वास किया और इससे मदद मिली।

डीसी के खिलाफ मैच से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ महत्वपूर्ण 43 रन बनाने के बाद पराग फ्लू से पीड़ित थे, और खेल समाप्त होने के बाद उन्होंने खुलासा किया कि खेलने के लिए फिट होने के लिए उन्होंने बहुत सारी दर्द निवारक दवाएं लीं। 2023-24 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पराग दस पारियों में 85 की औसत और लगभग 183 की स्ट्राइक रेट से 510 रन के साथ अग्रणी रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरे, जिसमें उनकी राज्य टीम असम के लिए लगातार सात अर्धशतक शामिल थे।

उन्होंने यह भी महसूस किया कि नंबर चार का स्थान दिए जाने से भी उनके पक्ष में काम करा है। उन्होंने कहा, जब मैं असम के लिए खेलता हूं, तो मुझे इसी तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। मैं गेंदबाजों को बेहतर तरीके से आंक सकता हूं कि गेंद को कहां मारना है और गेंद को कितनी जोर से मारना है, इससे मुझे बहुत मदद मिली। मेरी तैयारी अच्छी थी और मुझ पर कम से कम दबाव था। अगर मैं घरेलू क्रिकेट में इतना अच्छा खेल सकता हूं, तो यहां ऐसा क्यों नहीं कर सकता? मैं नागपुर गया, जुबिन सर के साथ काम किया, बहुत अभ्यास किया और अब मैं परिणाम देख रहा हूं। इसलिए मैं बहुत खुश हूं।

लगातार दो हार के बाद फूटा ऋषभ पंत का गुस्सा

मैच के बाद निकाली अपनी भड़ास, किसी को नहीं छोड़ा

जयपुर (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में बहुत ही खराब शुरुआत हुई है। ऋषभ पंत की कप्तानी में टीम लगातार दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली को दूसरी हार राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली है। इस निराशाजनक हार के बाद टीम के कप्तान ऋषभ पंत काफी निराश नजर आए और उन्होंने बताया कि मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम कहां चूक गई।

मुकाबले के बाद ऋषभ पंत ने कहा, निश्चित रूप से मैं इस हार से निराश हूं, लेकिन सबसे अच्छी बात जो अब हम कर सकते हैं वह है इस हार से सीखना। मैच में हमारे गेंदबाजों ने 15-16 ओवर तक राजस्थान की टीम को बांधे रखा था, लेकिन इसके बाद हमारे कंट्रोल नहीं रह पाया।

डेथ ओवर्स में हुई हमसे चूक-पंत

पंत ने कहा, कई बार ऐसा होता है कि धीमी शुरुआत के बाद बल्लेबाज डेथ ओवर्स में तेजी से रन बनाने की कोशिश करते हैं। वही आज के मैच में हुआ। अंतिम ओवरों में जिस तरह रियान ने अपना खेल दिखाया उससे हम पूरी तरह से मैच पर अपनी पकड़ खो दिए थे। उन्होंने कहा, लक्ष्य का पीछा करते हुए डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श ने हमें अच्छी शुरुआत दी थी, लेकिन बीच के ओवरों में जिस तरह से हमने अपना विकेट गंवाया वह काफी खराब था। क्योंकि तब तक बहुत सारे बचे हुए थे। हमें अपनी मध्यक्रम की बैटिंग में मजबूती दिखानी पड़ेगी।

नॉर्खिया के अंतिम ओवर पर भी बोले पंत

दिल्ली कैपिटल्स के लिए एनरिक नॉर्खिया ने पारी का अंतिम ओवर किया था। इस ओवर में उन्होंने 25 रन लुटा दिए। नॉर्खिया के इस ओवर पर पंत ने कहा, हम चाहते थे कि नॉर्खिया डेथ ओवरों में हमारे लिए गेंदबाजी करें, लेकिन कभी-कभी आपको रन पड़ जाते हैं, उम्मीद है कि हम अगले मैच में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

बता दे कि मैच में ऋषभ पंत ने टॉस जीतने के बाद राजस्थान रॉयल्स को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। राजस्थान की टीम रियान पराग की दमदार बैटिंग से 185 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स 20 ओवर में 173 रन ही बना सकी।

आयरलैंड में टी20 श्रृंखला खेलेगा पाकिस्तान, पीसीबी ने जारी किया शेड्यूल

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को आयरलैंड के साथ तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की तारीखों का ऐलान कर दिया है। पीसीबी की घोषणा के अनुसार तीनों मुकाबले 10 से 14 मई तक डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। इससे पहले दोनों देशों के बीच 2009 में टी-20 मैच खेला गया था।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2020 में दो देशों के बीच टी-20 श्रृंखला निर्धारित की गई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण यह दौरा नहीं हो सका था। पाकिस्तान, अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अपनी तैयारी के मद्देनजर अपनी फॉर्म को बेहतर बनाने के लिए 12 टी-20 मैच खेलेगा। द मेन इन ग्रीन में पाकिस्तान के साथ 18 अप्रैल से शुरू होने वाली पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला की न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। आयरलैंड श्रृंखला के बाद पाकिस्तान 22 से 28 मई के बीच इंग्लैंड के साथ चार मैच खेलेगा।

नीरज चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग से करेंगे सत्र का आगाज

नई दिल्ली (एजेंसी)। मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 10 मई को दिग्गज खिलाड़ियों के बीच प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा चरण में अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। छब्बीस साल के चोपड़ा ने पिछले सत्र का समापन चीन के हांगझोउ में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के साथ किया था। इस साल उनका लक्ष्य पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण का बचाव करने का होगा। चोपड़ा के अलावा भारतीय खिलाड़ी किशोर जेना भी कतर की राजधानी में होने वाले डायमंड लीग चरण में पदार्पण करेंगे। जेना 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रहे और उन्होंने हांगझोउ में 87.54 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ रजत पदक जीता था।

हैदर नाइट और नेट साइवर के दम पर इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराया

वेलिंगटन (एजेंसी)। कप्तान हैदर नाइट की 35 रनों की पारी और नेट साइवर ब्रंट हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को खेले गये पांचवें टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड की महिला टीम को पांच विकेट से हराकर सीरीज 4-1 से जीत ली है। इंग्लैंड की टीम ने 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में माया बूशेर छह रन का विकेट खोया। आठवें ओवर में ऐलिस कैप्सी भी 25 रन और उसके बाद डेनिएल वायट ने 21 रन बनाकर आउट हो गई। उस समय टीम का स्कोर तीन विकेट पर 64 रन था।

नेट साइवर ब्रंट और कप्तान हैदर नाइट ने पारी को संभालते हुए स्कोर को 121 रन तक ले गई। ब्रंट ने 27 गेंदों में 31 रन बनाये। वहीं हैदर नाइट ने टीम के लिए 28 गेंदों मे सर्वाधिक 35 रनों की पारी खेली। एमी जोंस और सोफिया डंकली छह-छह रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड ने 18.5 ओवर

में पांच विकेट पर 138 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। न्यूजीलैंड की ओर से एमेलिया केर ने तीन विकेट लिए। लियाह तहुहू और रोजमेरी मेयर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

न्यूजीलैंड की महिला टीम ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने अपने चार विकेट 31 के स्कोर पर गवां दिए। सूजी बेट्स 11 रन, बर्नडीन बिजुदिनाउट एक रन, कप्तान एमेलिया केर पांच रन, जॉर्जिया प्लिमर 12 रन, और मैडी ग्रीन 10 रन बनाकर आउट हुई। ब्रूक हैलिडे और इसाबेला गेज ने न्यूजीलैंड की पारी को संभाला और छठे विकेट लिये 56 रनों की साझेदारी की।

यह न्यूजीलैंड की ओर से छठे विकेट के लिये सबसे बड़ी साझेदारी है। हैलिडे ने 33 रन बनाए। गेज ने 28 गेंदों में छह चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 51 रनों की पारी खेली। जेस केर छह रन बनाकर नाबाद रही। न्यूजीलैंड की टीम ने गेज की शानदार पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 136 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से सोफी एकल्सटन ने तीन विकेट लिये। नेट साइवर ब्रंट को दो विकेट मिले। शार्लेट डीन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी मियामी ओपन के फाइनल में पहुंची, इवान-ऑस्टिन से होगा खिताबी मुकाबला

मियामी (एजेंसी)। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन के विजेता बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1 6-4 की जीत के दौरान जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को 6-4 6-7(7) 10-7 से मात दी।

बोपन्ना दुबई चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में मिली हार और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 32 से बाहर होने से युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गये थे लेकिन इस जीत से उन्हें सोमवार को अपडेट होने वाली रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर

पहुंचने में मदद मिलेगी। आस्ट्रेलियाई ओपन की जीत के बाद 44 वर्षीय बोपन्ना एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए थे।

बोपन्ना के लिए यह उनका 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल और मियामी का पहला फाइनल होगा। यह उनका एटीपी टूर स्तर का 63वां फाइनल होगा। वह अभी तक 25 युगल खिताब जीत चुके हैं। बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी का यह एटीपी मास्टर्स 1000 का पांचवां फाइनल होगा। बोपन्ना ने साथ ही एक और उपलब्धि भी अपने नाम की, वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए।

नोर्त्जे को लय में आने में समय लगेगा : गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स

जयपुर (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स को लगता है कि टीम के आलोचनाओं से घिरे तेज गेंदबाज एनरिच नोर्त्जे समय के साथ बेहतर होते जाएंगे क्योंकि उन्होंने छह महीने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है।

राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग ने गुरुवार रात को अंतिम ओवरों में नोर्त्जे की गेंदों की धज्जियां उड़ा दीं जिससे उन्होंने अपने चार ओवर में 48 रन लुटा दिये। राजस्थान ने अंत में यह मैच 12 रन से जीत लिया। नोर्त्जे सितंबर 2022 के बाद से ही क्रिकेट से बाहर थे और इस महीने के शुरु में तीन घरेलू टी20 मैच खेलने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने लगे। लेकिन वह अभी तक अपनी मशहूर यार्कर और 'हार्ड लेंथ'

गेंद डालने में विफल रहे हैं। होप्स ने अपनी टीम की हार के बाद कहा, 'मैं गेंदबाजों के बारे में ज्यादा बुरा नहीं कहूंगा। उन्होंने योजनाओं पर तामील करने की कोशिश की। पहले 10 ओवर अच्छे रहे लेकिन अंतिम पांच ओवर में उन्होंने काफी रन लुटा दिए। उन्होंने कहा, 'नोर्त्जे काफी समय से खेल से दूर रहा और काफी समय बाद इस स्तर पर खेल रहा है। लेकिन अगर आप उसका रिकॉर्ड देखो तो वह खेल के अंतिम ओवरों के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक है। हमें भरोसा है कि वह बेहतर से बेहतर होता रहेगा। होप्स को यह भी लगता है कि गेंदबाजी की तरह टीम की बल्लेबाजी भी अंतिम 10 ओवरों में खराब रही।

पृथ्वी शॉ को प्लेइंग 11 में नहीं चुनने पर टॉम मूडी और वसीम जाफर हैरान

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की प्लेइंग इलेवन से बाहर करने का 'कोई मतलब नहीं है' और सुझाव दिया कि डीसी को आगामी मैचों के लिए 24 वर्षीय का चयन करना चाहिए। मूडी ने बताया कि जबकि शॉ हाल के सीजन में अप्रभावी रहे हैं, उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अनुभव को देखते हुए रिकी भुई के स्थान पर उन्हें चुनना अधिक प्रशंसनीय विकल्प है।

मूडी ने कहा, इसका कोई मतलब नहीं है क्योंकि आपके पास डगआउट में एक भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी (पृथ्वी शॉ) है। हां, उसने आईपीएल में वैसा प्रदर्शन नहीं किया जैसा हम सभी को उम्मीद थी कि वह करेगा, लेकिन उम्मीद है कि वह रन बनाएगा। वह डगआउट से रन नहीं बना पाएगा। शॉ को इस सीजन में दिल्ली के पहले दो मैचों के लिए बाहर कर दिया गया था। घरेलू क्रिकेट स्टार रिकी भुई ने अपने मौकों का फायदा नहीं उठाया और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ क्रमशः 3 और 0 रन बनाए।

वसीम जाफ़र ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि आईपीएल 2024 मिनी-नीलामी के लिए रखने के बावजूद दिल्ली ने शॉ को नहीं खिलाया। डीसी के शुरुआती दो मुकाबलों में इस आक्रामक सलामी

बल्लेबाज को बाहर किए जाने के जवाब में वसीम जाफर ने कहा, अब जब उन्होंने उसे पकड़ लिया है और उसे नीलामी में नहीं जाने दिया है, तो मुझे आश्चर्य है कि वे उसे नहीं खिला रहे हैं। वह ज्यादातर समय मुंबई के लिए खेला है। आप कल्पना करेंगे कि वह फिट है। मैं आश्चर्यचकित हूं। उसे दंडित करना और फिर गेम हारना आगे बढ़ने का तरीका नहीं है।

शॉ को आईपीएल 2023 में घटिया प्रदर्शन के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। उन्होंने आठ पारियों में 13.25 की औसत से 106 रन बनाए। राजस्थान के खिलाफ गुरुवार को हुए मैच में रिकी भुई शून्य पर आउट हो गए। नांद्रे बर्गर ने दाएं हाथ के बल्लेबाज को करारा बाउंसर मारा। मूडी ने उनके आउट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह घरेलू क्रिकेट और आईपीएल के बीच असमानता को उजागर करता है।

उन्होंने कहा, यह बिल्कुल वही है जो आप एक वास्तविक तेज गेंदबाज को करते हुए देखना चाहेंगे। एक शीर्ष क्रम के खिलाड़ी के साथ ऐसा करना और भी अधिक चिंताजनक है। यह रणजी ट्रॉफी से लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल के बीच की छलांग को भी उजागर करता है। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली टीम आईपीएल 2024 में अपना खाता खोलने के लिए बेताब है और अब उनका अगला मुकाबला रविवार को मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से होगा।

संक्षिप्त समाचार

चेन्नई में सेख्मेट क्लब के अंदर फॉल्स सीलिंग गिरने से तीन लोगों की मौत

चेन्नई। चेन्नई में सेख्मेट क्लब के अंदर फॉल्स सीलिंग गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, यह घटना गुरुवार रात 9-30 के आसपास घटी। एक पुलिस अधिकारी ने एएनआई से बात करते हुए बताया कि बचाव अभियान जारी है। हालांकि, अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। चेन्नई के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रेम आनंद सिन्हा ने बताया कि अभी छत गिरने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन रिपोर्टों से पता चला है कि बार के सामने मेट्रो रेल का काम चल रहा था। उन्होंने आगे कहा, हम जांच कर रहे हैं कि क्या उस समय मेट्रो रेल कार्य में कोई बड़ा प्रभावशाली ऑपरेशन चल रहा था। अधिकारियों ने कहा है कि बार चालू था। घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है। संयुक्त आयुक्त पूर्वी जोन धर्मराज ने कहा, तीन लोगों की मौत की सूचना मिली है, हमने जांच शुरू कर दी है। कारण पता चलने के बाद ही हम पता लगा सकते हैं कि किसी के खिलाफ कोई मामला है या नहीं। मलबा हटा दिया गया है और हमने मौके की जांच की है। तीनों क्लब के कार्यकर्ता हैं।

टिकट कटने पर एसटी हसन बोले, अखिलेश के करीबी उन्हें कर रहे मिसगाइड

मुरादाबाद, एजेंसी। समाजवादी पार्टी से लोकसभा का टिकट कटने के बाद डॉक्टर एसटी हसन ने कहा कि पार्टी मुखिया अखिलेश के अगल-बगल में आरएसएस व भाजपा के लोग छिपे हैं, जो उन्हें मिसगाइड करते हैं। इसके कारण मेरा टिकट काटा गया है। एसटी हसन ने आईएएनएस से विशेष बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव में वह मुरादाबाद में पार्टी का प्रचार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे टिकट कटने के बारे में पता नहीं है। मेरे ऊपर न तो दाग धब्बा है, न ही मैं भू माफिया हूं, मैं तो एक डाक्टर हूं। उन्होंने कहा कि अखिलेश के अगल-बगल आरएसएस और भाजपा के लोग छिपे हैं, जो सपा को खत्म करने में लगे हैं। वे लोग नहीं चाहते की सपा में मुस्लिम लीडरशिप आगे बढ़े। कुछ लोग पार्टी का नुकसान करने के लिए अखिलेश को मिसगाइड कर रहे हैं। हसन ने कहा कि अखिलेश बहुत अच्छे इंसान हैं। सपा ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मुझे मेयर और सांसद भी बनाया। हसन ने कहा कि मैं मुरादाबाद में पार्टी का प्रचार नहीं करूंगा। इसके अलावा अखिलेश यादव जहां भी कहेंगे, वहां प्रचार करूंगा। रामपुर में पार्टी आजम खां के सुझाए गए प्रत्याशी को उम्मीदवार नहीं बना सकी, इसलिए खां के कहने पर रुचि वीरा को मुरादाबाद से उम्मीदवार बनाया गया है।

होटल में खाना खाने के बाद पैसे नहीं दिया तो ग्राहक को कुत्ते से कटवाया

बिलासपुर, एजेंसी। बिलासपुर जिले में एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार करने का एक मामला सामने आया है। जिले के पुराना बस स्टैंड स्थित एक होटल में खाना खाने के बाद पैसे की बारगेनिंग करने पर एक शख्स को होटल मालिक ने अपने पालतू कुत्ते से कटवा दिया। मलिक के आदेश पर कुत्ता ग्राहकों पर अटैक कर दिया और हमला करते हुए दो लोगों को घायल कर दिया है। इसके बाद गुस्साए ग्राहकों ने पैसे नहीं दिए और होटल में घुसकर तोड़फोड़ की है। इस पूरी घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस मामले के बाद बिलासपुर के तारबहार थाना में दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। होटल में कुत्ते से कटवाने और तोड़फोड़ का यह मामला छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के तारबहार थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। यहां पुराना बस स्टैंड के शराब दुकान के पास मगरपारा में रहने वाले संदीप देवांगन उसका दोस्त संजू और विशाल पटेल शराब दुकान गए हुए थे। बाद में यह सभी गोलू पासी के होटल में पहुंचे जहां सामान लेने के बाद बिल को लेकर होटल मालिक और ग्राहकों के बीच तू-तू, मै-मै शुरू हो गई।

18 साल की उम्र में गंवाए हाथ, फिर पैर से कामयाबी की इबारत लिख उत्तराखंड का मजदूर बना मैनेजर

कोटा, एजेंसी। महज 18 साल की उम्र में दोनों हाथ गंवाने वाले 58 वर्षीय देवकीनंदन शर्मा ने परिस्थितियों से हार नहीं मानी और पैरों की उंगलियों से लिखना सीखा। कभी उत्तराखंड में पशु चराने का काम करने वाले शर्मा अपनी मेहनत के बल पर अब राजस्थान में एक एनजीओ में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

कोटा में 'भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति' के ऑफिस में देवकीनंदन शर्मा कागजात संबंधी काम करते हैं और केवल अपने पैर की उंगलियों का उपयोग करके डिजिटल रूप से सभी रिकॉर्ड रखते हैं। शर्मा ने कहा कि कागजात पिन करना मेरे लिए एक कठिन काम है क्योंकि इसमें बहुत मशक्कत और समय लगता है।

पारंपरिक तौर पर डेस्क पर काम करने के विपरीत देवकीनंदन शर्मा जमीन पर लकड़ी का एक चौड़ा फट्टा रखकर पैरों की मदद से कागजी काम करते हैं। इन कामों के साथ-साथ वह उसी लकड़ी के बोर्ड पर कंप्यूटर रखकर अपना काम अच्छे से करते हैं। शर्मा अपने पैर की उंगलियों से माउस और कीबोर्ड भी आसानी से इस्तेमाल कर

पाते हैं। शर्मा का कहना है कि वह स्कूल में एक प्रतिभाशाली छात्र थे और हमेशा एक ऐसी नौकरी का सपना देखते थे, जहां वह कागजी कामकाज कर सकें। शर्मा का जन्म और पालन-पोषण नैनीताल के शिलालेख गांव में हुआ था। उन्होंने कहा, ''मैं गणित और अंग्रेजी में बहुत तेज था और मेरा सपना था कि मुझे एक ऐसी नौकरी मिले जहां मैं ऑफिस में बैठकर कागजों पर साइन और लिखने-पढ़ने का काम कर सकूं। मेरा यह सपना तब टूट गया जब 1981 में एक दिन कॉन्ट्रैक्ट लेबर के रूप में काम करते समय मुझे बिजली का जोरदार करंट लगा और मैंने अपने दोनों हाथ गंवा दिए। तब में 8वीं क्लास में पढ़ता था।'' शर्मा कहते हैं कि अस्पताल से घर लौटने पर ग्रामीणों ने उन्हें बेकार समझ लिया। इसके बाद उन्हें जंगल में मवेशी चराने का काम दिया गया। उन्होंने उस समय का उपयोग अपने पैर के अंगूठे और उंगली के बीच एक पेड़ की टहनी को पकड़कर लिखने का अभ्यास करने में किया। छह महीने के नियमित अभ्यास के बाद, एक दिन उन्होंने जमीन पर एक कमल का फूल बनाया और हिंदी में उसे 'कमल' लिखा। इससे शर्मा को अपने पैर की उंगलियों के बीच पेन पकड़कर कागज पर अभ्यास करने का आत्मविश्वास मिला। आखिरकार अपने पैर की उंगलियों से कागज पर लिखने की इस कला में महारत हासिल करने में उन्हें आठ महीने का समय लगा, जिसके लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। शर्मा ने कहा कि मैंने पैर की उंगलियों के बीच कलम पकड़कर सबसे पहला पत्र अपने भाई को लिखा था, जो उस समय उत्तराखंड के अल्मोड़ा में तैनात थे। इससे आश्चर्यचकित होकर भाई ने मुझे पढ़ाई फिर से शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने भाई की सलाह मानी और 1986 में अपनी हायर सेकेंडरी की शिक्षा पूरी की।

आचार संहिता के बीच एक्शन में दिखा इलेक्शन कमीशन, छत्तीसगढ़ में 20 करोड़ हुए जब्त

रायपुर, एजेंसी। लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगने के बाद से लगातार इलेक्शन कमिशन छत्तीसगढ़ में हर एक वैध और अवैध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। निर्वाचन आयोग ने चुनावी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रत्येक जिलों में निगरानी दलों को सक्रिय कर दिया है। निर्वाचन आयोग का यह निगरानी दल लगातार बेहिसाब नगदी और अवैध सामग्रियों की जब्ती की कार्रवाई कर रहा है।

अब तक 20.40 करोड़ रुपये की हुई जब्ति

लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग हर तरह की सावधानी बरत रहा है। छत्तीसगढ़ में अलग-अलग जगहों पर चेक पोस्ट पर चेकिंग की जा रही है। छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग द्वारा दिए गए आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अब तक चेकिंग के दौरान जब्त किए गए सामान की कीमत 20.40 करोड़ रुपये है।

रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में बड़ी कार्रवाई

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अपूर्व प्रियश टोप्पो ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, अब तक 20.04 करोड़ रुपये का माल जब्त किया जा चुका है। जिसमें 4.82 करोड़ रुपये की नकद राशि, 37 लाख रुपये की शराब जब्त की गई है, लगभग डेढ़ करोड़ की दवाएं जब्त की गई हैं, 94 लाख रुपये की कीमती धातुएं और 12 करोड़ रुपये से अधिक के अन्य सामान जब्त किए गए हैं। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और महासमुंद में बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है और सबसे ज्यादा कार्रवाई आयकर विभाग ने रायपुर जिले में की है।

तमिलनाडु में मोदी की बड़ी लहर..., अन्नामलाई ने कहा- चार जून को होगी नए युग की शुरुआत

चेन्नई। तमिलनाडु में भाजपा प्रमुख और कोयंबटूर से पार्टी प्रत्याशी कप्पूसामी अन्नामलाई ने कहा कि तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बड़ी लहर चल रही है। हमें पूरा विश्वास है कि 19 अप्रैल को कोयंबटूर और तमिलनाडु के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अभिभूत लोग खुलेदिल से मतदान करेंगे।

भाजपा नेता अन्नामलाई ने गुरुवार को कहा कि आगामी चार जून को पीएम मोदी एक नए युग की शुरुआत करेंगे और उनके लिए चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवार जीतेंगे। भाजपा को कोयंबटूर में साठ प्रतिशत वोट मिलेंगे। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि वह सत्ता में केवल लूटने आए थे। उन्होंने 2024 के आम चुनावों में पीएम मोदी के नेतृत्व में राजग की सफलता पर पूरा भरोसा

जताते हुए कहा कि 400 से अधिक सीटें आएंगी। उन्होंने कहा कि देश का विकास तभी जारी रह सकता है जब नरेन्द्र मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए फिर से सत्ता में आएं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय दल विकास को नहीं समझते हैं। 2जी घोटाला यूपीए के शासनकाल में तब हुआ जब एक क्षेत्रीय दल ने एक कमजोर प्रधानमंत्री से मनमानी करवाई। विगत बुधवार को अन्नामलाई ने नामांकन से पहले एक रोड शो के साथ ही अरुल्मीगु कोनियामनन मंदिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उनके साथ विधायक वनाती श्रीनिवासन भी थे। अन्नामलाई ने कारुर से कांग्रेस के मौजूदा सांसद जोतामणि पर प्रहार करते हुए कहा कि उनकी तरह नेताओं को अपने चुनाव क्षेत्र में चुनाव से तीन महीने संसदीय क्षेत्र में नहीं देखना चाहिए। आपको ऐसे सांसद की जरूरत है जो 365 दिन आपके बीच रह सके और वैसे काम करे, जैसे उसे प्रधानमंत्री करने को कहें। भाजपा नेता ने संसदीय क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि यहां कई समस्याएं हैं। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है।

तमिलनाडु में दिखा भाजपा-तमिल मनीला कांग्रेस का भाईचारा, वेणुगोपाल के लिए अन्नामलाई ने किया प्रचार

श्रीपेरुमबुदुर, एजेंसी। तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने तमिल मनीला कांग्रेस उम्मीदवार वीएन वेणुगोपाल के लिए श्रीपेरुमबुदुर में चुनाव प्रचार किया। प्रचार के दौरान भाजपा नेता ने वेणुगोपाल की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि वेणुगोपाल के अलावा इस क्षेत्र का विकास कोई और नहीं कर सकता है। चुनाव प्रचार के दौरान श्रीपेरुमबुदुर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने कहा, अगर वीएन वेणुगोपाल के अलावा कोई और जीतता है तो इस निर्वाचन क्षेत्र में कुछ भी अच्छा नहीं होगा। श्रीपेरुमबुदुर एक उद्योग आधारित इलाका है। अन्नामलाई ने भाजपा सरकार की सराहना करते हुए द्रमुक पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने सब्सिडी दी है। उन्होंने किसानों को 45 लाख रुपये की राशि भी दी है, लेकिन द्रमुक सरकार किसानों के खिलाफ है। द्रमुक ने सिपकॉट (तमिलनाडु उद्योग निगम) के लिए किसानों से उनकी जमीनें ले ली। द्रमुक ने पेट्रोल-डीजल के दामों को कम करने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया। लेकिन इसी दौरान हमारे प्रधानमंत्री ने कीमतें कम कीं। अन्नामलाई ने कहा, तमिलनाडु के लोग राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ वोट देने जा रहे हैं।

हंसते-हंसते मंजूर कर लूंगी; अदालत में गुलाम हैदर की याचिका पर बोली सीमा हैदर

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान से अपने बच्चों के साथ रबूपुरा के सचिन मीणा के घर पहुंची सीमा हैदर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर के अधिवक्ता ने गौतमबुद्ध नगर न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराने के लिए अर्जी दाखिल की थी। न्यायालय में गुरुवार को याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने पुलिस को नोटिस जारी कर 18 अप्रैल तक जवाब मांगा है। गुलाम हैदर पक्ष के अधिवक्ता एडवोकेट मोमिन मालिक के मुताबिक सीमा, सचिन और नेत्रपाल के खिलाफ लगभग 20 धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। आरोप लगाया गया है कि सीमा, सचिन और नेत्रपाल ने गलत दस्तावेज के जरिए जमानत ली थी। अधिवक्ता द्वारा सीमा और सचिन की शादी को भी अवैध बताया गया है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए थाना जेवर पुलिस को नोटिस जारी कर जबाब मांगा है। सुरजपुर कोर्ट ने जेवर पुलिस से 18 अप्रैल तक जबाब देने को कहा है। पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर के अदालत पहुंचने के बाद सीमा हैदर का रिएक्शन भी सामने आया है। सीमा हैदर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा है कि उसके भविष्य का जो भी फैसला होगा वह उसे मंजूर होगा। सीमा हैदर ने कहा, लोग कहते हैं पछताएगी, लोग कहते हैं रोएगी, लोग कहते हैं ये करेगी... मैं कुछ नहीं करूंगी। जो भी फ्यूचर में मेरे लिए फैसला आता है मैं भगवान का फैसला मानकर मंजूर करूंगी हंसते-हंसते, मुस्कुराते हुए। जो मेरे भगवान जी ने लिखा होगा वह मुझे जरूर मिलेगा। मुझे विश्वास है अपने कृष्ण जी पर, जो भी होगा अच्छा होगा। गौरतलब है कि पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर अपने चार बच्चों को लेकर एक साल पहले अवैध तरीके से भारत आ गई थी। सीमा का दावा है कि पबजी गेम खेलते हुए उसे नोएडा के सचिन मीणा के साथ प्यार हो गया। दोनों ने पहले नेपाल में मुलाकात और इस दौरान शादी भी कर ली थी।

कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का निज्जर हत्याकांड पर नया बयान

ओटावा, एजेंसी। कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक बार फिर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड पर बयान दिया है। हालांकि इस बार उनके सुर बदले हुए नजर आए। गुरुवार को एक सवाल के जवाब में ट्रूडो ने कहा कि वे निज्जर की हत्या की जांच में भारत सरकार के साथ रचनात्मक सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं। ट्रूडो सरकार पर लगातार आरोप लगते रहे हैं कि निज्जर मर्डर केस में वह अपनी जांच पूरी करने के बजाय भारत पर अनर्गल आरोप लगाता रहा है। इस बार ट्रूडो ने कहा कि कनाडाई धरती पर उसी के देश के नागरिक की हत्या ऐसा मामला है, जिसे गंभीरता से लेना चाहिए।

कनाडा में केबल पब्लिक अफेयर्स चैनल (सीपीएसी) के अनुसार प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से पूछा गया था कि कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच में भारत से कैसा सहयोग मिल रहा है? जबकि उसने खुद भारत पर आरोप मामले

में संलिप्तता के आरोप लगाए हैं। ट्रूडो ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, कनाडा की धरती पर एक कनाडाई नागरिक की हत्या एक ऐसी घटना है जिसे हम सभी को बेहद गंभीरता से लेना चाहिए।

कनाडाई पीएम ने आगे कहा कि उसके वे आरोप जिसमें कहा गया कि भारतीय सरकार के एजेंट इसमें शामिल थे, ये ऐसे आरोप हैं कि जिसे हमने हल्के रूप में नहीं कहा है। कनाडाई नागरिकों को ऐसी साजिशों से बचाने के लिए हमारी जिम्मेदारी है।

भारी नुकसान हुआ है, नया पुल बनने में लगेगा लंबा वक्त: मैरीलैंड गवर्नर

न्यूयॉर्क, एजेंसी। बाल्टीमोर में हुए हादसे ने अमेरिका की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। 26 मार्च की सुबह एक कंटेनर जहाज की टक्कर के बाद फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज ढह गया। इस वजह से मैरीलैंड बंदरगाह के माध्यम से होने वाला व्यापार रुक गया है। अमेरिका का भारत, चीन, कनाडा और नीदरलैंड जैसे प्रमुख देशों से कोयला निर्यात बाधित होने की संभावना है। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर नया पुल कब तक बनकर तैयार हो जाएगा? मैरी लैंड के गवर्नर वेस मूर ने इसका जवाब दिया है।

गवर्नर वेस मूर ने क्या कहा?

मैरीलैंड के गवर्नर वेर मूर का कहना है कि पुल के पुनर्निर्माण में दिन या हफ्ते नहीं लगेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमारे सामने बहुत लंबी सड़क है। ये बातें साफ तौर पर साबित करते हैं कि गवर्नर मूर एक लंबे समय की तरफ इशारा कर रहे हैं। वेस मूर ने आश्वासन दिया कि इस मुश्किल समय में वे लोगों की देखभाल करेंगे।

गवर्नर ने आगे बताया कि यह सिर्फ मैरीलैंड नहीं बल्कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था का सवाल है। उन्होंने कहा कि यह बंदरगाह

अमेरिका के किसी भी अन्य बंदरगाह की तुलना में अधिक कृषि उपकरणों को संभालता है। पुल हादसे की वजह से कम से कम 8,000 श्रमिकों की नौकरियां प्रभावित हुई हैं। वेस मूर के अनुसार अमेरिका की अर्थव्यवस्था बाल्टीमोर के बंदरगाह पर निर्भर करती है। फ्रांसिस स्कॉट की पुल के ढहने से बंदरगाह पर होने वाला व्यापार रुक गया है। विशेष रूप से कोयला और कोबाल्ट का आयात निर्यात प्रभावित हुआ है। भारत, चीन, कनाडा और नीदरलैंड जैसे देशों से कोयला निर्यात बाधित होने की उम्मीद है। अमेरिकी राज्य मैरीलैंड के अंतर्गत आने वाले बाल्टीमोर शहर में मंगलवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। दरअसल, एक बड़ा कंटेनर जहाज डाली शहर के मशहूर फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकरा गया। टक्कर की वजह से वाहन और लोग पटप्सको नदी में गिर गए। जहाज बाल्टीमोर से रवाना हुआ था और श्रीलंका की राजधानी कोलंबो की ओर जा रहा था।

रोज एक अरब टन अनाज हो रहा बर्बाद, 80 करोड़ लोग सो रहे भूखे

20 फीसदी भोजन कूड़े में फेंका जा रहा

वाशिंगटन, एजेंसी। दुनियाभर में हर दिन एक अरब टन से अधिक भोजन बर्बाद हो जाता है, वहीं करोड़ों लोग भूखे सोने को मजबूर हैं। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की फूड वेस्ट इंडेक्स 2024 रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 1.05 अरब टन भोजन बर्बाद हो गया। करीब 20 फीसदी भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है।

खेत में उपज से लेकर थाली तक पहुंचने तक 13 फीसदी अनाज बर्बाद हो जाता है। कुल मिलाकर उत्पादन प्रक्रिया के दौरान लगभग एक तिहाई भोजन बर्बाद हो जाता है। इसके चलते रोजाना 80 करोड़ लोग भूखे रह जाते हैं। यूएन पर्यावरण कार्यक्रम की कार्यकारी निदेशक इंगेर एंडरसन ने कहा कि बाजार में उपलब्ध खाद्य उत्पादों का लगभग पांचवां हिस्सा

बर्बाद हो जाता है। ज्यादातर भोजन परिवारों की ओर से बर्बाद कर दिया जाता है।

खाने की बर्बादी वैश्विक त्रासदी एंडरसन ने कहा, भोजन की बर्बादी एक वैश्विक त्रासदी है। दुनियाभर में भोजन की बर्बादी के कारण वर्तमान में लाखों लोग भूखे हैं। यह समस्या न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डालती है, बल्कि जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के नुकसान पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के तहत दुनिया का लक्ष्य 2030 तक बर्बाद होने वाले भोजन की मात्रा को आधा करना है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में सबसे अधिक भोजन घरों में बर्बाद होता है, इसकी वार्षिक मात्रा 63.1 करोड़ टन है। यह बर्बाद हुए कुल भोजन का लगभग 60 प्रतिशत है। भोजन बर्बादी की मात्रा खाद्य सेवा क्षेत्र में 29 करोड़ टन और फुटकर सेक्टर में 13.1 करोड़ टन है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में हर व्यक्ति सालाना औसतन 79 किलो खाना बर्बाद करता है। यह दुनिया के हर भूखे व्यक्ति को प्रतिदिन 1.3 आहार के बराबर है। यूएनईपी 2021 से भोजन की बर्बादी की निगरानी कर रहा है। उसका कहना है कि समस्या अमीर देशों तक सीमित नहीं है। अनुमान है कि उच्च, उच्च मध्यम और निम्न मध्यम आय वाले देशों के बीच प्रति व्यक्ति वार्षिक खाद्य अपशिष्ट दर में केवल सात किलोग्राम का अंतर है।

बांग्लादेशी किशोर की न्यूयॉर्क पुलिस ने गोली मारकर की हत्या

न्यूयॉर्क , एजेंसी। पुलिस ने मानसिक संकट से जूझ रहे एक बांग्लादेशी किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार किशोर ने उन पर कैंची से हमला किया था और उसके पास अपनी रक्षा के लिए उसे गोली मारने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था। न्यूयॉर्क पुलिस गश्ती प्रमुख जॉन चेल ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बुधवार दोपहर 19 वर्षीय विन रोज़ारियो ने आपातकालीन पुलिस लाइन को एक कॉल किया।

चेल ने बताया कि पुलिस जब रोजारियो के घर पहुंची, तो उसने उन पर कैंची से हमला कर दिया। इस पर पुलिस ने उसे वश में करने के लिए टेसर का इस्तेमाल किया। लेकिन उसकी मां के हस्तक्षेप के कारण टेसर काम नहीं कर सका। गौरतलब है कि टेसर एक विद्युत उपकरण है, जो किसी व्यक्ति को वश में करने के लिए बिजली के झटके देता है। चेल ने कहा, रोज़ारियो ने कैंची उठाई और पुलिस के पीछे आ गया, ऐसे में पुलिस के पास अपना बचाव करने के लिए उसे गोली मारने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129